राजस्थान पुरातन ग्रन्थमाला

राजस्थान-राज्य द्वारा प्रकाशित

सामान्यतः अखिलभारतीय तथा विशेषतः राजस्थानदेशीय पुरातनकालीन
संस्कृत, प्राकृत, अपभ्रंश, हिन्दी, राजस्थानी आदि भाषानिबद्ध
विविधवाङ्मयप्रकाशिनी विशिष्ट-ग्रन्थावली

प्रधान सम्पादक

फतहसिंह, एम.ए.,डी.लिट्.
निदेशक, राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर

ग्रन्थाङ्क १००

राजस्थानी-वीर-गीत-संग्रह

द्वितीय भाग

प्रकाशक

राजस्थान-राज्याज्ञानुसार

निदेशक, राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान

जोधपुर (राजस्थान)

१९६८ ई०

वि० सं० २०२५ भारतराष्ट्रीय शकाब्द १८९०

प्रधान - सम्पादकीय

प्रस्तुत ग्रन्थ राजस्थानी वीर-गीत-संग्रह का द्वितीय भाग है। इसको प्रकाशित करके प्रतिष्ठान राजस्थान के उन अगणित वीर सैनिकों के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करने में अपना द्वितीय कदम उठा रहा है। पहले भाग में कुल १८६ गीतों का सम्पादन हुआ था, अब १५२ गीतों की दूसरी खेप राजस्थान के उन साधारण सैनिकों के चरणों में समर्पित है जिन्होंने अपूर्व वीरता और अदम्य साहस को प्रदर्शित करते हुए युद्ध-स्थल में वीरगति प्राप्त की थी और जिनके बलिदान के बिना उनके सेनापतियों एवं राजाओं को विजय-श्री प्राप्त होना असम्भव था। इन गीतों की रचनाओं के लिए वे चारण कवि भी हमारी श्रद्धा के पात्र हैं कि जिन्होंने बड़े-बड़े सेनानायकों और राजाओं की प्रशस्तियों के बदले सामान्य वीरों की अमरकीर्ति को अपने काव्य का विषय बनाया। धन्य है वह वीरभूमि राजस्थान, जहाँ वीरता और बलिदान के असंख्य उदाहरण तथा उनको उपस्थित करने वाले इतने चारण कवि आज भी अपने यश-सौरभ को इस प्रकार के गीतों के रूप में प्रस्तुत कर रहे हैं। भारत-भूमि को ऐसे वीरों तथा वीरगाथाकारों पर गर्व है, क्योंकि वे सचमुच उस उदात्त व्यक्तित्व का नमूना पेश करते हैं जो किसी भी राष्ट्र को गौरव प्रदान कर सकता है। ईश्वर से प्रार्थना है कि इन गीतों से शुद्ध वीरता की प्रेरणा लेकर हमारे नवयुवक स्वदेश की सेवा और सुरक्षा के लिए अपना तन, मन, धन न्यौछावर करने के लिए कृत-संकल्प हों। ऐसा होने पर ही हमारे देश में उस सच्ची स्वतन्त्रता और राष्ट्रीयता का जन्म होगा जिसके आलोक में व्यक्तिगत तुच्छ स्वार्थों को राष्ट्रीय हितों के लिए बिना किसी हिचकिचाहट के त्याग किया जा सकेगा।

इस ग्रंथ का सम्पादन जिस रुचि, लगन और परिश्रम के साथ श्रीसौभाग्यसिंहजी शेखावत ने किया है उसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। प्रत्येक गीत के साथ उसका सारांश तथा शब्दार्थ भी दिया गया है अतः यह ग्रंथ साधारण विद्यार्थियों के लिए बहुत उपयोगी बन गया है। आशा है विश्वविद्यालय तथा अन्य शिक्षा-संस्थायें अपने विद्यार्थियों में सेवा, त्याग और बलिदान की प्रेरणा भरने के लिए इसका उपयोग करेंगे और हमारा सुरक्षा-विभाग अपने वीर सैनिकों का हौंसला बुलंद करने के लिए इससे लाभ उठाएगा।

जयहिन्द, जयहिन्दी।

श्रावणी पूर्णिमा, सं० २०२५
जोधपुर

—फतहसिंह

विषय-सूची

भूमिका

राजस्थानी पद्य साहित्य में गीत छंद का महत्वपूर्ण स्थान है। राजस्थान के गौरवमय अतीत की लक्षाधिक गर्वीली घटनाएँ जिन्हें इतिहास, ख्यात और बात ने विस्मरण कर दिया वे गीतों में जीवित हैं। राजस्थान के विगत एक हजार वर्ष के इतिहास की कड़ियों को जोड़ने में गीतों के योगदान की उपेक्षा नहीं की जा सकती। राजस्थानी कवियों ने दोहा, सोरठा, गीत और कवित्त (छप्पय) के माध्यम से राजस्थानी संस्कृति का सवाक् चित्र अंकित किया है। दोहे और गीत का महत्व स्वीकार करते हुए कहा गया है —

गुणसागर दूहो धणी, गाह महेली सार।
गीत कवित प्रधानड़ा, बीजा पहरेदार।।

गीतों में गुणों का सागर दोहा राजा है, गाथा अन्तःपुर की शिरोमणि पट्टरानी है। गीत और कवित्त प्रधान मंत्री हैं और शेष अन्य छंद पहरेदार सैनिक हैं। उपर्युक्त कथन से छंदों में गीत का प्रधान स्थान निश्चित होता है। किन्तु राजस्थानी साहित्य के विशाल कोष का अवलोकन करने पर यह भली भाँति प्रकट हो जाता है कि दोहा, गाहा और कवित्त से गीतों का महत्व कहीं अधिक बढ़कर है। राजस्थानी कवियों को एक एक गीत पर ग्राम, जागीर, घोड़े, हाथी और लाख लाख रुपयों का पुरस्कार मिलना अन्य छंदों के स्थान पर गीत छंद का महत्व स्वतः ही प्रकट कर देते हैं। गीत की रचना, पाठशैली, साहित्यिक भाषा और ऐतिहासिक घटना-प्रसंगों के ताने-बाने के कारण सामान्य अशिक्षित समाज में दोहे से अधिक प्रसार नहीं हुआ किन्तु शिक्षित समाज में गीत की पूर्ण प्रतिष्ठा रही है। कीर्त्ति के स्थायित्व के लिए विशालकाय उत्तुंग राजप्रासादों, मंदिरों और धर्मशालाओं के स्थान पर गीतों को कहीं अधिक महत्व दिया गया है। यश के लिए 'कै गीतड़ा कै भींतड़ा' को चुनौती देते हुए कविश्रेष्ठ ईश्वरदास राठौड़ ने कहा है—

इम पूछै पाट पटंतर ईसर, मोजै सचूंप अत भला।
कळतै थकै दिहाड़ै कमधज, भींत भली कै गीत भला।।१।।
समवति कहै कलियाण समोभ्रम, नव सहसौ दाखै इम नोख।
भींतां तणा गोखड़ा भांजै, गीतां तणा न भांजै गोख।।२।।
छह गज कळी कांगरा छाजा, पड़ियां ढगल हुवै पाखांण।
भाखै कमध सुणो भूपतियां, कीरत महल अमर कमठांण।।३।।
अेहा वयण दाखवै ईसर, मांझी वंस तणा कुळ मौड़।
झड़सी महलां तणा झरोखा, रहसी गीत कहै राठौड़।।४।।

कीर्त्ति के लिए निर्मित महलों के कंगूरे, छज्जे, झरोखे और अट्टालिकाएं तो समय की चोट खाकर धराशायी हो जायेंगे पर गीतों में रचित यश-महल काल के थपेड़ों में भी नष्ट नहीं होंगे। उनको न शत्रु अपनी तोपों के गोलों से ढहा सकता और न वह अपने अधिकार में ले सकता। जल, वायु और विद्युत का प्रकृति कोप भी गीतों की इमारतों को नष्ट नहीं कर सकता। गीतों के बल पर चारण कवि लक्खा बारहठ, दुरसा आढा, जाडा मेहड़ू, शंकर बारहठ, कर्णीदान कविया, हुकमीचन्द खिड़िया, सांया झूला प्रभृति सहस्रों कवियों ने एक से अधिक 'लाख पासाव' प्राप्त किये थे। राजस्थान में केवल अकेले मारवाड़ (जोधपुर) राज्य में ही चारण कवियों को ३६३ ग्राम ३७६४००) रु० वार्षिक आय की भूमि प्रदान की हुई थी। महाराजा मानसिंह के गुरु लाडूनाथ ने कवियों को एक दिन में २५ हाथी दान में दिए थे।[२] मुगलकाल से लेकर स्वतंत्रता के पूर्वकाल तक की कोई ऐसी युद्ध और वदान्यता की घटना नहीं मिलेगी जिस पर एक से अधिक गीत न रचे गए हों। आधुनिक काल में भारतीय संस्कृति, सभ्यता, शिक्षा, आवास-निवास तथा आचार-व्यवहार में क्रान्तिकारी परिवर्त्तन होने के साथ ही गीतों का महत्त्व भी इतिहास की सामग्री मात्र रह गया है। इस काल में न गीत रचने वाले विदग्ध कवि रहे और न धैर्य्यपूर्वक श्रवण कर पुरस्कृत करने वाले काव्य-प्रेमी उदार मानव ही। युग के साथ राजस्थानी साहित्य की यह काव्य-शैली भी मृतप्राय: हो गई है। तभी तो किसी निराश गीतकार कवि ने वर्त्तमान युग का चित्रांकन करते हुए लिखा है—

> कवि पूछै प्रेम बतावो कोई, जावां कर उदमाद जठै।
> देसड़ले नर रया अदेवा, कीरत रा बरगाव कठै ॥१॥
>
> मौसर रण तरवार मारणां, देणां हरख रीझियां दान।
> रस जस करण खरीदण रूपग, दुनिया सिर सुजस री दुकान ॥२॥
>
> ठाकर अब रहिया चित मठिया, बुध सठिया करणां मुखवाद।
> पर उपगार न जांणै प्राणी, सुध बुध जाणग सरस सवाद ॥३॥
>
> ववता जस कारण वीतां रा, थिर जीतां रा बोल थया।
> पाछै रया विनां प्रीतां रा, गीतां रा रिझवार गया ॥४॥

कवियों के सम्मान के स्थान पर समाज में अब गीतों के प्रति कोई प्रेम नहीं रहा। कवि को अपने द्वार पर आया देख कर ऐसा भय मानने लगे जैसे कोई यमराज का अनुचर आ धमका हो। उत्साह, आल्हाद और उदारता लुप्त होकर कवियों के प्रति तिरष्कार की भावना फैल गई। उनके द्वार पर आगमन पर स्पष्ट कहा जाने लगा—

---

१. चारणोत्पत्ति परिपत्र कविराजा मुरारिदान, संवत् १९४० का प्रकाशन

२. बांकीदास री ख्यात, सं. नरोत्तमदास स्वामी, पृ. १७२

वीरारस तणो न भावै बरणण, नह भावै मीनूं जस नीत।
गरज नहीं म्हारै गीतां री, गढ़वा काय सुणावै गीत ॥१॥
मोद मचै कर चढ़ियां माया, माथा पच नह मोद मचै।
रच थारां घरकां रा रूपक, रूपग म्हारा काय रचै॥२॥
खोटौ हुवै किसूं गुण खोलै, गांठ बांधियां राख गुण।
बणियौ तूं कायब री वकता, कायब कुंता अठै कुण॥३॥
आखर बावन करे अेकठा, तैं कागळ लिख कीना त्यार।
लापर पणो कियो तो लड़िसूं, चिड़सूं दियूं न कोडी च्यार॥४॥

गीतकारों का निरादर तथा गीतों को वर्णमाला के बावन अक्षरों का एकत्रीकरण मात्र मानने के कारण गीत-लेखकों के वंशजों—जिनके पूर्वजों को हाथियों पर सवारी करवा कर शासक जलेब में चला करते थे, उनकी पालखियों को अपने कंधों पर कोसों तक कहार बन कर ढोने में गर्व का अनुभव करते थे—को खेतों के रक्षक कणवारिये, चौकीदार और सामान्य कोटि के सेवक के रूप में अपना जीवन-निर्वाह करने को बाध्य होना पड़ा। कवि-समाज की मनोवृत्ति और उसकी दशा का दयनीय वर्णन एक गीत में प्रकट है—

खाय प्रभाते राब सूं रोटी दिनूंगे ऊठ जाय खेत,
सोपो पड़्यां व्याळू वदी आवै सूर।
खिलाय हंसाय हाथ ताळी दे रिझाय खासा,
जो इसौ सुपात व्है तो राखल्यां जरूर॥१॥
काम पड़्या भाजी क्यूंही लियावे लेजाय कीणौं,
पीसो ना देण ना तम्बाखू पीणौं पेख।
नूंवौ धान कोरो चोणौं अलूणौं खाय ले नीको,
इसो पात व्है तो म्हांके खिन्दा देणो अेक॥२॥
धींणो सारो अंवेरे जांवण्या तावण्या धोये,
गळो ऊंचो तान टीप गावणां सो गीत।
पीर आठ खुसी रहे ना कोड़ी मनाणो पड़ै,
पात इसो भेजो पत खीलावणो पति॥३॥
कहा काम चाकर नै पैंली ऊठ आप करै,
खरो हूं को घर जारी रहे एक पांय।
देण लेण धाबो-लत्तो न चावे जूनां चांदोड़,
सुपात इसा नैं ऊभा उडीका छां आय॥४॥
वुजीसा कहै छै म्हांका पीर सूं बुलाल्यो बेटा,
हूं जाणूं छूं कोई पैदा अठै ही व्है जाव।
पैलां का सूं आवे ज्यां को कायदो राखणो पड़ै,
सारी आप जांणो म्हांको संकोजी सभाव॥५॥

आगे म्हांके बारेठजी काम नैं घणां छा आछा,
कई बातां जोग छा सुवार लेता काम ।
खेती काज करोड़्या हा बातां भी कहता खासी,
रोगल्या व्है गियां जरां ऊठाय लिया राम ।।६।।

गोलियां नैं छेड़ छाड़ डोढ़ी ऊभा खाता गाळ्यां,
रीझ रीझ कहता म्हांकी साळ्यां घणां रंग ।
हाथों हाथ कहता केई बेर कूट राळ्या हाळ्यां,
पीट ताळ्यां कहता कांई बीगड़्यो प्रसंग ।।७।।

परींडो जो हुवैं रीतो ले आवे ऊठाय पांणी,
ठुकरांणी कहै सो बणावे काम ठीक ।
आ ही चीत आंण रयी इसो कवि आंण मिळे,
जो इसो सुपात व्है तो राखल्यां नजीक ।।८।।

राजस्थान के स्वाभिमानी कवि की दुर्दशा की अभिव्यक्ति उपर्युक्त गीत में मिलती है । अन्ततोगत्वा वाणी-पुत्र को सरस्वती की आराधना से विमुख होकर कृषि के देवता बैल और हल की ओर उन्मुख होना पड़ा । उसने अपने गीतों को हल की नोक से भूमि में गाड़ दिया । गीत कवि की तीखी पीड़ा का स्वर निम्न गीत में फूट पड़ा है—

हरिया हळ हांक मती कर मन हठ, जांच किसन जो दाळिद जाय ।
अवरां नरां न मागै ऊणत, गीत फिटा कर फोग गुड़ाय ।।१।।
सखरा बळद हळां री सागत, कसी कुहाड़ो हाथ सही ।
जिण जिण आगळ फिरै जांचतो, नाई-वर सेवियो नहीं ।।२।।
फिरियो रिणी फतैपुर फिरियो, फिरियो बाव फळोदी दोय ।
बीकानेर हंसार विचाळै, कूवा जिसो न मिळियो कोय ।।३।।
आछा मेह हुवै ऊनाळू, सारी जिण सूं गरज सरै ।
चार महीनां करो चाकरी, कुस रो बाप निहाल करै ।।४।।

इस प्रकार समाज और गीतकारों में सरस्वती की साधना का जो उच्चादर्श था वह २१ वीं शताब्दी के प्रथम चरण में आकर समाप्त सा हो गया । गीतों के सर्जन के लिए जिस वातावरण और मनोभूमि की आवश्यकता थी, वह वातावरण बदल गया । जो गीत सोये हुओं को जगा देते थे, जागृतों को उठा देते थे, उठे हुओं को चलने के लिए प्रेरित करते थे, चलने वालों को जूझार बना देते थे और जूझारों को अमर कर देते थे वे आज स्वयं मर रहे हैं । वीर, शृंगार, वीभत्स, करुण, हास्य और शान्त रस की यह अनूठी निधि द्रुतता से विनष्ट हो रही है ।

प्रस्तुत वीर गीत-संग्रह में १५२ गीत छापे गए हैं। इन से राजस्थान के कतिपय अज्ञात योद्धा प्रथम बार प्रकाश में आ रहे हैं। कितनी ही युद्ध-घटनाओं की जानकारी भी इन के माध्यम से प्रकट हुई है। इतिहास के लिए तो ये महत्वपूर्ण साधन हैं। यहां हम एक दो घटनाओं पर सोदाहरण संकेत दे रहे हैं जिससे इतिहास की दृष्टि से गीतों की कितनी बड़ी उपयोगिता है, स्पष्ट हो जाएगा।

शाहजादा खुर्रम ने अपने पिता बादशाह जहांगीर के शासनकाल में राज्य प्राप्ति के लिए विद्रोह किया था। शाहजादे के पक्ष में तब मेवाड़ के महाराना अमरसिंह प्रथम का द्वितीय राजकुमार राजा भीमसिंह सीसोदिया टोडा का शासक था। वह दुर्घष वीर, कुशल राजनयिक और अनेक युद्धों का विजेता एवं युद्ध-कला-निपुण योद्धा था। हाजीपुर पटना के रणक्षेत्र में जब दोनों पक्षों में युद्धारंभ के लिए घोड़े, हथियार और जिरहबख्तर आदि अपने सैनिकों को दिए जाने लगे, उस समय राजा भीम ने एक कवच अपने विश्वस्त सहयोगी मानसिंह सीसोदिया के लिए सुरक्षित रक्खा। मानसिंह उस समय मेवाड़ में अपने घर गया हुआ था। राजा भीम की मानसिंह के लिए कवच की बात सुनकर वहाँ उपस्थित शस्त्रागार के अधीक्षक ने कहा कि मानसिंह यहां से एक सौ चालीस कोस की दूरी पर मेवाड़ में बैठा है और युद्ध प्रातःकाल होने वाला है। वह युद्ध में कैसे सम्मिलित हो सकता है ? यह सुन कर राजा भीम ने कहा कि मानसिंह ने मुझे वचन दिया था कि युद्ध के समय दोनों सेनाओं के मुकाबिले तक मैं अवश्य उपस्थित हो जाऊँगा। मेरे लिए एक अच्छी जिरह तैयार रक्खी जावे। यही हुआ, जिस समय दोनों ओर की सेनाएँ शस्त्र-संघात के लिए घोड़ों की लगामें उठाने ही वाली थी कि मानसिंह मेवाड़ से प्रस्थान कर सीधा रणक्षेत्र में पहुँचा और उसके लिए रक्खा गया कवच धारण कर राजा भीम के साथ जूझता हुआ धराशायी हुआ। वचन-निर्वाह के ऐसे अनेक प्रसंग गीतों में सहजता से उपलब्ध होते हैं। उक्त युद्ध-घटना पर प्रसिद्ध कवि दुरसा आढ़ा रचित गीत देखिए—

मेवाड़ थकां पूरब गढ़ माल्है, अईयो सकत-हरा उनमांन।
जग परदेस जीवबा जावै, मरवा गयो करारो मांन ॥१॥
मांटी पणो तुहाळो मानां, रहियो घणौं घणा दिन रोस।
कोस हेक मरबा जावै कुंण, कंवळो गयौ हजारां कोस ॥२॥
मानसिंघ धिन धिन मेवाड़ा, अत प्रब भीम तणौ अवसांण।
जोळा हुवै घणां नर जीबा, भेळो हुवो समोभ्रम भांण ॥३॥

पोह वदियौ जहंगीर पातसाह, कहियौ धिन रांणै करण।
ऊगतां सूरज जिम ऊगौ, मानसिंघ वाळौ मरण ॥४॥

जीवित रहने के लिए लोग विदेशों में जाते हैं किन्तु मरने का निश्चय कर विदेश में प्रयाण करने की घटनाएं विरल ही मिलेंगी। वीर-गीतों ने इस कोटि की अनेकानेक घटनाओं को अपने अन्तराल में छिपा कर रक्खा है।

द्वितीय प्रसंग मारवाड़ के जसवंतपुरा परगने के लोहियाणां ठिकाने के युवक कुंवर नरपाल देवल के युद्ध का है। नरपाल २५ वर्ष की आयु में शाही सेना के ५६० सैनिकों को मार कर रणभूमि में खेत रहा था। प्रसंग है कि एक दिन नरपाल के पिता राव धींगाजी दरबार किए हुए बैठे थे, उस समय जालोर की ओर के एक चारण ने आकर अभिवादन किया और सिवाणा के पास एक पथिक राजपूत ने किसी वैश्य की स्त्री को दस्युदल द्वारा लूटने से बचाने की घटना का वृत्तान्त सुनाया और कहा कि वह चार लुटेरों को मार कर स्वयं अपने अंगरखे के पल्ले से कटार पोंछ कर वहीं धराशायी हुआ। राव धींगा ने उस योद्धा के सिर कट पड़ने के पश्चात अंगरखे के छोर से कटार का मज्जन कर म्यान में डालने की बात सुनकर बड़ी सराहना की। राव ने कहा—राजपूत हो तो ऐसा हो वीर हो। इस चर्चा के समय राव धींगा का इकलौता कुंवर भी वहां उपस्थित था। उसने झट से चारण से प्रश्न किया कि कटार को भीतर के पल्ले से साफ किया अथवा बाहर के। इस पर रावजी ने अपने पुत्र पर रुष्ट होकर कहा कि उस राजपूत की वीरता में कोई कमी नहीं है और ऐसे ही वीर हो तो तुम सिर कटने पर भीतर के पल्ले से कटार साफ कर म्यान में डालना। कुंवर ने अपने पिता के मुख से ऐसे शब्द सुनकर प्रतिज्ञा की कि तीस वर्ष की आयु में ऐसा ही करके दिखाऊंगा। अन्त में वह पच्चीस वर्ष की वय में सैयद (अब्दुला खांन[1]) की सेना से लड़ अपनी प्रतिज्ञा को पूर्ण कर स्वर्ग गया। इस तथ्य की पुष्टि का निम्नोक्त गीत पठनीय है—

कियौ वाद हाथे जिकां बात इतरी कही,
दादि जिण दात री जगत दीधी।
सीस पड़ियां पछै हेक अरि साझ नैं,
कटारी मांजि नै म्यान कीधी ॥१॥

पला बिहुवां तणी विगत पड़ी पारियै,
जुगति करि पूछणौ पड़ी जाहरां।
वायदे अहोड़ौ रीस करि बोलियौ,
तूं करै वधोगति लड़ै ताहरां ॥२॥

बरस तीसां तणो तांम कीधो बचन,
परत नह जीवणो जिकै पूठां ।
कांचळी तणा दे बंध बाई कह्यो,
छापिया जिकै में पांच छूठा ॥३॥

देवळां छात बडगात इम दाखियो,
दुरावां बात तो बुरा दीसां ।
देस में राख चीतौड़पत दीजियै,
बचन मारण तणो सात बीसां ।४॥

सांभळे बात चीतौड़पत सांकियो,
सीख द्यो परी कह बचन सूधा ।
दिली जवनेस गुजरात दिस जावतां,
राह पतसाह रा जाय रूधा ॥५॥

घणां दिन आवसी असुरां घरे,
राज में घणा दिन साद रहसी ।
वाद कीधां बिना सयदि क्यूं कर बहै,
वाद कीधां थकां सयदि वहसी ॥६॥

अेक थपि आप री चियारि थापा असुर,
लिखवै किया सर दुसर लड़िया ।
सात बीसी तणै पाखती सैंद रा,
पांच सै साठि रणखेत पड़िया ॥७॥

अभंग घींगा तणो वीर इम उरड़ियो,
भेजियो सनेसो फौज भांजे ।
कमळ पड़ियां पछै मारि अरी म्यान कीधी,
मांहिले पलै तरवारि मांजे ॥८॥

वजन नरपालदे भलो निरवाहियो,
उरड़िया सैंद रा साथ अतरा ।
मारियो हेक तरवारि हूंते मुगल,
साभिया कटारी हूंत सतरा ॥९॥

पूंजियो ससो वाप नर पठायो,
ऊपड़िया फजर घर सूर ऊगो ।
भांजवो जिको भड़ चवां किसूं भड़ां,
पाधरै सैंद रा सुरग पूगो ॥१०॥

इस प्रकार गीतों में अनेक रोचक ऐतिहासिक प्रसंग समाहित पड़े हैं, जिन के विषय में ख्यातें तथा बातें तक मौन हैं । साहित्य और इतिहास की गीत अमूल्य धरोहर है ।

इस संग्रह में प्रकाशित गीत राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर, राजस्थानी शोध संस्थान चौपासनी, कुं. देवीसिंहजी मंडावा संसद सदस्य, कुं. सवाईसिंहजी धमोरा आकाशवाणी, जयपुर, ठाकुर सुर्जनसिंहजी झाझड़, कविराव मोहनसिंहजी, उदयपुर तथा मेरे अपने निजी संग्रह से चुने गए हैं। मैं इन सहृदय बंधुओं एवं संस्थाओं के निदेशकों के प्रति कृतज्ञता- प्रकाश करना कर्त्तव्य समझता हूँ।

राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान के निदेशक साहित्यमर्मी विद्वान् श्रद्धेय डा० फतहसिंह जी ने राजस्थान के कतिपय वीरों के काव्य-चरित्र को प्रकाश में लाने के लिए मुझे जो अवसर प्रदान किया, उसके लिए मैं डा० साहब का अत्यन्त आभारी हूँ तथा प्रकाशन-तत्परता के लिए साधना प्रेस के साहित्य-प्रेमी व्यवस्थापक श्री हरिप्रसादजी पारीक का कृतज्ञ हूँ।

भगतपुरा (खूड़)
३० जून, १९६८

सौभाग्य सिंह शेखावत
सम्पादक

राजस्थानी वीरगीत-संग्रह

भाग २

१. गीत ठाकर सूरतसिंह चहुवांण रो

तैंडा जोवसी रे खळ आज तमासो, पैंडां रोप खड़ा जुद्ध पग्गा ।
अैंडा बोलणहार अनम्मी, बैंडा जाग त्रम्बागळ बग्गा ॥१॥

भालां कूर अचल्ला भारथ, समळां बागी सोक सरग्गां ।
भीक ऊडांण दियै रण भाला, काळा बावळ खाग करग्गां ॥२॥

आई फौज चाल तो ऊपर, रे जसबोल सबोळ रहल्ला ।
साहे दळां मछरीक हमैं अम, गाहै दळां खग बोह गहल्ला ॥३॥

वीर विच्चखण कीत तणो वर, ढाहण खाग अरिंदा ढूको ।
नाथ तणो सुरतेस नूभै नर, चित ठीक नहीं कुळ रीत न चूको ॥४॥

जेज न कीध ऊंतावळ जूटो, बावळ फौजां ही थाट विभाड़े ।
आयो काम महि थट ऊपर, चावळ वंस चुहाणां चाडे ॥५॥

---

१. गीतसार–गीतकार ने ऊपर लिखित गीत में सूरतसिंह नामक चौहान वंशीय योद्धा का युद्ध-वर्णन किया है। सूरतसिंह चितभ्रमता की व्याधि से अस्वस्थ रहता था। किन्तु शत्रुओं के आ जाने पर उसने उनसे शस्त्र बजा कर अपने कुल-धर्म का पालन कर वीर-गति प्राप्त की। कवि उसे सचेत करते हुए कहता है कि हे अंड-बंड बोलने वाले वीर सूरतसिंह ! युद्ध-वाद्य बज रहे हैं। उठ, जाग और युद्धार्थ पैर रोप कर डट जा और शत्रु को रण क्रीड़ा का कौशल दिखा ।

---

१. तैंडा – तेरा। जोवसी – देखेंगे। खळ – वैरी। तमासो – खेल। पैंडा – मार्ग। अैंडा – अंडबंड, प्रलाप। बोलणहार – बोलने वाले। अनम्मी – अनम्र, वीर, किसी के बंधन को न सहने वाला। बैंडा – पागल, चितभ्रम। त्रम्बागळ – तांबे के पेंदे के नगाड़े। बग्गा – बजने लगे।

२. कूर – कुटिल, दुष्ट। अचल्ला – अविचल, अडिग। भारथ – युद्ध। समळां – चिल्हादि पक्षियों, देवी। बागी – हुई, बजी। सोक – ध्वनि। सरग्गां – शरावलि की, स्वर्ग की ओर। भींक – शस्त्रों की झड़ी। उडांण – उड़ाने को। भाला – हाथ का संकेत। काळा – वीर। बावळ – पागल, उन्मत्त। खाग – खड्ग। करग्गां–हाथों।

३. चाल – चलकर, प्रस्थान कर। तो ऊपर – तेरे पर। जसबोल – यश के वचन। रहल्ला – रहेंगे। मछरीक – चहुवान। हमैं – अब। गाहै – विलोड़न कर। वाहे – चलाकर। गहल्ला – पागल, कीर्तिकथा।

५. जेज – विलम्ब। कीध – की। ऊंतावळ – शीघ्रता से, तत्काल। जूटो – भिड़ गया। बावळ – पागल। थाट – समूह। विभाड़े – संहार करे। आयो काम–काम आया, मारा गया। चाडे – चढ़ाकर।

२. गीत ठाकर जवानींसिंघ पालड़ी री

सत्रां गाहतो गैजूहां ढाहतो वाहतो सार,
महाचंडी भूवळां साहतो आसमांण ।
चत्रबाहां आरोहतो चाहतो अचूंडा चौज,
ऊ आयौ जवानींसिंघ थाहतौ आरांण ॥१॥

चलातौ ससत्रां पत्रां तातौ रत्र पातौ चंडी,
मांसा ग्रीध घपातौ वणातौ रुद्रमाळ ।
लाखां चमू भ्रमातौ वीजेस छळी आभ लागौ,
तंडळां उड़ातौ खळां वागौ निराताळ ॥२॥

पड़ै रीठ पांडीसां गरीठ घज्र भालां पूर,
घीठ सूर जड़ै वज्र आवधां ओधार ।
ऊघड़ै वरम्मा कड़ां नत्रीठा विछोड़ै अंगा,
जठै आकारीठ दूदौ आहुड़े जोधार ॥३॥

---

२. गीतसार—गीतकार ने इस गीत में ठाकुर जवानींसिंह मेड़तिया, पालड़ी के स्वामी के युद्ध में वीरगति प्राप्त करने का वर्णन किया है। जवानींसिंह ने मेवाड़ में मरहठों के विरुद्ध युद्ध में भाग लिया था। कवि ने युद्ध में तलवारों की बौछार, भालों के प्रहार, कवचों के टूटने और वीरों के अंगों के कट कर गिरने आदि का चित्रोपम वर्णन किया है ।

---

१. गाहतो – मथता, नाश करता। गैजूहां – गजसमूहों को। ढाहतो–गिराता। वाहतो–चलाता। सार – तलवार, शस्त्र। साहतो – उठाता। चत्रबाहां – घोड़े, सेना। आरोहतो – चढ़ता। अचूंडा – भयावना। चौज – मौज, उमंग, विनोद। थाहतो – थाह लेता। आराण – युद्ध ।

२. ससत्रां – शस्त्रों को। पत्रां – पत्र, खप्पर। तातौ – ताजा, गर्म, सद्य। रत्र–लोहू। पातो – पिलाता। ग्रीध – गृद्ध। घपातौ – तृप्त करता। वणातो – बनवाता। रुद्रमाळ – शिव की मुण्डमाला। चमू – सेना। भ्रमातौ – भ्रमित करता। छळी – युद्ध, छल, लिए। आभ लागौ – आकाश को छूता। तंडळा–टुकड़े, मस्तक। खळां – शत्रुओं के। वागो – लड़ने लगा। निराताळ – निर्विलम्ब, अनवरत ।

३. रीठ – शस्त्रों की बौछार। पांडीसां – तलवारों की। गरीठ – भयंकर, हाथी। घज्र – योद्धा, घोड़े। घीठ – ढीठ, वीर। आवधां – आयुधों। ऊघड़ै – खुले। बरम्मा – वर्मों, कवचों। कड़ा – कड़ियाँ। नत्रीठां – अधीर। बिछोड़ै – छोड़े, भिन्न होते हैं। जठै – जहाँ। आकारीठ – महावीर, युद्ध। दूदौ – दूदावत जवानींसिह। आहुड़े – जोश में भर कर टक्कर ले ।

३. गीत रावत अजीतसिंघ, कानौड़ रा भाला रौ

भरळ तेज उडगांण अणी विकटां भळक, पांण घांण बांण अत जहर पायो।
वहै दइवांण रो धांस जवनां विचै, अरचां सिर जांण बीजांण आयो ॥१॥

अभक अहराव फुण हूंत झाळां अजर, क्रोधवंत जटाधर नेत केहो।
प्रबळ भुज धारियां प्रसण हुंत ऊपरां, अजा रो कूंत जमराण अेहो ॥२॥

बांण पाराथ तणौ जांण वीरोध रौ, विखम थट रोध रौ कियां बांसो।
जबर भुज धारियां हणूं बळ जोध रौ, धमक भुजधारियां अरुण धांसो ॥३॥

जगाहर हूंत धक जांण बीजांण रौ, घाट रै संमी कुंण बाथ घाले।
राखणौ धरा रिछपाळ दीवाण रै, सेल अरियांण रै हिये साले ॥४॥

---

३. गीतसार—उपरोक्त गीत में कवि ने कानौड़ के रावत अजितसिंह के भाले की प्रशंसा करते हुए लिखा है कि अजितसिंह का भाला अति चमकीला तथा उड़ने की शक्ति वाला है। उसकी नोंक अति विकट तथा चमकदार है। वह घड़ते समय विष में बुझाई गई है। जब वह यवन शत्रुओं पर चलता है तब ऐसा आभास होता है मानो बिजली टूट पड़ी हो।

---

१. भरळ – अति चमकयुक्त। उडगांण – उड़ने की शक्ति युक्त, तारागण। अणी – नोंक। भळक – कान्ति युक्त। पांण – घड़ने के बाद तेज करने के लिए पानी अथवा तेल आदि में बुझाने का भाव। घांण – युद्ध, नाश। जहर – विष। पायो– पिलाया हुआ, बुझाया हुआ। वहै – चलता है। धांस – भाला। दइवांण रो – दिवान को, योद्धा का। अरचां सिर – वैरियों पर। जांण – मानो, जानो। बीजांण – बिजली, वज्र।

२. अभक – चंचल, व्याकुल, छेड़ा हुआ। अहराव – सर्प, कालियनाग। फुण हूंत – फन से। झाळां – ज्वाला। अजर – असह्य, जो हजम न हो सके, जरा रहित। जटाधर – शिव। नेत – नेत्र। प्रबळ – प्रबल। प्रसण – वैरी। अजा रो – अजितसिंह का। कूंत – कुंत, भाला। जमराण – यमराज। अेहो – ऐसा।

३. पाराथ तणौ – अर्जुन को। विखम – विषम, भयानक। रोध रौ – रोकने वाला, रौद्र का। बांसो – डंडा। हणूं – हनुमान। बळ – बल, शक्ति। जोध रौ – योद्धा को। अरुण – लाल, रक्तरञ्जित। धांसो – भाला।

४. जगाहर – जगतसिंह के पौत्र। संमी – सामने। कुंण – कौन। बाथ घाले – भुजाओं में पकड़े। राखणौ – रक्षक। दीवाण रै – महाराणा के। अरियांण – वैरियों। हिये – हृदय में। साले – चुभता है, खटकता है।

४. गीत राव रायसिह राठौड़ रा झाला रौ

धनि धनि सुत चंद वाहतां धजवड़, हूवतां अरि मारे उर हूंत ।
ऊकसतां धसतां ओल्हसतां, कसतां वर्ण विकसतां कूंत ॥१॥

राणव राव वदै धन रासा, मारि मारि कहि करता मार ।
छोह दुसार वड़ड़तां छड़तां, पड़चड़ करता सेलड़ा पार ॥२॥

रिम ऊझेल झेलतां रासा, थाट थड़ंव ठेलतां अठेल ।
धन नर निडर नहसतां धसतां, सौं सर जहर पहरतां सेल ॥३॥

—झाला सांदू री कह्यौ

---

४. गीतसार—उपर्युक्त गीत अजमेर-मेरवाड़ा के भिनाय ठिकाने वालों के पूर्वज राव रायसिंह चंद्रसेनोत राठौड़ पर रचा हुआ है। गीतकार ने इस गीत में रायसिंह द्वारा किसी युद्ध में शत्रुओं को संहारने का वर्णन किया है। वह लिखता है कि चन्द्रसेन-तनय रायसिंह धन्य है जिसने शत्रु द्वारा अपने हृदय में तलवार की नोंक घुसाते समय घायल होते हुए भी शत्रु को मार डाला।

---

१. सुत चंद – राव चंद्रसेन के पुत्र, राव रायसिंह। वाहतां – चलाते, वार करते। धजवड़ – तलवार। हूवतां – तलवार का प्रहार विशेष करते। अरि – वैरी। उर – हृदय। हूत – से। ऊकसतां – निकलते। धसतां – प्रवेश करते। ओल्हसतां – बचाव करते, ओट करते। कसतां – खेंचते, कसते। कूंत–भाला, बर्छा।

२. वदै – कहते हैं। रासा – रायसिंह। छोह – उत्साह, जोश। दुसार – द्विभाग वाला भाला, तलवार। छड़तां – चलाते। पड़चड़ – शीघ्रता से। सेलड़ा – सेल, बलम।

३. रिम – शत्रु। ऊझेल – प्रहार, चोट। झेलतां – सहन करते, अपने ऊपर लेते। थाट – समूह। ठेलतां – धकेलते। अठेल – अडिग, जो धकेले न जा सकें। नहसतां – नाश होते, मरते। धसतां – प्रवेश करते। कहर – विपत्ति, संकट। पहरतां – चुभते सेल – भाला।

५. गीत महाराजा जसवंतसिंघ राठौड़ रा भाला रौ

सकज वाहतौ सेल अणठेल नवसांहसौ, खेलियौ खेल खत्रवाट रौ खूब ।
छोह लागे जसै झोरियौ छत्रपती, मोकळा लोह रै बोह महबूब ॥१॥

कूंत पावाहतौ ढाहतौ केवियां, अजड़ रांमत रमै कमंध त्यारां ।
गजण रै नांखिया बाज मचती गहण, सूरहर आभरण पूर सारां ॥२॥

धीविया छड़ाळां किता लोटै धरा, प्रगट रजपूत वट दाख पूरे ।
माल दूजै वधे महाजुध मेळियौ, खाग अणियां तणै बाज खूरे ॥३॥

वाहि चौधार अरि ढोहिया पार विण, रूक साराहियौ दहूं राहां ।
गवाड़े पवाड़ा जसौ धरिया गुमर, समर गांजे व्हौ पातसाहां ॥४॥

—सूजा कवि रौ कह्यौ

---

५. गीतसार—गीतकार ने इस गीत में जोधपुर के महाराजा जसवंतसिंह प्रथम के भाले की प्रशंसा की है। कवि कहता है कि नवसहस्र ग्रामों के स्वामी जसवंतसिंह ने शत्रुओं के शस्त्रों की बौछारों के मध्य अपने महबूब नामक अश्व को आगे बढ़ाकर उन पर भालों के प्रहार करने प्रारम्भ किए ।

---

१. वाहतौ – प्रहार करता, चलाता । अणठेल – स्थिर चरण, अडिग । नवसांहसौ – नव हजार गाँवों का अधिपति, महाराजा जसवंतसिंह । खेलियौ – क्रीड़ा की । खत्र-वाट रौ – क्षत्रियत्व को । छोह – क्रोध, जोश, उत्साह । जसै – महाराजा जसवंतसिंह । झोरियौ – झोंका । मोकळा – घना, बहुत । लोह रै – शस्त्रों के। बोह – घोड़ा, बहने वाला, प्रहारों में । महबूब – घोड़े का नाम ।

२. कूंत – भाला । आवाहतौ – वार करता । ढाहतौ – गिराता, नाश करता । केवियां – दुश्मनों को । अजड़ – तलवार द्वारा । रांमत – क्रीड़ा । रमै–खेलता। कमंध – राठौड़, महाराजा जसवंतसिंह । त्यारां – तब । गजण रै – गजसिंह के पुत्र । नांखिया – डाले, झोंके । बाज – घोड़े । गहण – युद्ध । सूरहर – सूरसिंह का पौत्र । आभरण – आभूषण ।

३. धीविया – चुभाए हुए, घायल हुए । छड़ाळां – भालों से । किता – कतिपय । रजपूत वट – क्षत्रियत्व की ऐंठ या बल । माल दूजै – द्वितीय मालदेव ने । मेळियौ– भिड़ाया, मिलाया । खाग अणियां – तलवारों की नोकें । खूरे – सुम, सैन्य समूह ।

४. वाहि – प्रहार कर । चौधार – भाले विशेष । अरि – वैरी । रूक – तलवार । गवाड़े – गायन, गान करा कर । पवाड़ां – प्रशंसा-काव्य । गांजे – भाले, गर्व खर्वित कर ।

६. गीत महाराणा जवानसिंघ रा भाला रौ

सालौ सीमाड़ां श्रोयणां आलौ भाण रौ कणेठी सोहे,
दकालौ काळ रौ भैरवाण रौ डचाक ।
विलाला पाण रौ दूत नाथ रौ हाक वाळौ,
भालो श्री राण रौ भूतनाथ रौ भचाक ।।१।।

वज्र री ताप कै पांखां धारियां सांप कै वेखौ,
अरिंदां पाप कै प्रळै धाप कै अमाप ।
गढ़ां जैत डायणी बाप कै जवान रौ गांजो,
सिंघ री थाप कै संभूनाथ रौ सराप ।।२।।

जाजुळी धाराळ नारसिंघ री सटा रौ जायौ,
प्रळैकाळ घटा री छटा रौ जायौ पूत ।
रिमां धू उथाळौ चंडी रीस री रटा रौ जायौ,
भालो किनां ईस री जटा रौ जायौ भूत ।।३।।

---

६. गीतसार—उपरोक्त गीत महाराणा जवानसिंह के भाले की प्रशंसा में रचित है। गीतकार महाकवि सूर्यमल्ल मिश्रण ने महाराणा के भाले को यमराज की चुनौती, वज्र का आतप, पंखधारी सर्प का प्रहार, सिंह की थप्पड़ और शिव का शाप आदि के रूप में चित्रित किया है।

---

१. सालो – शल्य, चुभने वाला। सीमाड़ां – सीमावर्त्ती। श्रोयणां – शोणित, लोहू। आलो – गीला, भीगा हुआ। कणेठी – अनुज, कनिष्ठ। दकालो – गर्जना, दहाड़। डचाक – मुख, बटका। हाकवाळौ – दहाड़ वाला। भचाक – भच ध्वनि करता हुआ, प्रहार करने वाला।

२. पांखां धारियां – पंख आया हुआ, उड़ने वाला। वेखौ – देखे। अरिंदां – वैरियों का। प्रळै – प्रलय। धाप – तृप्ति। अमाप – अपरिमित, अपार। जैत – जीतने वाली। डायणी – प्रेतिनी। जवान रौ – महाराणा जवानसिंह को। गांजो – भाला। थाप – थप्पड़।

३. जाजुळी – प्रज्वलित, तेजस्वी। धाराळ – धारा वाला। सटा रौ – गर्दन के केश। जायौ – जन्मा हुआ। छटा रौ – विद्युत को। रिमां धू – शत्रुओं के मस्तकों को। उथाळौ – उन्मूल करने वाला, उलटने वाला। चंडी रीस – चण्डिका के क्रोध, पार्वती के कोप। रटा री – टक्कर, रटक, कथन। किनां – किंवा। ईसरी – रुद्र, शिव की। जटा रौ – जटा का। जायौ पूत – जन्मा हुआ पुत्र, वीरभद्र। भूत – गण, प्रेत।

कीरती लहेवौ धाकां दहेबौ द्रोयणां कुलां,
छाजै तोनूं अहेबौ छडाळौ हिंदू छात।
साहै जेण बेळां धूजै सातों ही काफरी सूबा,
बांहै जेण बेळां धूजै सातों ही बिलात ॥४॥
—कविराजा सूरजमल्ल मीसण रौ कह्यौ

७. गीत महाराणा भीमसिंघ रा भाला रौ

समर पतीजा बीज बरसाळ रा सार सौ, झाळ रा वतीजा असौ झाळो।
तेज पुंज भाळ रा नयण तीजा तसौ, भतीजा काळ रा जसौ भालो ॥१॥

अनड़ घड़ कुराड़ा राम अहनाण रै, ताणजै सराड़ा करण तेहो।
बैरियां बराड़ा पाड़ बाखांणजै, जाणजै मुराड़ा भूत जेहो ॥२॥

बजर पड़ियाळ बागां बजर बेढ़ री, भवानी चकर भड़ियाळ भाळो।
फोड़ कड़ियाळ पैली तरफ फरहरै, असौ छड़ियाळ भीमेण वाळो ॥३॥

---

७. गीतसार—यह गीत महाराणा भीमसिंह सीसोदिया, मेवाड़-नरेश के भाला शस्त्र की प्रशंसा में कथित है। कवि ने भाले को वर्षाकालीन विद्युत, ज्वाला की लपट, रुद्र के तृतीय नेत्र और यमराज के भतीजे के सदृश अमोघ प्रभावकारी बताते हुए उसकी सराहना की है।

---

४. लहेवो – प्राप्त करना। धाकां – आतंक से। दहेबौ – दहन करना। द्रोयणां कुलां – शत्रुता रखने वाले वंशों। छाजै – शोभा दे। अहेबौ – ऐसा। छड़ाळौ– भाला। साहै – उठावे। जेण वेळां – उस समय। धूजै – कांपने लगते हैं। बिलात – विलायतें।

१. समर – संग्राम। पतीजा – विश्वास देने वाला। बरसाळ रा – वर्षा ऋतु का। सार सौ – विजल सार का। झाळ – अग्नि। वतीजा – लपट, वत्ती। असौ – ऐसा। भाळ – ललाट। नयण तीजा – तीसरा नेत्र, शिव। तसौ – तैसा, जैसा। काळ रा – यमराज का। जसौ – जैसा।

२. अनड़ – बंधन में न आने वाला, अनम्र। कुराड़ा – कुल्हाड़ा, परशु। राम – परशुराम। अहनाण – चिन्ह। ताणजै – खेंचने पर। सराड़ा – बाण, शरावलि। बराड़ा – जबरदस्त। मुराड़ा – प्रेत द्वारा प्रज्वलित अग्नि। भूत–प्रेत। जेहो–जैसा।

३. बजर – वज्र। पड़ियाळ – युद्ध, तलवार। बागां – बजने या चलने पर। वेढ़ री– युद्ध की। भवानी – दुर्गा। चकर – चक्रायुध। भड़ियाळ – मुकाबिला करने पर। कड़ियाळ – कवच। पैली तरफ – उस ओर, इधर से उस पार। छड़ियाळ – भाला। भीमेण वाळो – महाराणा भीमसिंह का।

तण अड़स उदैपुर नाथ सरजात रौ, भक उडण वाज रौ कुडण भांजो।
अजब अणियां भमर साल खळ आज रौ, गजब जमराज रौ कंवर गांजो ॥४॥

डगे पग लगां जांणै भुजंग डांडियौ, सुरंग रंग चाडियौ श्रोणगारी।
वार बरछी कही खळां विप वांडियौ, बीनड़ी काडियौ हाथ वारी ॥५॥

नाग जूटौ किनां निसा तूटौ नखत, चळां सूं बांण खूटौ चलावै।
कूंत छूटौ अठी हूंत जम कौ धकौ, उठी फूटौ थकौ नजर आवै ॥६॥

दुधारौ भुजां दरसाय दीवांण रै, जांण रै आप छत्र छटा जागी।
खुधा रत दमंग झड़वाय खुरसाण रै, लाय सुरताण रै जाय लागी ॥७॥

---

४. तण – पुत्र, तनय। अड़स – महाराणा अरिसिंह। सरजात रौ – उत्तम जाति के लोहे का, समुद्र की ज्वाला का, वाडवाग्नि का। भक – भक्ष्य। उडण वाज रौ – उड़ने वाले सर्प का, शिकरा नाम का पक्षी। भांजो – नाश करने वाला। अणियां भमर – सेना या नोंक वाले शस्त्रों में दुल्हा-स्वरूप। साल – शल्य। कंवर – कुमार, पुत्र। गांजो–भाला।

५. डगे पग – पैर लड़खड़ाते हैं। भुजंग डांडियो – पुच्छ वाला सर्प, सर्प की पूंछ। सुरंग – लाल। चाडियो – चढ़ाया हुआ। श्रोणगारी – रक्त सना। बरछी – बर्छा, भाला। विप – वपु, शरीर। वांडियो – काट डाले। बीनड़ी – दुल्हिन ने। काडियो – निकाला। हाथ वारी – खिड़की से बाहर हाथ।

६. नाग जूटौ – डसने को सर्प झपटा हो, हाथी झपटा हो। किनां – अथवा। निसा – रात में। तूटौ – टूटा। नखत – नक्षत्र। चळां सूं – धनुष की डोरी से। खूटौ – छूटक, समाप्त हुआ। कूंत – भाला। अठी हूंत – इधर से, इस ओर से। जम कौ – यमराज का। धकौ – धक्का, टक्कर। उठी – उस ओर। फूटौ थकौ – फूटा हुआ, घाव पूरित।

७. दुधारौ – दो धारा वाला भाला। भुजां – हाथ में। दरसाय – दीखता है। आप – जल। छटा – बिजली। दमंग – अग्नि के पतंगे, स्फुलिंग। झड़वाय – हवा के झोंके। खुरसाण – खरशान-यंत्र, मुसलमान। लाय – ज्वाला। जाय – जाकर। लागी – लगी।

७. गीत राव जोधा राठोड़ रौ गुरड़ रा बीनांण रौ

नागमंडळ मेवाड़ निरखतौ, कमधज गुरड़ फिरै कौवंख ।
कूंभकरन सिर सकै न काढ़ै, जां डर राफ महाजद पंख ॥१॥

जोधै जंगम थाट जड़ाळै, गुरड़ जेम घाते गहण ।
उड़ण अहि लोचन आहड़ौ, फाड़ण फूंक न सजै फण ॥२॥

बीरम-हरै गुरड़ बाहिवा, लोह झड़प मंडियौ लह ।
नागद्रहौ नागिंद्र नेस अहि, नीसरि आयौ दियै नंह ॥३॥

चंच गुरड़ असमर चालवतौ, सिरहांणै रिणमाल सुत ।
नाग मंडळ मेवाड़ौ नींसर, सिलै न चेजे चख-सुरत ॥४॥

---

७. गीतसार—यह गीत जोधपुर-राज्य के राजा राव जोधा राठौड़ और मेवाड़ के राणा कुंभा के पारस्परिक विग्रह से सम्बन्धित है। गीतकार ने जोधा के आतंक से राणा कुंभा के भयातुर रहने का वर्णन करते हुए लिखा है कि गरुड़ रूपी राव जोधा व्याल रूपी राणा कुंभा आदि शत्रुओं को खोजता नागौर और मेवाड़ के मध्य फिरता है। किन्तु राणा कुंभा राव जोधा के भय से न अपने खड्ग रूपी फन को उठाता है और न डंक मारने तथा फूत्कार करने का साहस करता है।

---

१. नागमंडळ – नागौर। निरखतौ – देखता, खोजता। कमधज-गुरड़ – राठौड़ राव जोधा रूपी गरुड़। फिरै – घूमता है। कौवंख – सर्प, नाग। काढ़ै – निकालता है। जां डर – जिसके भय से।

२. जंगम – घोड़े। थाट – समूह, सेना। जेम – जैसे। घाते – डाले, झोंके, दांव दे। गहण – पकड़ने के लिए। उडण – उड़ने वाला। आहड़ौ – आहड़ नामक स्थान पर रहने के कारण मेवाड़ के शासकों को आहाड़ा कहते हैं, राणा कुंभा। फूंक – फूत्कार। फण – फन।

३. बीरम-हरै – राव वीरमदेव का वंशज, राव जोधा। बाहिवा – चलाने, प्रहार करने। लोह झड़प – शस्त्रों की टक्कर, हथियारों के वार। मंडियौ – जुड़ा। नागद्रहौ – नागदा का स्वामी। नागिंद्र – शेषनाग। नेस – घर।

४. चंच – चोंच, चंचु। असमर – तलवार, असिवर। चालवतौ – चलाता, वार करता। सिरहांणै – सिरहाने, सिर पर। नींसर – निकल कर। सिलै–सिलह। चेजे – चुगा, आहार। चख-सुरत – श्रुतिचक्षु, सर्प।

जोध नरिंद गुरड़ गत जोइयै, दोमझि भीम समूहो दाव ।
पनंग पयाळ कुंभगढ़ पैठौ, पवंग पंखे लागी पंख-वाय ॥५॥

पैठौ अविग्रहि अेकपती जिउ, सोक चडै अेक सामहियौ ।
राव पंखराव रांण अहिराजा, रोहा खूंदौ हुई रहियौ ॥६॥

राव पंखराव वैर वराई कै, घात न मेल्है मेळ घणि ।
गळै रफ पड़ियौ गढ़ रोहे, संकुड़ि कुंभौ सहस फणि ॥७॥

जोधो अरण सहोवर जोवै, द्रिढ़ में अंग आकुळो दरप ।
भार झड़प वीहे सीसोदौ, सकळंक औग्रहि गौ सरप ॥८॥

—बादर सूरो कह्यौ

---

५. नरिंद – नरेन्द्र, राजा । गत – गति, चाल, भाँति । जोइयै – देखें । दोमझि – युद्ध । पनंग – नाग, शेषनाग । पयाळ – पाताल । कुंभगढ़ – कुंभलगढ़, कुंभलमेर । पैठौ – छिप गया, प्रविष्ट हुआ । पवंग पंखे – गरुड़ के पंखों की, गरुड़ की । पंख-वाय – पंखों की हवा ।

६. अविग्रहि – छिपकर, युद्ध का विचार त्याग कर । चडै – चढ़े । पंखराव–पक्षीराज, गरुड़ । रांण – राणा, कुंभकरण । अहिराजा – नागराज, शेषनाग । रोहा खूंदौ–रोका और कुचला हुआ ।

७. घात – दांव, चोट । न मेल्है – नहीं देता, नहीं मिलता । मेळ – मेल-मिलाप । घणि – अधिक, बहुत । गढ़रोहे – गढ़ में बंधन में आया हुआ जैसा । संकुड़ि – संकुचित होकर, सिकुड़ा हुआ । सहसफणि – शेषनाग, सहस्र फनों वाला ।

८. अरण सहोवर – अरुण सहोदर, अरुण का भाई, गरुड़ । द्रिढ़ – दृढ़ । आकुळो – व्याकुल । दरप – दर्प, डर । सीसोदौ – सीसोदिया वंशीय क्षत्रिय, राणा कुंभकर्ण । सकळंक – कलंक सहित । औग्रहि – बच कर । गौ – गया । सरप – सर्प, नाग रूपी राणा कुंभकर्ण ।

८. गीत बिक्रमादीत राठौड़ री पावस रा बीनांण री

संमेळै सघण सहर नर साहण, सांमिण सहुवर चाढ़ि सभीत ।
आरंभ कर अजमेर आवियौ, वरसाळ किनां बिक्रमादीत ॥१॥

पावस जितै पूजतै पारंभ, घै घूबै भड़ सहर घणां ।
ईचिरज हुवा लोक अजमेरां, बड दळ देखै बीक तणा ॥२॥

बीज सिळाव खिवै बीजूजळ, कांठळ जरदां कळह कळ ।
जोधावत दीठौ जोड़ाळै, दळ घण आरख तूझ दळ ॥३॥

मलिकहेम डरे मेछांइण, देखै विसमां कमंध दळ ।
बीकौ हूवैत छोडौ वरसीह, हुवै मेह तौ खड़ौ हळ ॥४॥

---

८. गीतसार–यह गीत बीकानेर राज्य के संस्थापक राव विक्रमादित्य बीका) पर रचित है। कवि ने बीका कि घनघटा-तुल्य अपनी सेना को सजा कर, अजमेर में वंदी राव वरसिंह को बंधन-मुक्त करने का वर्णन किया है। गीत में राव बीका के सैन्य-प्रयाण एवं युद्ध-क्रीड़ा की वर्षा के साथ तुलना की गई है ।

---

१. संमेळै – एकत्रित कर, सम्मिलित कर। सघण – सघन । नर साहण – मनुष्य और घोड़े, अश्व सेना। सभीत – भय सहित। आवियौ – आया। वरसाळ – वर्षाऋतु। किनां – किंवा, अथवा ।

२. घै घूबै – उमड़ कर चारों ओर फैल गए। भड़ – योद्धा, सुभट। घणां–बहुत अधिक। ईचिरज – आश्चर्य। लोक – लोगों को। अजमेरां – अजमेर नगर निवासी, अजमेर के शासकों। बडदळ – विशाल सेना। वीक तणा – राव बीका की, राव विक्रमादित्य राठौड़ बीकानेर के राजा की ।

३. बीज-सळाव – विद्युत के कौंधने की क्रिया का भाव। खिवै–चमक, प्रकाश। बीजूजळ–तलवार। कांठळ – घन घटा। जरदां – कवचों, सनाहों। कळह – युद्ध। कळ – भांति, कला से। जोधावत – राव जोधा का पुत्र, बीका। दळ – समूह। घण – बादल। आरख – समान, तुल्य। कमंध – राठौड़। दळ – सेना।

४. मलिकहेम – अजमेर का राज्यपाल मल्लूखां। मेछांइण – मुसलमान। विसमां – विकट, जबरदस्त, भयावह। मेह – वर्षा। खड़ौ – चलाओ, प्रारंभ करो। हळ– हल यंत्र, कृषि का उपकरण विशेष।

९. गीत राव कलियाणमल राठौड़ रौ

सब झिविया कळह ठांसिया सुजड़ै, घाया सांकळ बांधिया घणी।
मैंगळ सुपह नह लोपै मोटा, तन आंकुस कलियाण तणी ॥१॥

नाइक वसु तणा रेवानद, अरि मोटा नमिया अनंम।
बीकैहरै तणी पह बारण, कार न मेटै हेक क्रंम ॥२॥

आसत नमौ जैत अंगौभ्रम, बडा छातपत बावन बीर।
महि दत असह धैंधीगर मोटा, हितकारिया नह लोपै हीर ॥३॥

जुध सांकळ परठै जैताउत, अरि खांमिया सहित आथांण।
आंकुस कला तणी सिर ऊपर, सांकै हसत मानै सुरतांण ॥४॥

—कुसळा वीठू रौ कह्यौ

---

९. गीतसार—ऊपर के गीत में कवि ने राव कल्याणमल्ल राठौड़ के आतंक का वर्णन किया है। वह कहता है कि कल्याणमल्ल के तप रूपी आतंक के भय से गजराज रूपी राजागण बादशाही नियमों का उल्लंघन करने का साहस नहीं करते। और वे नम्र बने शाही सेवा करते हैं।

---

१. झिविया – मार दिए। कळह – युद्ध में। ठांसिया – दबा दिए। सुजड़ै – तलवार। घाया – चलने की क्रिया का भाव। सांकळ – जंजीर। घणी – स्वामी। मैंगळ – हाथी। सुपह – राजा। लोपै – उल्लंघन करें। आंकुस – अंकुश। तणी – की।

२. नाइक – नायक, पति, राजा। वसु – वसुधा। अरि – वैरी। नमिया – झुके, नम गए। अनंम – अनम्र। बीकैहरै – राव बीका का पौत्र, राव कल्याणमल्ल। पह – राजा। बारण – हाथी। कार – मर्यादा, पंक्ति। हेक – एक। क्रंम – कदम।

३. आसत – शक्ति, विश्वास। जैत – राव जैत्रसिंह। अंगौभ्रम – अंग की भ्रांति देने वाला, वंशज। छातपत – छत्रपति, राजा। असह – दुस्सह, दुश्मन। धैंधीगर – हाथी। हितकारिया – दुत्कारने पर भी। नह – नहीं। हीर – मर्यादा, लकीर।

४. जुध सांकल – युद्ध रूपी जंजीर। परठै – रोके। जैताउत – जैत्रसिंह का वंशधर। खांमिया – बांधे, नाश किये। आथांण – स्थान, किले, घर। सांकै–शंका, भय।

१०. गीत अनां राठौड़ रौ अगस्थि रा बीनांण रौ

प्रंम चा भजनीक वडा पहु बेबे, सूर धीर खग मंत्र सनौ।
समंद सिवा तणा दळ सारे, अगसत जिम जीरवै अनौ ॥१॥

ईसौ मंत्र खाग आवाहे, थीये कोप गरकाब थिया।
तापस बडे कमंध खळ-जळ तिम, सबळ उवर जळ सामविया ॥२॥

अेकण झाट आचमण आंणे, जेम रिख कियौ महण जळ।
करणावत तू कियौ कळह तैं, दुजड़ां मुंहि दिखणाध दळ ॥३॥

मुनि जिम मंत्र कमंध खग क्रमंतै, जुधजळ वधे वछियत जियै।
कळह अनां आचमन करंतै, थांनां कदै न त्रिपत थियै ॥४॥

—गोयंददास सांदू रौ कह्यौ

---

१०. गीतसार—उपरोक्त गीत अन्ना राठौड़ से सम्बन्धित है। गीतकार ने छत्रपति शिवा सीसोदिया की सेना को समुद्र और गीत नायक अन्ना राठौड़ को अगस्त्य मुनि बतला कर गीत की रचना की है। वह कहता है कि एक ओर तो अन्ना परमेश्वर का अनन्य भक्त है और दूसरी ओर महान् तलवार धनी। उसने शिवा के सैन्य रूपी समुद्र को अगस्त्य मुनि की भाँति पान कर लिया।

---

१. प्रंम चा – परमेश्वर का। भजनीक – भजन करने वाला, भक्त। पहु – राजा। बेबे – दोनों। खग – तलवार। सनौ – सहित। सिवा – राजा शिवा सीसोदिया। दळ – सेना। अगसत – अगस्त्य मुनि। जिम – जैसे। जीरवै – हजम करता है, सहन करता है।

२. ईसौ – ऐसा। खाग – खड्‌ग। आवाहे – प्रहार देकर, आवाहन कर। थीये – हुए। गरकाब – गर्क, डूबा हुआ। थिया – हुआ। तापस – तपस्वी, अगस्त्य। खळ – वैरी। जळ – जल, पानी। सबळ – बलवान। उवर – उदर, उर। सामविया – समा लिए।

३. झाट – प्रहार, आक्रमण। आचमण – आचमन। आंणे – लेकर, भर कर। रिख – ऋषि ने, अगस्त्य ने। महणजळ – समुद्र जल। करणावत – कर्ण का वंशज। कळह – युद्ध। दुजड़ां – तलवारों के। मुंहि – मुंह, धारा, सामने। दिखणाध दळ – दक्षिणियों की सेना, शिवा की फौज।

४. क्रमतै – चलाते। कदै न – कभी नहीं। त्रिपत – तृप्त। थियै – हुए, होते हैं।

११. गीत पाबू धांधलोत राठौड़ रौ

छठी आपरो पराई जागणौं कुळ छळां, ऊपरी नरां जिम गिरां आवू।
कवण दध उलांडे गयण मापे कवण, पार कुण प्रवाड़ां लहै पावू ॥१॥

सिव तणा जोग चंडी तणा चिरत सम, जम तणा डांण घण तणा रंग जेम।
अंब तणा तरंग दध नभ तणा ऊंचपण, त्रिजड़ धांधळ तणा जुध तेम ॥२॥

अजमरां बांण जमरांण रा मांण अंग, गुरड़ रा गमण तिम नाथ रा ग्रंथ।
समंद रा धाप आकाश रा माप, सिध-पाल्हरा किला उतराद रा पंथ ॥३॥

हेक कोळू तणी थांन आसाहरा, कमध सिव थांन वड भली कीधी।
कंवळ पड़ियां पछै खळां पाड़ै कितां, सूर मंडळ चडे प्रिथी सीधी ॥४॥

---

११. गीतसार—उपर्युक्त गीत महावीर पाबूजी राठौड़ पर कहा हुआ है। पाबूजी की राजस्थान के पांच प्रसिद्ध लोक देवताओं में गणना है। कवि ने पाबूजी को अपने और दूसरों के कष्टों में पड़ने वाला तथा गिरियों में जैसे अर्बुदगिरि की महिमा है वैसे ही मनुष्यों में उनकी महिमा को उल्लेखनीय कहा है। उनके परिचयों के अपार स्तवन की गणना कर पाना वैसे ही कठिन है जैसे समुद्र को बिना जलयान के पार कर पाना।

---

१. छठी – जन्म के बाद छठा दिन या रात्रि, इस रात्रि को मनाया जाने वाला उत्सव। पराई – दूसरों की। जागणौं – जगने वाला। कुळ छळां – कुल के गौरव-रक्षण के लिए लड़े जाने वाले युद्ध, कुल के लिए। जिम – जैसे, जिस प्रकार। आवू – अर्बुदाचल। कवण – कौन। दध – समुद्र। उलांडे – उलांघे, कूद कर पार करे। गयण – गगन को, आकाश को। मापे – नापे। पार – अन्त। प्रवाड़ां– प्रशंसनीय कार्यों का, परिचयों का। लहै – ले।

२. चंडी – चण्डिका, देवी के। चिरत – चरित्र। जम तणा – यमराज की। डांण– दाव, छलांग, कदम। घण – इन्द्र, धनुष। अंब – जल की। ऊंच पण – ऊँचाई। त्रिजड़ – तलवार। धांधळ तणा – धांधल तनय के। जुध – युद्ध।

३. अजमरां – देवताओं। जमरांण – यमराज। मांण – मान। गमण – गमन, गति। तिम – त्योंही, जैसे। सिध पाल्हरा – सिद्ध पुरुष पाबू का। उतराध रा– उत्तर दिशा का। पंथ – पथ, मार्ग।

४. हेक – एक। कोळू – कोलू नामक स्थान, पाबूजी राठौड़ का ग्राम, कोलू में उनका देवालय है। यह मारवाड़ के पोकरण कस्बे के निकट है। थांन – स्थान, देवालय। आसाहरा – आशा का वंशज। कमध – राठौड़। भली – अच्छा। कंवळ – कमल, शीश। खळां – दुष्टों को, वैरियों को। पाड़ै – धरा पर पटक कर मारें। कितां – कतिपय, अनेक। सूर मंडळ – रवि लोक। चडे – चढ़कर, पहुँच कर। सीधौ – सीधे, सिद्ध हुए।

१२. गीत कंवर नरपाल देवल लोहियाणा रौ

कियौ वाद हाथे जिकां बात इतरी कही, दादि जिण बात री जगत दीधी ।
सीस पड़ियां पछै हेक अरि साभनै, कटारी मांजि नै म्यान कीधी ॥१॥

पला बिहुवां तणी विगत पड़ि पारियै, जुगति करि पूछणी पड़ी जाहरां ।
वायदे अहोड़ी रीस करि बोलियौ, तूं करै बधोगति लड़ै ताहरां ॥२॥

बरस तीसां तणौ तांम कीधो बचन, परत नह जीवणो जिकै पूठां ।
कांचळी तणा दे बंध बाई कह्यौ, छापिया जिकै में पांच छूठां ॥३॥

देवळां छात बडगात इम दाखियौ, दुरावा बात तो बुरा दीसां ।
देस में राख चीतौड़पत दीजियै, बचन मारण तणौ सात बीसां ॥४॥

सांभळे बात चीतौड़पत सांकियौ, सीख द्यो परी कह बचन सूधा ।
दिली जवनेस गुजरात दिस जावता, राह पतसाह रा जाय रूधा ॥५॥

---

११. गीतसार–यह गीत लोहियाणा के कुंवर नरपाल देवल ने शाही प्रान्तपति सैयद की सेना को मार्ग में रोक कर युद्ध लड़ा, जिसका परिचायक है। गीत में नरपाल के हठ ठान कर पांच सौ साठ सैनिकों को धराशायी करने का वर्णन है। कवि का कहना है कि नरपाल ने जिस बात पर विवाद किया था उसको चरितार्थ कर स्वर्ग में गया।

---

१. वाद – विवाद। जिकां – जिन। दादि – दाद दी, सराहना की। पड़ियां – गिरने पर। पछै – पीछे, बाद में। हेक – एक। अरि – शत्रु। साभनै – मार कर। मांजि – मांज कर, साफ कर। कीधी – की।

२. पला – पल्ला; वस्त्र का छोर। बिहुवां – दोनों। विगत – व्यौरा। जुगति – युक्ति। पूछणी – पूछना। जाहरां – जब, प्रकट में। अहोड़ी – झिड़की। बधोगति – बढ़कर, वृद्धि का कार्य। ताहरां – तब, उस समय।

३. बरस – वर्ष। तणौ – का। तांम – तब। परत – प्रत्यक्ष, तदनुपरान्त। जिकै पूठां – उसके पश्चात। कांचळी – कंचुकी। तणा – का। बंध – भाई, बंधु। बाई – बहिन ने। छापिया – लिखे, मंडित किए, निश्चित किए। जिकै – उन, जो। छूठा – छोड़ दिए, निकाल दिए।

४. देवळां छात – देवलों के स्वामी। बडगात – बड़ागात्र। इम – यों। दाखियौ – कहा। दुरावां – दुहरावें, बुरी बतावें। सात बीसां – एक सौ चालीस।

५. सांभळे – सुनकर। चीतौड़पत – चित्तौड़ का स्वामी, महाराणा। सांकियौ – शंकित हुआ। सीख द्यो – यहां से विदा करो, जाने की स्वीकृति दो। परी – दूर। सूधा– सीधे, साफ। दिली – दिल्ली। जवनेस – यवनेश, बादशाह। दिस – दिशा, ओर। पतसाह रा – बादशाह का। रूधा – रोका, रुद्ध किया।

१३. गीत बाघसिंघ चांदावत राठौड़ रौ

सुरां सिधां में महेस जेम बाणावळी पाथ सिध,
मांण में द्रजोण सिधां वदां महाबाह।
दांन में करण सिध धरापती सकौ दाखां,
रूकां सिधां बाघ नै वखांणै दहूं राह ॥१॥

जोग में कैलास वाळौ पण्डू वाळौ पांणां जोध,
ध्रतास्ट वाळौ जोध क्रोध में सधीर।
दान में अरकवाळौ जींकी ईढ़ नकौ दूजौ,
बणै भवानीसिंघ वाळौ सिध महाबीर ॥२॥

कमाळी असुरां काळ काळ सिधी गुड़ाकेस,
इळा लोभ जळासे पयठौ कैरू इंद।
अन्त समै हेम दत्त नकौ आथ हाथ आयौ,
चाव करां दान खाग बियौ बाघ चंद ॥३॥

जटीधू बाणांपति गंधारी सुतन जोध,
भणां जे कौंतेय घरां कुबेर भंडार।
फाबे अेता कमंधां मौड़ बिया फता,
सार नै आचार उभै सराहे संसार ॥४॥

—पदमा खिड़िया रौ कहचौ

---

१३. गीतसार–कवि पदमा खिड़िया ने गीत-नायक बाघसिंह चांदावत को देवताओं में महादेव, धनुर्धरों में अर्जुन, मान-धनियों में दुर्योधन और दानियों में राजा कर्ण की भांति दानी एवं तलवार चलाने वालों में सिद्धहस्त अंकित किया है।

---

१. सुरां – देवताओं में। बाणावळी – बाण चलाने वालों में। पाथ – पार्थ, अर्जुन। मांण – मान, हठ। द्रजोण – दुर्योधन। वदां – कहा जाता है। सकौ – सब कोई। दाखां – कहते हैं। रूकां – तलवारों। दहूं राह – हिन्दू और यवन दोनों धर्मों वाले।

२. जोग – योग विद्या में। पांणां – बलवानों, भुजबली। जोध – पुत्र, योद्धा। ध्रतास्ट – धृतराष्ट्र। अरक वाळौ – सूर्यपुत्र, कर्ण। जींकी – जिसकी। ईढ़ – बराबरी में। नकौ – कोई नहीं। दूजौ – अन्य।

३. कमाळी – शिव। गुडाकेस – अर्जुन। इळा – पृथ्वी। जळासे – जलाशय, तालाब। पयठौ – पैठा। कैरू इंद – कौरवेन्द्र, दुर्योधन। अन्त समै – अन्तिम काल, मृत्यु समय। हेमदत्त – स्वर्णदानी। आथ – अर्थ, धन। खाग – तलवार। बियौ – दूसरा। चंद – राव चांदा।

४. जटी धू – महादेव। कौन्तेय – कर्ण। अेता – इतने। कमधां – राठौड़ों के। मौड़ – मुकुट, श्रेष्ठ। सार – तलवार। उभै – दोनों।

१४. गीत कंवर रुघनाथसिंघ चांदावत री

जिसो संकर रै कंवर गणपती जांणजे, जिसोई अरक घर कसिप जांणां ।
पवन रै सुतन हणमंत जिसो पेखजे, प्रगटियो रतन घर रुघो पांणां ॥१॥

गुणां भरपूर पर सिघ रण गिणीजे, तेज दणियर घणे वधे तुड़-तांण ।
वेख वळवान कपिराव विण कुंण वियो, अडर चांदावतां वणे सुभियांण ॥२॥

कवण मेघा सरस गवर सुत वडाळो, श्रवण अंव घरा सिर वखांणै सूर ।
दियण निज भगत इम वदां लंका दहण, फताहर दियण अथ पखां भरपूर ॥३॥

सुरा अगैवांण अगैवाणां नवग्रहां सदा, दळां रुघपत अगै रहणूं दाखां ।
सिधां कंवरां कंवर रुघो रतनेस सुत, लहण जसवास वहो मुखां लाखां ॥४॥

---

१४. गीतसार–यह गीत कुमार रघुनाथसिंह चांदावत राठौड़ पर रचित है । इसमें कवि ने रघुनाथसिंह को शिव पुत्र गणपति, कश्यप-तनय सूर्य और वायुनन्दन हनुमान के तुल्य बुद्धिमान्, तेजस्वी और पराक्रमी मान कर वर्णन किया है । वह अपने उल्लिखित गुणों के लिए सम सामयिकों में प्रशंसनीय है ।

---

१. जिसो – जैसा । कंवर – कुमार, पुत्र । गणपती – गणेश । जिसोई – वैसाही । अरक – सूर्य । कसिप – कश्यप । पेखजे – देखिए । रतन घर – रतनसिंह के घर में, घराने में । रुघो – रघुनाथसिंह । पांणां – बलवान ।

२. भरपूर – पूर्ण । दणियर – दिनकर, सूर्य । घणो – घना, बहुत । तुड़ तांण – अपने कुल का गौरव बढ़ाने वाला । वेख – देखें । कपिराव – हनुमान । वियो – दूसरा । अडर – निर्भय । सुभियांण – श्रेष्ठ, शुभ, मुखिया ।

३. कवण – कौन । मेघा – बुद्धि में । सरस – समान । गवर सुत – गणेश । अंव घरा – आकाश और पृथ्वी पर । सूर – सूर्य । वदां – कहें । लंका दहण – लंका को जलाने वाला, हनुमान । फताहर – फतहसिंह के पौत्र । अथ – अर्थ, धन । पखां – पक्षों में ।

४. सुरां – देवताओं में । अगैवांण – अग्रगण्य । नवग्रहां – नवग्रहों में, गणेश । दळां – सेना में । रुघपत – रघुनाथसिंह । रतनेस – रतनसिंह का । लहण – लेने वाला । जसवास – धन्यवाद, यशवाणी । वहो – बहुत । मुखां – मुखों से ।

१५. गीत ठाकर रतनसिंघ चांदावत राठौड़ रौ

सत्रां भांजणौ सार अवसांण जीपण समर, लियण जसवास मुखां लाखां ।
दियण धिन दरक असि कड़ां द्रब दिनाई, सिंघाळौ सिघां दस तीन साखां ।।१।।

मांण अदवांनरां तणां बहौ मोड़िया, तोड़िया खळां दळ किया ताबै ।
महाभड़ चंदरा बिड़द बेढ़ीमणां, फताहर तुहाळा भुजां फाबै ।।२।।

थांन हीणा जितां थांन थिर थापिया, थांन धारी दिया नरां उथाप ।
प्रथी साधार चा बिड़द हद पामिया, प्रकट इण हणूमत तणै प्रताप ।।३।।

सार रौ भंमर रतनेस भानां सुतन, भूपति मांन रै मनै भायौ ।
धवंस ढूंढ़ाड़ जळ चाढ़ मारू धरा, इसै छक आपरै दुरंग आयौ ।।४।।

---

१५. गीतसार–उपर्युक्त गीत में कवि ने ठाकुर रतनसिंह चांदावत शाखा के मेड़तिया राठौड़ के युद्ध और दानादि विशेषताओं का वर्णन करते हुए लिखा है कि वह युद्धावसरों पर शत्रुओं को परास्त करने एवं याचकों को घोड़े-ऊँट आदि का दान देने में राठौड़ों की तेरह शाखाओं में अग्रणी है ।

---

१. सत्रां – शत्रुओं । भांजणौ – नाश करने वाला । सार – तलवार, शस्त्र । अवसांण – अवसर । जीपण समर – युद्ध में विजय पाने वाला । जसवास – कीर्त्ति । दियण – देने वाला । दरक – ऊँट । असि – घोड़े, तलवार । द्रब – द्रव्य, धन । सिंघाळौ – श्रेष्ठ । दस तीन साखां – तेरह शाखाओं में, राठौड़ों की तेरह शाखाएँ प्रसिद्ध हैं ।

२. मांण – मान, सम्मान । अदवां – कृपणों । तणां – का । बहौ – बहुत । तोड़िया – तोड़ दिये । खळां दळ – शत्रु-सेना । ताबै – अधीन । महाभड़ – महान् वीर । चंद रा – राव चांदा के । बिड़द – विरुद । वेढ़ीमणां – युद्ध विजेता का । तुहाळा – तेरा । फाबै – फबते हैं, शोभा पाते हैं ।

३. थांन हीणा – स्थान विहीन, बिना जागीर के । जितां – जितने । थांन – स्थान, ठिकानों पर । थिर – स्थिर । थापिया – स्थापित किये । थांनधारी – स्थान वालों को । उथाप – स्थान च्युत कर दिए । प्रथी – पृथ्वी । साधार – आधार, आश्रय । चा – का । हद – सीमा, अपार । पामिया – प्राप्त किए । इण – इस ।

४. सार रौ भंमर – तलवार का रसिक । भानां सुतन – भवानीसिंह तनय । भूपती मांन – महाराजा मानसिंह जोधपुर । भायौ – पसंद आया, अच्छा लगा । धवंस – ध्वंश । जळ चाढ़ – कीर्त्ति मान कर । मारूधरा – मारवाड़ राज्य । छक–उत्साह, जोश, वैभव सहित । दुरंग – दूर्ग में ।

१६. गीत महाराजा अभैसिंघ राठौड़ रौ

सिर छायां राज हमायु समपै, सो इक पीढ़ी राज समाज ।
कर छायां थांरी राजा कमधज, रेणव अनंत पीढ़ियां राज ॥१॥

बात हेत अरु कुरब कियां बिण, सुज कलपव्रछ गरज सरै ।
दन हित बात कुरब कर तूं दै, किसूं कलपव्रछ हौड करै ॥२॥

पारस मिळै करै नह पारस, धात प्रजा सिर कनक धरै ।
राजा तूंझ करै कविराजा, यूं पारस हो तूझ उरै ॥३॥

खळकै लहर समंद जळ खारी, दाझै मछ कछ जीव दुग्रै ।
मीठी लहर तूझ महाराजा, हाथी गांवां तणी हुवै ॥४॥

सुणजे अमी अखाड़ै सुरियंद, पीधां अमर हुवै कवि पाळ ।
सेवक अमर हुवै अजमल सुत, अमी निजर दीठां अजमाल ॥५॥

पांख हमायुं कलपव्रछ पारस, छौळ समंद सुरियंद छभा ।
अवरां नै आं तणी ओपमां, यां ओपम थांरी अभा ॥६॥

---

१६. गीतसार—ऊपर का गीत जोधपुर के महाराजा अभयसिंह राठौड़ पर कहा हुआ है । गीतकार ने अभयसिंह की कृपा का हुमांपक्षी के पंखों की छायां, कलपवृक्ष की कार्यसिद्धि, पारस की स्पर्शता और समुद्र की लहरों की भाँति नाना विशेषताओं के साथ समता करते हुए उनसे भी बढ़ कर वर्णन किया है ।

---

१. हमायुं – हुमां पक्षी । समपै – बख्शें, समर्पण करे । पीढ़ी – पुश्त । कर – हाथ की । कमधज – राठौड़ । रेणव – कवि, चारण ।

२. हेत – प्रेम, प्रीति । कुरब – मान, प्रतिष्ठा, इज्जत । सुज – वह । सरै – सिद्ध हो । हौड – समानता, बराबरी ।

३. पारस – पारस पत्थर, प्रसिद्धि है कि पारस के स्पर्श से लोहा स्वर्ण में बदल जाता है । नह – नहीं । धात प्रजा – धातु रूपी प्रजा । कनक – स्वर्ण । उरै – इधर, कम महत्त्व वाला ।

४. खळकै – छलता है, बहती है । खारी – खारयुक्त । दाझै – जलते हैं । मछ – मत्स्य, मछलियां । कछ – कच्छप । दुग्रै – दोनों । मीठी लहर – दान की मधुर तरंग । गांवां – ग्रामों । तणी – की ।

५. अमी – अमृत । सुरियंद – इन्द्र, राजा । पीधां – पीने पर । कविपाळ–कवियों का पालक । अजमल सुत – अजितसिंह के पुत्र, महाराजा अभयसिंह । दीठां–देखने मात्र से ।

६. पांख – पंख । कलपव्रछ – कल्पवृक्ष । छौळ – लहर, तरंग । समंद – समुद्र । छभा – सभा । अवरां नै – अन्यों को । आं तणी – इनकी । ओपमां–उपमा । यां – इनको । थांरी – तेरी, आपकी । अभा – हे महाराजा अभयसिंह ।

इहि सुर मानव जोड़ न आवै, बहिस किसौ नर हौड बियै ।
घर सारी जोतां छत्रधारी, थारी हौड न किणी थियै ॥७॥
——सांवळदास कविया रौ कह्यौ

१७. गीत दिखणी पवन रा बीनांण रौ जसवंतराव रौ

लियण भरथपुर थाय एकठ फिरंग आय लग, जाय तोपां निकट लाय जूपी ।
वाहि खग धाय दळ बादळां बिखेरै, राय जसवंत दिखण वाय रूपी ॥१॥
वळोवळ तूरठ हमकै मही चळ विचळ, आतसां झळ प्रबळ ढंके असमांण ।
२. वारघीस – समुद्र । गात – गात्र । जौम – गर्व । गाळिया – खर्वित कर दिया था, नष्ट कर दिए । त्रिकूट वासी – त्रिकुटाचल निवासी ने, अगस्त्य मुनि ने । राजचीळ – गरुड़ । जाळिया – भस्म कर दिये, मार डाले । तारखी – सर्प । तेज रूंस – पराक्रम और क्रोध वालों को । कोपंखी – क्रुद्ध । कुलेसां – वज्र से । ढाळिया – गिरा कर स्थिर कर दिए । सिवा वाळे – राव शिवसिंह के पुत्र चांदसिंह ने । राळिया विधूंस – विनष्ट कर दिये ।

३. तेज ताप – तप-ज्वाला से । मुनीपूर – पूर्णमुनि, अगस्त्य ने । पाथोध – समुद्र । तास – त्रास, उसी प्रकार । नागेस – सर्पराज । खगेस – गरुड़ ने । वंधे नेत–विजय-चिन्हधारी । पव्वै पंख – पहाड़ों के पंख । विड़ोजे – इन्द्र ने । वौम वाट – आकाश मार्ग में । खळां थाट – शत्रु सेना । दूजे दळै – द्वितीय दलेलसिंह ने । विभाड़िया – नष्ट कर दिए । खेत – रणक्षेत्र में ।

४. तोयधी – तोयनिधी, समुद्र । मुनिंद्र – मुनियों के इन्द्र, अगस्त्य । पांण – हाथ, अञ्जलि । व्याळ – व्याल, सर्प । वैनतेय – गरुड़ । दूठ – दुष्ट । अद्र–पहाड़ । घांण – घमासान, समूह, नाश । जुग्रांण दधीचि – दधिची ऋषि की हड्डियों से, वज्र से । वरूथां सत्रां – शत्रुओं की सेनाएँ । बाधा – घेरे में लिए हुए, संकट में पड़ने पर । चंद – चांदसिंह । रायासाल – चांदसिंह के पूर्वज राजा रायसल दरबारी । खागां – तलवारों से । खाधा – मार डाले । जे – वे । न – नहीं । लाधा – मिले, जीवित रहे । भौम बीच – भूलोक में ।

५३. गीत राव देबीसिंघ सेखावत सीकर रौ

ताळी खुट्टकै विहंगां मागां बाज लाग वज्र ताळी,
पनंगां फुट्टकै कपोळा गजव्बां पड़ेच।
बरम्मा तुट्टकै बंध छुट्टकै कोमंडां बांण,
भुट्टकै सेखाणी देवौ कुरांणी भड़ेच ॥१॥

वीर हाक डाक चंडी डंमरू कराळ बागा,
रोखंगी कराळ बागा नेजां झाळ रूप।
बागा खाळ स्रोणी गजां ग्रीधां चा पंखाळ बागा,
रूकां नराताळ बागा प्रळै काळ रूप ॥२॥

---

५३. गीतसार—उपरांकित गीत सीकर के राव देवीसिंह शेखावत के खाटू स्थान के युद्ध से संबंधित है। देवीसिंह ने शाही सेनानायक मुरतज्जाअली को करारी पराजय दी थी। गीत रचयिता ने गीत में युद्ध की भयानकता को व्यक्त करते हुए कहा है कि अश्वसेना के पद-टापों की ध्वनि से समाधिस्थ शिव की समाधि खुल गई। प्रहारों से हाथियों के मस्तक खण्डित होकर भूमि पर पड़ने लगे। तीरों की मार से योद्धाओं के कवचों की कड़ियाँ टूटने लगीं। इस प्रकार यवनों से शेखावत देवीसिंह ने घनघोर युद्ध किया।

---

१. ताळी – समाधि। खुट्टकै – खुल गई। विहंगां मागां – पक्षी-मार्ग, आकाश-पथ। पनंगां – हाथियों के। फुट्टकै – फूट कर। कपोळां – भ्रशुण्डों। पड़ेच–पड़कर। बरम्मा – कवचों। तुटक्कै – टूटकर। बंध – बंधन, जोड़, संधि। छुट्टकै – छूटकर। कोमंडा – कोदण्डों, धनुषों के। भुट्टकै – भिड़ने, टक्कर लेने से। सेखाणी – शेखावत। देवौ – राव देवीसिंह। कुरांणी – मुसलमान। भड़ेच – मुरतज्जाअली भड़ेच।

२. डाक – ढाक-वाद्य विशेष। कराळ बागा – भयंकर नाद करने लगे। रोखंगी – रोषीले। नेजां – भालों से। झाळ रूप – अग्निस्वरूप, विद्युत के समान। खाळ – नाले। श्रोणी – रुधिर के। ग्रीधां चा – गृद्धों के। पंखाळ – पंख। बागा – ध्वनित हुए। रूकां – तलवारों। नराताळ – अत्यधिक, भयानक। प्रळैकाळ रूप – प्रलयकालीन के समान।

मत्ता जूझ लत्थो बत्थां धारा धोम गोम मच्चे,
धीर बाज खच्चे वोम नच्चे रुद्र धाड़ ।
घाय सल्लां हौदां व्है छडाळां हूंत वीर घूमे,
रायसल्लां रौदां व्है हमल्ला हल्ला राड़ ।।३।।
चंड हाक वांणी व्है सीसांणी वाल्हा खांणी चल्ले,
धमंता ऊझल्ले गोळा गज्जाणी धड़ाक ।
महासूरा ग्रणी-पांणी ऊवाणी बाणासां मेळे,
लोह घांणी धड़ा बीच सेखांणी लड़ाक ।।४।।
तम्मे रम्मे मत्थे तेग तावां पव्वै वज्र तुट्टै,
कोण घावां बम्मे वौम भम्मे काळ क्रोध ।
चंदवाळो डांणे लागो नेजां धम्मे मेछां चंमू,
ज्वाळ खंडी रम्मे जांणे इन्द्र वाळो जोध ।।५।।

---

३. मत्ता जूझ – उन्मत्त वीरों, युद्ध-मस्त । लत्थोबत्थां – भुजालिंगन, बाहुयुद्ध, बाथम-बाथ । धोम – धूम्र । गोम – आकाश । धीर बाज – सूर्य के अश्व की । वोम– आसमान में । नच्चे – नाचने लगे । रुद्र धाड़ – शिव-दहाड़ करते हुए । घाय सल्लां – घावों से क्षत-विक्षत, कवचों के टूटने पर घायल हुए । हौदां – हाथियों के हौदे । छडाळां – भालों । हूंत – से । रायसल्लां – शेखावतों की रायसलोत उपशाखा वाले । रौदां – मुसलमानों के । हमल्ला हल्लां – आक्रमण और धावे, आक्रमणकालीन शोरगुल । राड़ – युद्ध ।

४. चंड – चण्डिका, प्रचंड, भयानक । हाक वांणी – घोर आवाज । सीसांणी – तोपें । वाल्हा खांणी – प्रियजनों तक का भक्ष्य कर लेने वाली । धमंता – धमाका, धम की ध्वनि करते । ऊझल्ले – ऊपर की ओर उछलते हैं । गज्जाणी – गजों की । धड़ाक– सेना पर । ग्रणी-पांणी – सम आयु और सम बल वाले, भुज और शस्त्रों की समता वाले । ऊवाणी – नंगी । वाणासा – तलवारें । मेळे – मिलाते हैं, परस्पर टकराते हैं । लोह वांणी – शस्त्रों का भयानक युद्ध । धड़ा – सेना । लड़ाक–योद्धा ।

५. तम्मे रम्मे – हाथियों के । मत्थे – मस्तकों, शुण्ड-दण्डों । तेग तावां – वज्रायुध, तत्परता से तलवार चलाने वाले, तलवार के आतप से । पव्वै – पर्वत । कोण घावां – घावों का रक्त । बम्मे – प्रवाह, तेज गति से बहता है । वौम – व्योम, आकाश । भम्मे काळ – मृत्यु घूमती है । चंदवाळो – चान्दसिंह का पुत्र देवीसिंह । डांणे लागो – मद आया, उन्मत्त हुआ । नेजा धम्मे – भालों के प्रहार करता है । मेछां चमूं – मुसलमानों की सेना पर । ज्वाळ – ज्वाला । खण्डी – खाण्डव वन में । जांणे – मानो । इन्द्र वाळो जोध – इन्द्र का पुत्र, अर्जुन ।

रीझ रीझ हूरां बरां वारंगां रम्माड़े रंगां,
जोगणी अखाड़े जंगां जम्माड़े स जूथ ।
तेग आड़े लागौ चौड़ै-धाड़ै खळां झाड़ै तूंही,
बीभाड़े विघूसै पाड़ै पट्ठाणां बरूथ ॥६॥

झळाबोळ घड़ी आठ झड़ी खांडाहळां झाट ।
आकास हूं पड़ी जांणे बीजळा असाढ ।
लोहां खासावाड़े बाढ़ तुरंत्तां दिल्ली नूं लेगौ,
चौड़ै-धाड़ै मुरतज्जा अली नूं धक्के चाढ़ ॥७॥

—हुकमीचंद खिड़िया रौ कह्यौ

५४. गीत महाराव राजा रामसिंघ हाडा बूंदी रौ आखेट रौ

नाहरी इम कहै सुणीजै नाहर, तज बधिया गिरबास उताळ ।
अण ठामां नित करै ऊथाळा, भाला नित रंगै भूपाळ ॥१॥

---

५४. गीतसार—उपरांकित गीत बूंदी नरेश रामसिंह हाडा का है । इसमें रामसिंह के आतंक का कवि ने सिंह और सिंहनी के वार्त्तालाप के माध्यम से वर्णन किया है । वह सिंहनी के मुख से सिंह को कहने के व्याज से कहता है कि हे पतिदेव, गिरि-कन्दराओं का यह आवास छोड़ कर अन्यत्र चले चलो । यहाँ महारावराजा रामसिंह प्रतिदिन पर्वतों को सेना से घेर कर शिकार खेलता है । अतः जीवन को संकट में डालना उचित नहीं ।

---

६. बरां – वरों को । वारंगां – अप्सराएँ । जोगणी – योगिनी, रणदेवी । जम्माड़े–एकत्रित करें, भोजन करावें । स जूथ – समूहबद्ध । तेग आड़े – तलवार का हठ, तलवार के तिरछे वारों से । चौड़ै-धाड़ै – खुलेआम । खळां – वैरियों को । झाड़ै – गिराता है, चलाता है । बीभाड़े – विनाश करे । विघूसै – विध्वंस करे । पाड़ै–गिरावे, पछाड़े । बरूथ – सेना ।

७. झळाबोळ – अग्निमय, भयानक । खांडाहळां – तलवारों की । झाट – प्रचण्ड प्रहार । बीजळा – विद्युत । असाढ़ – आषाढ़ मास में । खासावाड़े – युद्ध में राजा के समीप रहने वाली अंगरक्षक सेना । बाढ़ – काट कर । तुरंत्तां – जल्दी से । नूं – को, ने । धक्के चाढ़ – सामने चढ़ाकर, सामने से प्रतिपक्षी को उलटे पांव धकेलना ।

१. नाहरी – सिंहनी । इम – यों, इस प्रकार । नाहर – हे सिंह । गिरबास–गिरि-कन्दराओं में निवास करना । उताळ – तेजी से, जल्दी से । अण ठामां – इन स्थानों पर । नित – नित्य । ऊथाळा – नाश । भाला – भाला शस्त्र । रंगै – रंगता है । भूपाळ – राजा, भूमिपाल ।

दिन ऊगै भाखरां नित गिरदावै, केहर सूं नित नाहरी कहै।
छळते जोम छड़ाळां छेड़ै, राजा केड़ै लगो रहै ॥२॥

वाघ हूंत भाखै इम वाघणी, अजका हुवा तजो गिर अेण।
भालां अवस चकासै भूपत, रात दीह न गिणै रामेण ॥३॥

सींघ हूंत प्रभणै सिंघणी, भूप चपेटै सांझ प्रभात।
ऊठै रंजक जमे आखेटां, रहै अजक लागो दिन रात ॥४॥

५५. गीत महाराव राजा रामसिंघ हाड़ा बूंदी रौ

रोड़ै बंबीलां अरावां सोर धमावे जागियौ रोस,
　　　　सेस घू नमावे केड़ै लागियौ संजाट।
भूप ऊछाहरां साजे महुंडां तरिंदां भेड़ै,
　　　　रांमेड़ गरिंदां छेड़ै नाहरां रंजाट ॥१॥

---

५४. गीतसार—प्रोक्त गीत बूंदी के महाराव राजा रामसिंह हाडा की सिंहों की आखेट पर कथित है। गीतकार का कथन है कि रामसिंह जब गिरि-कन्दराओं के वासी सिंहों की शिकार के लिए गजाश्वों को सजाकर प्रयाण करता है तो पृथ्वी का भार उठायें रखने वाले शेषनाग का मस्तक लचक उठता है।

---

२. ऊगै – उदय होने पर। भाखरां – पर्वतों। गिरदावै – चारों ओर से घेर कर मारना, घेरे में लेना। केहर सूं – शेर से। छळते – छलकते। छड़ाळां – भालों से। केड़ै – पीछे। लागो रहै – लगा रहता है।

३. वाघ हूंत – सिंह से। भाखै – कहती है। इम – यों, इस प्रकार। अजका – बेचैन, सतर्क। गिर अेण – इस पर्वत को, पर्वत का निवास, इसी समय। अवस – अवश्य। चकासै – झगड़ा करे, निशाना मारे। रात दीह – रात्रि और दिन। रामेण – गीतनायक रामसिंह।

४. सींघ – सिंह। प्रभणै – कहती है। चपेटै – घेरा डाले, चोट मारे। सांझ – संध्या। रंजक – राजा, बारूद। अजक – व्याकुलता।

१. रोड़ै – बजवाता है। बंबीलां – नगाड़े। अरावां – तोपें। सोर धमावे – बारूद की ध्वनि, हल्ले तथा धमाके। सेस घू – शेषनाग का मस्तक। नमावे – झुका लेता है, झुका देता है। केड़ै लागियौ – पीछे पड़ने पर। संजाट – सज्जित होकर। ऊछाहरां – उत्साह, उमंग। महुंडां – मेढ़ों की। तरिंदां – तरह। भेड़ै – भिड़ें, टक्कर करें। रांमेड़ – महाराव राजा रामसिंह, वन में। गरिंदां – पर्वतों। नाहरां – सिंहों। रंजाट – रंजन, आमोद-प्रमाद।

मेदनी हैमरां खुरां धूजावै चळायमान,
ऊछजावै लोयणां भळायमान आग।
मेघनाद गजावै यूं सजावै बंदूकां मार,
बाघला मयंदां हाडौ खिजावै ब्रजाग ॥२॥

कूंभाथळां लागै नरां हैमरां ढोहता कोप,
हाथळां हाथियां घड़ा डोहता हटैत।
हाक बागां फौज नूं रोहतां लथोबथ्थां होय,
पाड़ै असा दूजौ सतौ नौहथ्था पटैत ॥३॥

घोर तासां आरब्बां नगारां हाकां घोक लागै,
डाकां चहूं ओक लागै बैरियां डंडाड़।
सथी नाथ सोहड़ां सीमांड़ां तो सू सोक लागै,
प्रथीनाथ भोक लागै नाहरां पछाड़ ॥४॥

---

२. हैमरां खुरां – घोड़ों के सुमों या पद-चापों। धूजावै – कम्पाता है। ऊछजावै – ऊपर उठाने। लोयणां – नेत्रों। भळायमान – ज्वलित। मेघनाद – घन-गर्जन। बाघळा – भूखा, क्रुद्ध। मयंदां – सिंहों को। खिजावै – क्रुद्ध करता है, रुष्ट करता है। ब्रजाग – वज्राग्नि।

३. कूंभाथळां – गजों के कुंभ। हैमरां – घोड़ों। ढोहता – गिराते। हटैत–हठीले, हटने वाले। हाक बागां – हल्ला होने पर। रोहतां – रोकते। लथोबथ्थां – बाथमबाथ। पाड़ै – गिरावे। असा – ऐसा। सतौ – शत्रुशाल। नौहथ्था – नव हाथ लम्बे कद के। पटैत – सिंह, योद्धा।

४. घोर – घनघोर। तासां – तासा नामक वाद्य। आरब्बां – अरबी बाजे। हाकां – जोर की आवाजें, हाके। घोक – झड़ी, अनवरत घोष। डाकां – डंडे, ढाक वाद्य। ओक – जगह। डंडाड़ – दण्डित करने वाले। सोहड़ा – सुभटों। सीमांडां – सीमावर्त्ती। भोक – वाह-वाह, प्रहार। नाहरां – शेरों को। पछाड़ – मार, पछाड़ें।

५६. गीत रावत केसरीसिंघ सलूंबर रा धणी रो

सोधै साहिबां सरारा करै करारा जुवाब स्वाल,
उथाळा जोसैल चाळा धरारा आखांण।
भंजे सामराथां खळां बानैत बिरद्दां भारां,
बिलायतां घणा थारां केहरी बाखांण ॥१॥
वहै राह भाळे सूधा निसारा आजरी वेळां,
धूकळां आजरी छटा भूवळां धारीक।
बानां वंध जोरावार साजरी बदेतां बोलै,
तणा पदमेस भूरा राज री तारीफ ॥२॥
उकंधां नमाय कंधा संधा रा बिरद्दां आदू,
तौरा जोमरद्दां वाळां वखेरे तरांह।
भवानेस हरा राड़ांजीत रांण बारां भाळी,
समंदरां वारपारां तुहाळी सराह ॥३॥

---

५६. गीतसार—ऊपर कथित गीत रावत केशरीसिंह चूंडावत सलूम्बर पर रचित है। गीतकार ने गीत में रावत केशरीसिंह के प्रभाव को दर्शाते हुए लिखा है कि वह यूरोपवासियों (अंग्रेजों) से करारे जबाव-सवाल करता है और युद्ध-वेला में दुश्मनों का नाश कर डालता है। उसके साहस और निर्भीकता की विदेशों तक में प्रशंसा होती है।

---

१. सोधै — ढूंढ़ता है। साहिबां — अंग्रेज अधिकारियों को। करारा — कठोर। जुवाब-स्वाल — प्रश्नोत्तर। उथाळा — उथलने का भाव, बात को न मानकर आज्ञा भंग करना। जोसैल — जोशीला। चाळा — युद्धकारी कार्य, छेड़छाड़। धरारा — पृथ्वी का। आखांण — आख्यान, कथन। भंजे — संहार करे। सामराथ — समर्थों, युद्धों में। बानैत — वीरतासूचक चिन्ह विशेष। बिरद्दां भारा — अनेक विरुदों का समूह। बिलायतां - यूरोपीय देशों। थारां — तुम्हारे। केहरी — केशरीसिंह। बाखांण — बखान, चर्चाएं।

२. वहै — चलते हैं। वेळां — समय। धूकळां — लड़ाइयों। छटा — शोभा। भूवळां — भूरि बल। बानां वंध — वीरतासूचक बानाधारी। तणा — पुत्र। पदमेस — पदमसिंह।

३. उकंधां — उन्नत स्कंध, बलवानों को। नमाय — झुकवा कर। आदू — आदिकालीन, परम्परा प्रचलित। तौरा — रोबदाब। जोमरद्दां — जवांमर्दी का। वखेरे — बिखेर देता है। भवानेसहरा — भवानीसिंह का पौत्र। राड़ांजीत — युद्ध में विजय प्राप्त कर। समंदरां — समुद्र पार के, यूरोपीय देशों के। वारपारां — उस ओर के। तुहाळी — तुम्हारी।

आथ देणां कीत काजां जांणियौ जिहांन आजां,
दाटै अरिद्रा भारी समाजां दीसोद ।
थाट पती राजां रीत मेवाड़ धरा रा थंभ,
साजां पुळिंदरां भलौ अगंजी सीसोद ॥४॥
—गोरादान आसिया रौ कह्यौ

५७. गीत प्रिथीसिंघ हाडा रौ जुध रौ

बौळी चसम्मा मजीठ रौळी नखंगी धूप रे वागां,
पैनां तीर गौळी सांग लागा आरपार ।
हौळी फागां जेम खागां उनंगी पीथळे हाडे,
हिलौळी फिरंगी सेना पैंतीस हजार ॥१॥
धेठी लाज आगेठी पलटी ज्यूं ऊजळी धारा,
जेठी भार पड़ेतै कणैठी काथे जौम ।
हेठी चखां न धारे प्रथमी जीत गोरां हूंता,
भीम ज्यूं करैबा भेटी खाधी बीर भौम ॥२॥

---

५७. गीतसार—उपरोक्त गीत चौहानों की हाडा शाखा के वीर पृथ्वीसिंह का है। गीतकार ने लिखा है कि गीतनायक पृथ्वीसिंह ने अंग्रेजों पर कुपित होकर होलिकोत्सव के दण्डक रास की भांति तलवारों का फाग खेला। उस वीर ने तोपों के गोले और बाणों के घमासान युद्ध में अंग्रेजों की पैंतीस हजार संख्यक वाली विशाल सेना को विचलित कर दिया। वह प्रसिद्ध वीर भीमसेन पाण्डव के समान अंग्रेजों से टक्करें लेने लगा।

---

४. आथ देणां – द्रव्य दान करने वाला, दानी। कीत काजां – कीर्त्ति के लिए। जिहांन – संसार। दाटै – रोके। अरिद्रा – वैरियों को। थाट पती–सेनानायक। धरा रा – पृथ्वी का। पुळिंदरां – इन्द्र-सा। थंभ – स्तंभ। अगंजी – अजयी। सीसोद – सीसोदिया वंशीय रावत केशरीसिंह।

१. बौळी – लाल। चसम्मा – चक्षु, नेत्र। मजीठ रौळी – मजिष्ठ के समान गहरी लाल रंग में रंगी हुई। धूप रे – तलवार के। वागां – चलने पर। सांग – एक शस्त्र विशेष। आरपार – इधर से उधर, छेद कर पार। हौळी फागां – होलिकोत्व की फाग। जेम – ज्यों। खागां – तलवारें। उनंगी – नग्न। पीथळे – पृथ्वीसिंह। हिलौळी – आन्दोलित की, हिला दी। फिरंगी – अंग्रेजों की।

२. धेठी – धृष्ट, वीर। आगेठी – अग्रिम, अग्नि। जेठी – जेष्ठ पर। भारपड़ेतै – वजन आ पड़ने पर। कणैठी – कनिष्ठ ने। काथे – क्रोध, शीघ्र। हेठी – नीची। चखां – नेत्रों। गोरां हूंता – अंग्रेजों से। करैबा – करने। भेटी – टक्कर, सिर को सिर से भिड़ाने को भेटी मारना कहते हैं। खाधी – खाई, ली।

चंडी हाक बागतां घूमंडी भैंरू डाक चोडै,
नार-तंडी तमासे लागतां गैण माग।
मंडी तोपां नागणी जागतां आयो रोस माथे,
नबीपरां पीथळो उडंडी काळो नाग ॥३॥

बाना बंधां रोकतो सोकतो गोळां सरांवाळी,
काळी श्रवा ओकतो संभाळी श्रोण काज।
ऊठे धू तोकतो गैण माधाणी झोकतो ऊंडा,
आयो सूधो कोकतो कठी नै झालो आज ॥४॥

रास ताळी खेलतां जोगणी महाकाळी रुद्र,
लोही खाळी ऊबकै पंखाळी भखै लोध।
आळी तोपां वाळी वागां ऊजाळी संभरी आयो,
जांणै लंका प्रजाळी अंजणी वाळो जोध ॥५॥

---

३. चंडी – चण्डिका। हाक – ऊँची आवाज। बागतां – होते। भैंरू – भैरव। डाक – ढाक वाद्य, शिव ने। नार-तंडी – अप्सराओं के। गैणमाग – आकाश-पथ। नबीपरां – अंग्रेजों। पीथळो – पृथ्वीसिंह। उडंडी – उड़ने वाला, घोड़े। काळो नाग – काला सर्प।

४. सरांवाळी – बाणों की बौछारें। काळी श्रवा – कालिका को श्रवामंत्र से आहुति देता। ओकतो – शस्त्र, प्रहार करता, क्रूर दृष्टि डालता। श्रोण – रुधिर। धू – मस्तक। तोकतो – उठाता, तोलता। गैण – आकाश। माधाणी – महाराव माधोसिंह कोटा का वंशज। झोकतो – ठेलता, झोंकता। कोकतो – ललकारता बुलवाता। कठी नै – किधर है। झालो – राजराणा जालिमसिंह झाला, झालावाड़ वालों का पूर्वज।

५. रास ताळी – ताली नृत्य। लोही खाळी – लोहू के नाले। ऊबकै – उमड़ती। पंखाळी – पंखों वाली, गृद्धादि पक्षी। भखै – भक्षण करती है। लोध – लुब्ध भाव से। आळी – पंक्ति। वागां – चलते हुए। संभरी – चहुवान, सांभर स्थान पर राजधानी रहने के कारण चहुवान संभरी कहलाते हैं। जांणै – मानो। प्रजाळी – जलाई, जलाने वाला। अंजणी वाळो – अंजनी का, हनुमान। जोध – पुत्र, योद्धा।

खेळा नंचै नारदां गणेस भेळा रचै खेल,
मेळां मचै अच्छरां भवेस गूंथै माळ।
भाण खंचै बागां जठै चेला पाटैत रै भीड़,
तेण वेळां पूठी रखौ हंचै निराताळ ॥६॥

ओण भू में खळाकै कसूंबा मांट फूटा सा-क,
उठै सूरां गैंदता विलम्मे केक आण।
घणां घावां बीच घूमै कलाळी हाट ज्यूं गीरा,
अेह रोसवाई उभै रचायौ आराण ॥७॥

रंमे सूरां संगाती हालरा गीत जोगरांणी,
पळां माती ग्रीधणी सांमळां पड़ै पीच।
जठै सांग हाडा तणी हाथियां स वारा जेम,
बहीं जाती पालकी नवेसां साथी बीच ॥८॥

खळां आयौ बागो करंतो वरंगा खागां,
कटै चंगा फरंगा ऊबरे भागां केम।
ऊठे हाडा धूप रे नरंगा लोहा तूटा ओघ,
जोत लंगा माथै सीस गंगा जळां जेम ॥९॥

---

६. नंचै – नाच करते हैं। भेळा – एक साथ, शामिल। मेळां – मेला, सम्मेलन। अच्छरां – अप्सराओं के। भवेस – शिव। गूंथै – गूंथता है। भाण – भानु, सूर्य। बागां – घोड़े की लगामें। पलड़ा – चेले, शिष्य। पूठी रखौ – पृष्ठ-रक्षक। हंचै – मारे, युद्ध करता है। निराताळा – भयंकर रूप से।

७. खळाकै – प्रवाहित, तेजी से बहना। कसूंबा – लाल रंग। मांट – मटके, घड़े। गैंदता–कुचलते, मारते, गजदन्त। विलम्मे – झूमने लगे, जुट गए। कलाळी हाट – मदिरा-विक्रेता की दूकान, कलाल की दूकान। गीरा – अंग्रेज सैनिक। रचायौ – लड़ा, रचा। आराण – युद्ध।

८. संगाती – साथी। हालरा गीत – बालकों को रमाने का एक गीत विशेष, लोरी। जोगरांणी – योगमाया, महादुर्गा। पळां माती – मांसादि खाकर मस्त हुई। ग्रीधणी– गृद्धनी। सांमळां – चीलें। सांग – नामक शस्त्र। हाडा तणी – हाडा शाखा के वीर पृथ्वीसिंह की।

९. खळां – दुश्मनों को। वरंगा – टुकड़े, खण्ड खण्ड। खागां – तलवारों से। चंगा– अच्छे अच्छे, बड़े बड़े। फरंगा – अंग्रेज। भागां – भाग जाने पर, भाग्यवश। धूप रे – तलवार के। नरंगा-लोहां – लाल लोहू जैसे शस्त्रों की चोटों से। तूटा – टूटे। जोत लंगा – ज्योतिर्लिंग, शिव। माथै – ऊपर। गंगाजळां – गंगाजल।

घांणी तोपां भुजांणी दाखियौ कासबाणी धाड़,
फरंगां कीं मजौ चाखियौ सेलां फूट।
मिळंतै पारका भीम ठांणी हिंदवांणी मौड़,
खरंदे साधाणी जंगां जांणी च्यार कूंट ॥१०॥

गोरां धू करेगौ मेघाडंमरां पंड रै घाव,
पटाराणी गूमरां हरेगौ पैलै पार।
चम्मरां ढुळंतां हाडौ गल्लां ऊवरेगौ चंगौ,
साजोत संभरां खेती तरेगौ संसार ॥११॥
—जसा आढ़ा रौ कह्यौ

५८. गीत महाराव राजा रामसिंघ हाडा रौ

झाड़ै गिरंदां अझाड़ां हाका पाटवी राग रा झल्ले,
वांकां लोग ठल्ले डाका खाग रा बजेण।
जोसरा थाहरां डाचा उबाड़ै करग्गां जोर,
रोस रा नाहरां पाड़ै सिकारां रामेण ॥१॥

५८. गीतसार—कवि ने ऊपर के गीत में बूंदी नरेश महाराव राजा रामसिंह की आखेट का वर्णन किया है। वह कहता है कि महाराव रामसिंह सघन गिरि वनों में हाके की ध्वनि द्वारा भयानक सिंहों को अपनी कंदराओं से उठवा कर आखेट करता है।

१०. घांणी – घमासान, चने, जौ और मोठ आदि को भाड़ में भुनने के बाद उस अनाज को घांणी कहते हैं। भुंजांणी – भुजबली, भुताई। दाखियौ – बोला, कहा। कासवाणी – सूर्य ने। धाड़ – धन्य धन्य का शब्द। चाखियौ – चखा। सेलां – भालों के। पारका – समुद्र परे के, अंग्रेज। च्यार कूंट – चारों दिशाओं में।

११. धू – सिर। मेघाडंमरां – मेघाडंबर, हाथी का हौदा। पटाराणी – महारानी विक्टोरिया। गूमरां – गर्व को। पैलै पार – उस पार। चम्मरां – चंवर। ढुळंतां – झलते। गल्लां – यश कथाएँ। ऊवरेगौ – सुरक्षित छोड़ कर गया। चंगौ – अच्छी। साजोत – ज्योति। संभरां – चहुवानों। तरेगौ – तैर कर गया, पार उतर गया।

१. झाड़ै – झाड़-झंखाड़, गिराता। गिरंदां – पर्वतों। हाका – शिकार के जानवर को शोरगुल कर उठाने वालों को हाका देने वाले कहते हैं। पाटवी राग – प्रधान रागिनी, सिंधू रागिनी। झल्ले – होते, गूंजाते। वांकां – वक्रिम, विकट। ठल्ले– धकेलता। डाका – डंडे, नगारे की ध्वनि। खाग रा – तलवारों के। बजेण – बजते। थाहरां – कंदराओं। डाचा – मुह, मुख। उबाड़ै – खोले, नाश करे। करग्गां – हाथों के। नाहरां – सिंहों को। पाड़ै – मार गिराता है। रामेण – महाराव रामसिंह।

हाथियां कपोलां केक झूमै लूथबत्थां होय,
केक आय लूमै दौळां साथियां हकार ।
वंसा नीर चाढ़े भूप अबीहां जनेबा बाहे,
संभरी बाघळा सीहां विभाड़ै सिकार ।।२।।

गजां गूद गटैता रटैता मेघवाळी गाज,
कूदै ऊछजेटा आसमांण नूं ठेकात ।
आप फौज रोहतां अटैतां खाग मंडै आच,
नौहथा पटैतां खंडै खाग चहूंवाण नाथ ।।३।।

करग्गां बरख्खै फूल कुरंग नाठिया काज,
संभू सोम राज बीहूं हरख्खै साहंस ।
हाडा ची धाक हूं रहबौ गिरंदां अराधै नहीं,
बाधा नहीं मेदनी नाहरां वाळां वंस ।।४।।

---

२. कपोलां – भ्रशुण्डों, मस्तकों । केक – कई एक । झूमै – झूमते हैं । लूथबत्थां – बाथ डाल कर, लथोबत्थ हुए । लूमै – झुकते-लटकते हैं । दौळां – चौतरफ । हकार – ललकार । वंसा नीर चाढ़े – वंश को कीर्त्तिमान करे । अबीहां – निर्भीकता से । जनेबां – तलवारें । बाहे – चला कर, प्रहार कर । संभरी – चहुवान नरेश । विभाड़ै – नाश करता है ।

३. गजां गूद – हाथियों का मांस । गटैता – खाने वाले । रटैता – रटने वाले, आवाज करने वाले, गर्जना करने वाले । मेघवाळी – मेघ घटा की-सी । गाज – गर्जना । ऊछजेटा – उछल कर, छलांग लगा कर, खड़े हुए केशों वाले । आसमांण नूं – आकाश को । ठेकात – छलांगें भरते । रोहतां – रुद्ध करते, रौंदते । अटैतां – वैरियों । आच – हाथ । पटैतां – सिंह, पट्टाधारी । खंडै – मारता है, खण्डित करता है ।

४. करग्गां – हाथों से । कुरंग – हरिन । नाठिया काज – भाग जाने के कारण । संभू – शिव । सोम – चन्द्रमा । बीहूं – दोनों । हाडा ची – हाडा की । अराधै – स्वीकार नहीं करते, विचारते नहीं । बाधा नहीं – साहस जैसा कुछ बच नहीं रहा ।

५९. गीत महाराव राजा रामसिंघ हाडा रो सिकार रो

वागै नकीबां अताळी हाक हरोळां जलेब वधै,
उरोळां उछाह मंडै करोळां अथाह।
कोह हाका खेड़ै लोग रेड़ै वंब जोस कापै,
सारदूळां रोस माथै छेड़ै रामसाह ॥१॥

हकाले अझाड़ां चौतरफ्फां नरां फौज हल्लै,
भल्लै जठै वोल दे दकालै कै भाराथ।
अजौ दूजौ गाढ़ेराव गयंदां वकालै असां,
प्रळै काळा मयंदां हकालै प्रथीनाथ ॥२॥

मन्ने आप हालणां धरंता पांव मट्ठा वाळा,
सिपाहां साळणा रट्टा घट्टा वाळा सीर।
कीधां छत्र सट्टावाळा चगावै आपांण काचां,
काळ की-सी छटावाळा जगावै कंठीर ॥३॥

---

५९. गीतसार—प्रोक्त गीत बूंदी के महाराव राजा रामसिंह हाडा से सम्बन्धित है। कवि ने महाराव राजा की शिकार का वर्णन करते हुए लिखा है कि नकीबों की आवाज पर जब हरावल सेना आगे बढ़ती है। और तब करोलों के मन उत्साह से खिल उठते हैं। घोड़ों, हाथियों, पदातियों और व्याघ्रों की शब्द ध्वनि के साथ रामसिंह सिंहों को आखेट के लिए उठाता है।

---

१. नकीबां — राजाओं के सन्मुख विरुद शब्दों का उच्चारण करने वाले, चोबदार। अताळी— जोशीली, भयानक। हाक — आवाज। हरोळां — हरावल, सेना की आगे की पंक्ति। जलेब वधै — हाजरी या अगवानी में बढ़ते हैं। उरोळां — हृदय में। उछाह — उत्साह। करोळां — करावुल, शिकारी जानवरों को खोजने वाला दल। अथाह — अपार। कोह — पर्वत, कोलाहल। खेड़ै — हांकते हैं। रेड़ै — बजाकर। वंब — नगारे, ढोल आदि वाद्य। कापै — शीघ्रता से, क्रोधित होकर। सारदूळां — शार्दूलों, सिंहों। रामसाह — रामसिंह।

२. हल्लै — चलती है। जठै — जहां पर। दकालै — ललकारे। भाराथ — युद्धार्थ। अजौ — अजितसिंह। दूजौ – दूसरा। गाढ़ेराव — महान् वीर। गयंदां — हाथियों। वकालै — उत्साहजन्य ललकार। प्रळैकाळा — प्रलयकारी। मयंदां — सिंहों को।

३. मन्ने आप — अपनी इच्छा से, स्वेच्छाचारी। हालणां — चलने वाले। मट्ठा — धीरे से। सालणां — चुभने वाले। रट्टा — रटक, टक्कर। घट्टा वाळा — घटा वाले। सट्टा वाळा — केशावलि, सिर की गर्दन के बालों को सट्टा कहते हैं। चगावै — चिढ़ाए हुए। काळ की-सी — मृत्यु के समान, यम तुल्य। छटा वाळा — शोभा वाले, बिजली वाले। कंठीर — सिंह।

सिकारां रंजाक भू साहां रा साल दूजै सतै,
उभेही राहां रा कीधौ जाहरां आपांण ।
घासाहरां थाहरां में काळ रा धकासै धांचै,
चोड़ंधाड़ै नाहरां चकासै चाहूआंण ॥४॥
—सूरजमल मीसण रौ कह्यौ

६०. गीत कंवर दौलतसिंघ हाडा रौ सिकार रौ

घूमै हाथळां सिळाव नखां बीज ज्यूं वूठती घटा,
लोयणां ऊठती ज्वाळा जांणै लागी लाय ।
तेज हाकारवै हूंतां दौला रायजादा तूंहीं,
बाकारवै बाघ इसा बरूथां बलाय ॥१॥

डाक काळ रूपी डाच उबेड़ै कटार डड्ढां,
भीमनाद भेड़ै रेड़ै गयंदां गंभीर ।
आहेड़ै तेड़ै पेड़ै वीर देवीसिंघ वाळा,
केड़ै लाग तूंहीं छेड़ै डांखियौ कंठीर ॥२॥

---

६०. गीतसार—उल्लिखित गीत कुमार दौलतसिंह हाडा की सिंह-आखेट से सम्बन्धित है । गीतकार का कथन है कि दौलतसिंह घन-घटा में कौंधती विद्युत सदृश चमकते पंजों के नाखूनों तथा अग्नि-ज्वाला से प्रज्ज्वलित नेत्रों वाले महा क्रोधीले सिंहों को हाके में घेर कर शिकार करता है ।

---

४. रंजाक – रंजन करने वाला, विनोदी । साल – शल्य । दूजै सतै – द्वितीय शत्रुशाल । उभेही – दोनों ही । आपांण – बल । घासाहरां – सेनाओं । थाहरां-कन्दराओं । धांचै – मारता है, बहादुर, जो दमित न किये जा सके । चकासै – निशाना बनाये, मारे, युद्ध करे ।

१. हाथळां – पञ्जों के बल पर । सिळाव – चमक, विद्युत-दीप्ति । नखां – नाखूनों । बीज – विद्युत । लाय – प्रचण्ड अग्नि । बाकारवै – ललकारता है । बाघ – व्याघ्र, सिंह । इसा – ऐसे । बरूथां – सेनाओं । बळाय – विपत्ति ।

२. डाक काळ – मृत्यु के दण्ड, काल की झपट । डाच – बटके, मुंह । उबेड़ै-खुले । कटार डड्ढां – कटार के समान दंष्ट्राओं वाले । भेड़ै – भिड़ावे, टक्कर दिरावे । रेड़ै – धकेले । गयंदां – हाथियों । आहेड़े – शिकार के लिए । तेड़ै – बुलावे । केड़ै लाग – पीछे लग कर । छेड़ै – छेड़छाड़ करता है । डांखियौ – भूखे । कंठीर – सिंह ।

माठा पांव देतौ आयौ बावरैल डाळामथौ,
जांणै भू समाध लेतौ जगायौ जोगंद ।
दुवारै जमायो प्यालो जवांनी जोसैल दीला,
मांटीपणै वातळायो रोसैल मयंद ॥३॥

जमी सोर उडयो वाण वज्र तारौ तूटौ जांणै,
छूटौ जांणै धम्यौ गोळो तोप सूं अछंट ।
ताय इसी ऊडै तारै गोळी लागी थापा तोड़,
पछै घू विछोड़ वागी वणासां पछंट ॥४॥

कंवरां स्त्रंगार दीला साज ओछाहरा कीधां,
आखेटां ठाहरां लीधां जोधारां औनाड़ ।
तेज पूंज दूजा सत्ता थाहरां गिरंदां तोका,
प्रथम्मी जाहरां भोका नाहरां पछाड़ ॥५॥

---

३. माठा पांव – धीरे चरण, मस्त चाल से। बावरैल – बर्बर, बब्बर शेर। डाळामथौ – सिंह। भू समाध – भूमि में समाधि। लेतौ – लेते समय। जोगंद – योगीराज को। दुवारै – दो बार पलट कर निकाली हुई तेज शराब को दुवारा कहा जाता है। वह बड़ी नशीली होती है। जमायौ – पीया हुआ, एक किस्म की मदिरा। जोसैल – जोशीला। मांटी-पणै – मर्दानगी। रोसैल – रोषीला, क्रोधीला। मयंद – सिंह को।

४. जमी – जमाकर रक्खा हुआ। सोर – बारूद। उडयो – उड़ा, धधक कर छूटा। वाण – तोप, तीर। तारौ – नक्षत्र, सितारा। तूटौ – टूटा। धम्यौ – धमाके से, धमधमा कर। अछंट – अलग, अकस्मात्। ताय – ताप, आग, भांति। थापा तोड़ – भुजामूल से वक्षस्थल तक के अंग भाग का नाश करती। घू – मस्तक। विछोड़ – तोड़ती, अलग करती। वागी – बजी, चली। वणासां – कृपाणें। पछंट – पछांट खाती हुई, उछाल लेती हुई।

५. कंवरां स्त्रंगार – कुमार शिरोमणि। ओछाहरा – उत्सव का, उत्साह का। आखेटां – शिकारों का। ठाहरां – स्थान, कंदरा, चुने हुए। जोधारां – योद्धाओं। औनाड़ – वधन को न स्वीकारने वाले, अनम्र। दूजा सत्ता – द्वितीय शत्रुशाल। थाहरां – सिंह की गुफाएँ। गिरंदां – गिरिमाला, पर्वतों। तोका – संभालता, प्रहार देता। जाहरां – जाहिर, प्रकट। भोका – धन्य धन्य, शाबाशी का शब्द। नाहरां – सिंहों को। पछाड़ – पछाड़ने वाले, मारने वाले।

६१. गीत अखा हींगोळ बाहड़मेरा रौ

तैं ध्रवियौ घणां भड़ां वळि ताकै, रिणवट कूंपा रूप रखा ।
वरळक करै फरै वीरारसि, अहि जिम थांरौ कूंत अखा ॥१॥

हाथि हुवौ संग्राम तणी हर, थियै कळह तौ प्रकट थियौ ।
लागूवां झड़पां दियंतां लागै, कमधज साबळ पनंग कियौ ॥२॥

तीखे किये वळे ओडै तण, असिमर हथ वहतां अनड़ ।
अरियण डसण हुवै दळ आगळि, भालो भुयंग सरोस भड़ ॥३॥

पूंगी झाट तिता रिण पोढ़ै, अणी चढै ताइ मरै अरि ।
जुधि हींगोळ तणा प्रगड़ी जगि, वळकि छडाळौ नागवरि ॥४॥

—नांदण बारहठ रौ कह्यौ

---

६१. गीतसार—इस गीत में कवि ने अक्षयराज बाडमेरा राठौड़ के भाले को सर्प के साथ उपमित कर लिखा है कि अक्षयराज,युद्ध में शत्रुओं पर जब आक्रमण करता है तब उसका भाला सर्प के समान त्वरित गति से चलता है। और उसके सर्प रूपी भाले की चोट में आजाने पर शत्रु-पक्षी योद्धा को मृत्यु की गोद में ही जाना पड़ता है ।

---

१. तैं – तुमने । ध्रवियौ – संहार किये । घणां – बहुतेरे, बहुल । भड़ां – वीरों । ताकै– निशाना बांध कर । रिणवट – रणमार्ग । वरळक – झपटें मारे, तरल गति से चले । फरै – फिरता है । वीरारसि – वीररस । अहि – सर्प । जिम–जैसे । थांरौ – तेरा, तुम्हारा । कूंत – भाला । अखा – अक्षयराज ।

२. हाथि – हाथ में । थियै – होने पर । कळह – युद्ध । थियौ – हुआ । लागूवां – वैरियों । झड़पां – झड़पें, मुठभेड़ें । दियंतां – देते समय । कमधज – कर्मध्वज, राठौड़ । साबळ – बर्छा, भाला । पनंग – सर्प ।

३. तीखे – तेज, पैने । वळे – तदुपरान्त, फिर । ओडै तण – ढाल । असिमर – तलवार । हथ – हाथ । वहतां – प्रहार करते । अनड़ – वीर, पराक्रमी, दुर्ग । अरियण – शत्रुओं को । डसण – डसने के लिए, घाव करने के लिए । आगळि – अगाड़ी, आगे । भुयंग – भुजंग, सांप । सरोस – सक्रोध । भड़ – सुभट, वीर ।

४. पूंगी – लगी, सर्प को मोहित करने का वाद्य, पूंगी वाद्य । झाट – प्रहार । तिता – जितने तो । रिण पोढ़ै – लड़ाई के मैदान में सो गए । अणी – नोंक पर । ताई– से । अरि – वैरी । हींगोळ तणा – हींगोल तनुज के । प्रगड़ी – प्रातःकाल । छडाळौ – भालों । नागवरि – सर्प, नाग-श्रेष्ठ ।

६२. गीत राजा केसरीसिंघ सेखावत खण्डेला रा धणी री

मरतै जिण दोय हजार मारिया, खागां रत वूहा खळळ।
कूरम सुरग लियां गो केहर, कटकां ची हूंकळ कळळ ॥१॥

साहां तणी धरा सिर साटे, रहतौ खाय लेतौ रटक।
अन्त दिन पैलां अनै आपरा, करि साथै लेगौ कटक ॥२॥

मारणहार तणा दळ मारे, जस अजरामर हूवौ जग।
वहादर तणौ लियां बावीसी, सेखावत पुंहतौ सुरग ॥३॥

अड़ पड़ियौ कांकड़ आपांणै, दूठ नगारे ठौर दियां।
अंबर धर दिस सूं कछवाहौ, लसकर डंबर गयो लियां ॥४॥

मांहे सौं सांम ठांम न मायो, गहमह पूर सपूर गनै।
राजापुरो बसायो राजा, केहर सूरा मंडल कनैं ॥५॥

---

६२. गीतसार—उपर्युक्त गीत खण्डेला के अधिपति राजा केशरीसिंह गिरधरदासोत कछवाहा का है। केशरीसिंह ने हरीपुरा ग्राम के युद्धक्षेत्र में बादशाह औरंगजेब की सेना के साथ लोमहर्षक युद्ध कर वीरगति पाई थी। गीत में उल्लेख है कि राजा केशरीसिंह ने आक्रमित सेना के दो हजार शत्रुओं को रणांगण में धराशायी कर स्वर्ग प्राप्त किया।

---

१. जिण – जिसने। मारिया – नाश किया। खागां – खड्गों से। रत – रक्त, लोहू। वूहा – प्रवाहित हुआ। खळळ – खलखल की ध्वनि करता। कूरम–कूर्म, कछवाहा। सुरग – स्वर्ग। लियां गो – साथ लेकर गया। कटकां ची – सेना की। हूंकळ कळळ – युद्ध का कोलाहल युद्ध में योद्धाओं के घोड़ों की हिनहिनाहट की ध्वनि।

२. साहां तणी – बादशाहों की। सिर साटे – सिर के बदले में। रटक – टक्कर। अन्त दिन – अन्तिम दिन, मृत्यु के समय। पैलां – विपक्षी। अनै – अन्य, और। आपरा – अपने। करि साथै – साथ में, सम्मिलित कर। लेगौ – लेकर गया। कटक – सेना।

३. मारणहार – मारने वाले, आक्रामक। जश – यश। अजरामर – अजर अमर, स्थायी। जग – संसार में। बहादर तणौ – राजा बहादुरसिंह तनय। बावीसी – सभी अंगों वाली सेना। पुंहतौ – पहुँचा।

४. अड़ पड़ियौ – हठपूर्वक मुकाबिला कर खेत रहा। कांकड़ – सीमा पर। आपांणै – अपने राज्य की, अपने बल से। दूठ – वीर, बहादुर। ठौर – अनवरत प्रहार। नगारों की ध्वनि। अंबर – आकाश। धर हूं – भूतल से। लसकर – लश्कर, सेना। डंबर – सज्जित सेना सहित, आडम्बर सहित।

५. सांम – स्वामी। ठांम – स्थान। न मायो – समाहित न हुआ। गहमह–दलबल, समूह। पूर – पूरा। बसायो – आबाद किया। सूरामंडळ – सूर्यमण्डल, सूर्यलोक के। कनैं – पास, निकट।

६३. गीत राजा केसरीसिंघ सेखावत खण्डेला रा धणी रौ

कूरम जग साख खत्रीवट काजा, साजा दळ बोळवै सपूत।
बिच रण रह्यौ बाजतां बाजा, राजा मेल न गौ रजपूत ॥१॥

अइयो अंग आकाय कूरमवट, धूपट खळां बाही खगधार।
कटक कटाय जाय किम केहर, साम्हौ आय मूवौ सरदार ॥२॥

सेखावत रावत बट साजे, सुतन बहादर समर सगाह।
फौजां तणौ मुदौ नह फिरियौ, गिरियौ बीच करै गजगाह ॥३॥

कुरु कूरमां महाभाराथ कियौ, मरणे फेर सुजे जळ मांह।
फौज सहत केहर स्रग फबियौ, दुरजोधन दबियौ दरगाह ॥४॥

---

६३. गीतसार—उपर्यंकित गीत राजा केशरीसिंह शेखावत खण्डेला के शाही सेना से युद्ध कर काम आने विषयक है। गीतकार ने गीत में लिखा है कि राजा केशरीसिंह ने संसार की साक्षी में शत्रु सेना से भयानक युद्ध लड़कर क्षत्रियत्व के मार्ग को प्रशस्त किया। वह वीर युद्ध वादित्रों के घोर शब्दों में अपनी सेना सहित लड़ता हुआ खेत रहा।

---

१. कूरम — कूर्म, कछवाहा। जग साख — जगत की साक्षी में, प्रकट रूप में। खत्रीवट काजा — क्षत्रियत्व के लिए, क्षात्रधर्म हेतु। बोळवै — नाश करता हुआ। विच रण — युद्ध के मध्य। रह्यौ — रहा, मारा गया। बाजतां — बजते। बाजा — वाद्य। मेल न गौ — पीछे छोड़कर नहीं गया। रजपूत — राजपूत, सैनिक।

२. अइयो — अहो, विस्मयबोधक शब्द। अंग आकाय — शरीर बल। कूरमवट — कछवाहापने का मार्ग, कछवाहों का बल। धूपट — पूर्ण रूप से, खुलीकक्षा, खुले आम। खळां — खलों शत्रुओं। बाही — प्रहार कर, चला कर। खगधार — तलवार धारा। कटक — सेना को। कटाय — कटवा कर, लड़ाई में मरवा कर। जाय किम — मैदान छोड़कर अकेला कैसे जाय। साम्हौ — सामने। आय — आकर। मूवौ — मरा, काम आया। सरदार — सेना का स्वामी सेनानायक, राजा।

३. रावत बट — राजापन, राजधर्म, राजपथ। साजे — सिद्ध कर, सज कर। समर — रण, युद्ध। सगाह — सगर्व। मुदौ — मुखिया। फिरियौ — फिरा, पीछे लौटा। गिरियौ — निष्प्राण होकर गिर पड़ा। गजगाह — गजग्राह, युद्ध।

४. कुरु — कुरुक्षेत्र, कौरव। कूरमां — कछवाहों ने। महाभारथ — महाभारत-सा युद्ध। जळ मांह — जलाशय में। सहत — सहित। केहर — केशरीसिंह। स्रग — स्वर्ग। फबियौ — शोभित हुआ। दुरजोधन — दुर्योधन। दबियौ — दुबक गया, छिप गया। दरगाह — स्वर्ग में, दरबार में।

६४. गीत राजा केसरीसिंघ सेखावत खण्डेला रा धणी रौ

किम चाले दळां चालतां केहर, पह धारे रजपूत पण ।
वहादर रौ व्हैतो अंग बोझिल, राजा बोझिल हुवौ रण ॥१॥
खंड खंड विखंड बीजळां खिमतां, हय गय दळां विहंडतां हाथ ।
हय वारां कूदेगा हळका, भारै रौ रहियो भाराथ ॥२॥
दळथंभ हरौ थयौ दूसासण, गहण अरिन्दा सारगह ।
मोटापण वाळौ महाराजा, मोटौ साको कियौ मह ॥३॥
अछरां वरां पळचरां आमंख, सिर संकर सूरां सैंजोत ।
जिम दीरघ व्हैता जमजेठी, दीरघ मरण कियौ दैसोत ॥४॥

---

६४. गीतसार—ऊपर प्रस्तुत गीत खण्डेला के शासक राजा केशरीसिंह शेखावत पर रचा गया है। गीतलेखक ने गीतनायक के रणदाक्ष्ये का वर्णन करते हुए कहा है कि बहादुरसिंह का पुत्र केशरीसिंह भीमकाय पुरुष था। युद्ध की भयानकता के कारण कतिपय हल्के चरण पुरुष रणभूमि का त्याग कर चलते बने। परन्तु केशरीसिंह तो महान् वीर था। फिर भला वह रणभूमि का त्याग कैसे करता। तभी तो उसने योद्धाधर्म का पालन कर युद्ध के मैदान में अमरता प्राप्त की।

---

१. किम चाले – कैसे चले। दळां – सेना के। चालतां – लड़ाई के मैदान से भागते समय। पह – राजा। धारे – धारण किये। रजपूत पण – क्षत्रिय की प्रतिज्ञा, युद्ध के मैदान से न हटना क्षत्रिय का प्रण होता है। बहादर रौ – राजा बहादुरसिंह का पुत्र। अंग बोझिल – विशालकाय, भारी शरीर का। बोझिल – भारी, दृढ़ता से युद्ध में स्थिर रहने वाला। रण – लड़ाई में।

२. विखंड – द्विखण्ड, टुकड़े-टुकड़े। बीजळां – तलवारें। खिमतां – चमकते समय। हय गय – गजाश्व। विहंडता – नाश करते। हळका – हल्के, तुच्छ, कायरमति। भारै रौ – बहादुरसिंह का, वजन वाले का, बडप्पन वाले का। रहियो – अड़ा रहा। भाराथ – युद्ध में।

३. दळथंभ – सेना के लिए स्तम्भ तुल्य का वरसिंह देव राजा। हरौ – पौत्र। दूसासण – दुशासन। गहण – पकड़। अरिन्दा – वैरियों। सारगह – तलवार ग्रहण कर। मोटापण वाळौ – विशाल शरीर वाला। मोटौ साको – बड़ा युद्ध, महाभारत। मह – पृथ्वी पर।

४. अछरां – अप्सराओं। वरां – दूलहे, पति। पळचरां – आमिष-भक्षी। आमंख – आमिष। सूरां सैंजोत – वीरों का ईश्वर की ज्योति में मिलने का अवसर। दीरघ– विशाल। जमजेठी – यमदेव का अग्रज। दैसोत – देशपति, राजा।

९५. गीत राजा केसरीसिंघ सेखावत खण्डेला रौ

जुध केहर कियौ थयौ जगजाहर, चर धापा पळचर अचर।
असुरां तणौ रुधर बह आयौ, सांभरा थायौ लालसर ॥१॥

वूठौ सार मेघ अत वूठौ, जळरत खूटौ जुवौ जुवौ।
स्वेत नीर बहतौ सर सांभर, हमकै भाद्रवि लाल हुवौ ॥२॥

खागां खेत असुर दळ ओखणिया, नीर रूधर बहि चले नद।
सेखाउत कीधो चत्रमासौ, सांभर रौ रातो समंद ॥३॥

सुत बहादरेस अरक कर साखी, जूटौ पीथळ ज्यूंहीं जंग।
सर सूखां धर लाल रहेसी, रहसी मीठे लाल रंग ॥४॥

---

९५. गीतसार-ऊपर कथित गीत शेखावाटी के खण्डेला राज्य के राजा केशरीसिंह शेखावत का है। केशरीसिंह ने सांभर झील के समीपस्थ हरीपुरा स्थान के रणक्षेत्र में अजमेर के शाही राज्यपाल से भयानक संग्राम कर वीरगति प्राप्त की थी। गीतकार ने युद्ध की भयानकता का वर्णन करते हुए लिखा है कि केसरीसिंह ने ऐसा घोर युद्ध किया जिससे मांसभक्षी गृद्धादि पक्षी तृप्त होगए तथा शत्रुओं के रुधिर की नदी बनकर रणस्थल से सांभर झील तक पहुँच गई। फलतः सांभर का श्वेत जल रक्तमिश्रित लाल रंग में परिवर्तित हो गया।

---

१. केहर – राजा केशरीसिंह ने। थयौ – हुआ। जगजाहर – संसार में प्रकट हुआ। चर – चुगा प्राप्त करके, सियार, कुत्ता आदि पशु, जंगम। धापा – तृप्त होगए। पळचर – मांसाहारी। अचर – स्थावर। असुरां तणौ – मुसलमानों का। रुधर – लोहू। बह आयौ – प्रवाहित होकर आ गया। सांभर – सांभर लेक। सर – सरोवर, झील।

२. वूठौ – वरसा। सार – शास्त्र की। मेघ – बादल। अत – अत्यधिक। जळरत – जलरूपी रक्त। खूटौ – समाप्त हुआ। जुवौ जुवौ – जुदा जुदा, अलग-अलग। स्वेत नीर – सफेद जल। बहतौ – बहता था। हमकै – अबकी बार। भाद्रवि – भाद्रपद मास में।

३. खागां – तलवारों। खेत – रणक्षेत्र। असुर दळ – यवन सेना। ओखणिया – कुचल कर नष्ट कर दिए। बहि – बहकर। नद – नदी। चत्रमासौ – चातुर्मास। रातो – रक्तिम, लाल। समंद – समुद्र।

४. बहादरेस – बहादुरसिंह। अरक – अर्क, सूर्य। साखी – साक्षी। जूटौ – युद्ध में भिड़ गया। पीथळ – संभवतः पृथ्वीराज चहुवान। जंग – युद्ध। सर सूखां – झील के सूख जाने पर। धर – भूमि। रहेसी – रहेगी। रहसी – रहेगा। मीठे – नमक में।

६६. गीत सुजाणसिंघ भोजराजौत सेखावत रौ

कहर सूरतन तेज तड़तड़ै बगतर कड़ा, दुजड़ असुरां लड़े सिखर दूजो ।
परम परसाद चौ कळस न दियो पड़ण, सलामत जतै धड़ कळस सूजो ॥१॥

वीर तन छोह छकड़ाळ कस वीछड़ै, रूक सूं भिड़े असपति सारीस ।
सोस देवळ तणौ डिगण न दिये सकस, स्याम तण भुजा ऊपजतै सीस ॥२॥

मरद कसणां जरद तणा तूटे मछर, जवन चा दळां जूटे हुआ जंग ।
खंडेले देवळा मंडप न हुवै विखंड, अखंड सूजा तणौ जतै उतमंग ॥३॥

राम चे हुकम वरियाम जीतो रचे, चाळ पतसाह सूं बांध धमचाळ ।
राम देवळ कमळ हुवौ कूरम रखो, राम कूरम कमळ हुवौ रखवाळ ॥४॥

---

६६. गीतसार–ऊपर भाषित गीत सुजानसिंह शेखावत छापोली के ठाकुर का है। सुजानसिंह से खण्डेला राज्य के मंदिरों की रक्षा करते हुए शाही सेनापति दराबखां से लड़कर वीरगति प्राप्त की थी। गीत में सुजानसिंह के कवचादि धारण कर असिधारा में स्नान करने का वर्णन है। जब तक वह वीर युद्धस्थल में आहत होकर वीरगति को प्राप्त नहीं होगया तब तक शाही सेना मन्दिर का एक पत्थर भी नहीं गिरा सकी।

---

१. कहर – भयावह, विपत्ति, युद्ध। सूरतन – वीरत्व। तड़तड़ै – तड़तड़ की ध्वनि। बगतर कड़ा – कवचों की लोह कड़ियां। दुजड़ – तलवार से। असुरां – मुसलमानों से। सिखर दूजो – दूसरा ही राव शेखा। परम – पवित्र, परमात्मा। परसाद – प्रासाद, मन्दिर। चौ – को। कळस – शिखर का कलश, मन्दिर का झंडा। पड़ण – पड़ने, पटकने। सलामत – साबित, जीवित और मोजूद जतै – जब तक। धड़ कळस – शरीर पर शीश। सूजो – सुजानसिंह गीतनायक।

२. छोह – उत्साह, क्रोध। छकड़ाळ – कवच। कस – बांध कर, पहिन कर। वीछड़ै – अलग हुए, बिछुड़े। रूक सूं – तलवार से। असपति – अश्वपति, बादशाह। सारीस – समता वाले, सरोप। सीस – अण्डा। देवळ तणौ – मन्दिर को। डिगण – डिगने, पड़ने। न दिये – नहीं दिया। सकस – शख्श, वीरपुरुष। स्याम तण – श्यामसिंह के पुत्र सुजानसिंह ने। भुजा ऊपर – बाहुमूल पर, कंधे पर।

३. कसणां – बंधन। जरद तणा – जिरहवख्तर के। तूटे – टूटे, खुले। मछर – मात्सर्य, गर्व। जवन चा – यवनों का। दळां – सेनाओं से। जूटे – भिड़े, लड़े। विखंड – दो भाग, खण्डित। उतमंग – सिर, मस्तक।

४. वरियाम – श्रेष्ठ वीर। चाळ – अञ्चल। धमचाळ – युद्ध। कमळ – अण्डा, मस्तक। कूरम – कूर्म, कछवाहा। रखो – रक्षक। रखवाळ – रक्षा-पाल, रक्षा करने वाला।

६७. गीत सुजाणसिंघ नै भवानीसिंघ सेखावत रौ

केसरियां पहर मौड़ माथै कस, हंसै बहसिया हौडां हौड ।
कीधा भला देहुरा कारण, काकै अनै भात्रीजै कौड ॥१॥

बीरत जगे दमामां बाजे, चंवरी आलम तणी चडे ।
कज देवळ मोटा कछवाहा, लोहां भाण सूजाण लड़े ॥२॥

हर हरराम सु काम मालहर, बाजा कीरत तणा बजाय ।
जामण मरण मेट जग-जेठी, जोत महल बिच पोढै जाय ॥३॥

---

६७. गीतसार—उपरोक्त गीत शेखावत क्षत्रियों की रायसलोत शाखा के वीर सुजानसिंह और भवानीसिंह पर कहा हुआ है । इन वीरों ने खण्डेला राज्य के मोहनदेवजी के मंदिर की रक्षा हेतु शाही सेना से घमासान युद्ध कर वीरगति प्राप्त की थी । गीत में लिखा है कि काका और भतीजा (सुजानसिंह और भवानीसिंह) ने मंदिर की रक्षा के लिए केशरियाँ वस्त्र पहिन तथा विवाह का मुकुट धारण कर विवादपूर्वक शाही सेना से लड़ते हुए भगवत् ज्योति में अन्तर्लीन हो गए ।

---

१. केसरियाँ – केशर के रंग में रंगे हुए कपड़े, ऐसे कपड़े विवाह के अवसर पर दुलहा अथवा विजय या मृत्यु की प्रतिज्ञा के साथ युद्ध में प्रविष्ट होने वाला योद्धा पहिनता है । पहर – पहिन कर । मौड़ – मुकुट, सेहरा । माथै कस – शीश पर बाँध कर, दुलहे बन कर । बहसिया – जोश पूर्वक बढ़े, विहसते हुए चले । हौडां हौड – परस्पर प्रतिस्पर्द्धा धारण कर । कीधा – किया । देहुरा – देवालय, मंदिर । अनै – और । भात्रीजै – भतीजे, भाई के पुत्र ने । कौड – उत्साह, अभिलाषा, भक्ति, दुलार ।

२. दमामां – नगाड़े । बाजे – बजे, ध्वनित हुए । आलम – संसार, बादशाह । तणी– की । कज – लिए, कार्य । देवळ – मन्दिर, के । लोहां – अस्त्रों-शस्त्रों । भाण – भवानीसिंह । सूजाण – सुजानसिंह ।

३. हर हरराम – हरिराम का पौत्र, भवानीसिंह । मालहर – टोडरमल्ल का पौत्र, सुजानसिंह । बाजा कीरत तणा – कीर्त्ति के वाद्य, यश प्राप्त कर । बजाय – बजवा कर । जामण मरण – जन्म और मृत्यु, आवागमन । मेट – मिटा कर । जगजेठी – सूर्य की । जोत महल – ज्योति रूपी महल में । पौढ़ै – सोये ।

६८. गीत मदनसिंघ सीसोदिया री तरवार री

छट्टा इन्द्र की खिवंत घट्टा खुली जट्टाधार चक्खां,
विकट्टा स झाळ थट्टा पारथेस वांण।
थट्टा मारतण्ड सी मरीची अरु मुण्ड थट्टा,
जसी खाग झट्टा यूं मदन्न हथ्थां जांण ॥१॥

दमंकीस चन्नदासी झमकीस ज्वाला द्रगी,
धनंजै टमंकी कै किरीट जुधां तीर।
तमंकी उडांण रवी-जीत खळां सीस तक्की,
बीजळा सीसोद भुजां घमंकीस वीर ॥२॥

करे खेल तड़ित्ता महेस अंख जोय किधौं,
धोम रत्ता मत्ता गुड़ाकेस ईस धींग।
भाण बसू तपन्ता असग्गा रुण्ड श्रोण भक्खै,
सार झल्ली करां बीया हेम रै सींग ॥३॥

---

६८. गीतसार—उपरोक्त गीत सीसोदिया शाखा के योद्धा मदनसिंह की तलवार की सराहना पर कहा गया है। गीतकार ने गीतनायक की तलवार को मेघ घटा में कौंधती विद्युत, कोपान्वित शिव के तृतीय नेत्र, युद्धरत महावीर अर्जुन के बाण और सूर्य की किरण के साथ उपमित कर वर्णन किया है।

---

१. छट्टा – शोभा, बिजली। खिवंत घट्टा – घटा में चमकती। जट्टाधार – शिव के। चक्खां – चक्षु, तृतीय नेत्र। विकट्टा – विकट। स झाळ – सकोप, ज्वलित थट्टा – शोभा, सैन्य समूह। पारथेस – अर्जुन के। मारतण्ड सी – सूर्य की-सी। मरीची – किरणें। मुण्डथट्टा – मुण्ड समूह, मुण्डों की शोभा। जसी – जैसी, उसी के अनुरूप। खाग – तलवार। झट्टा – झटके में प्रहार करते। मदन्न – मदनसिंह के। हथ्थां – हाथ में।

२. दमंकीस – दमकती। चन्नदास – प्रकाशमयी। झमंकीस – खुली, प्रकाशित, चमकी। ज्वाळा द्रगी – शिव की नेत्र-ज्वाल। टमंकी – चमकी। किरीट – अर्जुन के। तीर – बाण। तमंकी – तमकने का भाव, क्रोधित। उडांण – छलांग, उड़ने की क्रिया का भाव, गति। रवी-जीत – रवि-ज्योति। खळां – दुश्मनों के। तक्की – प्रहार के लिए तैयार, वार के लिए उठाई हुई। बीजळा – तलवार। घमंकीस – प्रहार ध्वनि, गर्जना की।

३. तड़ित्ता – विद्युत। महेस अंख – महादेव के नेत्र। किधौं – अथवा। रत्ता – अनुरक्त। गुड़ाकेस – अर्जुन। धींग – प्रचण्ड वीर। भाण – सूर्य। बसू – पृथ्वी। असग्गा – शत्रुओं। भक्खै – भक्ष्य बनाती है। सार – तलवार। झल्ली – उठाई हुई, धारण की हुई। करां – हाथ में। बीया – दूसरे। हेमरै सींग – हेमसिंह के पुत्र के।

चंचळा गिरंदां पै मनोज पिनाकेस चक्खां,
बन्नीखण्डां बन्ना पाथ काम किधौं बेघ ।
दिनेस गिरंदां हेम इन्द्र पै तपन्त दवै,
खिवैं खाग मदा री अरिन्दां माथै खेघ ॥४॥

मिट्टे हेम रत्ता बीज आग जट्टी ध्यान मिट्टे,
इन्द्र सूं कराळी हट्टे पाथ बन्ना भ्रेस ।
जोत घट्टे सूर की ज्यूं कंत जाम च्यार जातां,
मिट्टे न बाणास जंगां हरा मोहकमेस ॥५॥

६९. गीत रावराजा लिछमणसिंघ सेखावत सीकर रौ

भड़ां मेळियां थाट भिड़जां कड़ा भीड़ियां, खीड़ियां सिंघ उठै खिजायौ ।
ओधका पड़ै अरियां धरा ऊपरां, ओ लछौ फतैपुर नाथ आयौ ॥१॥

---

६९. गीतसार–उपर्यंकित गीत में सीकर के रावराजा लक्ष्मणसिंह के आतंक का वर्णन है। कवि कहता है कि रावराजा लक्ष्मणसिंह जब अपनी सेना को युद्ध-सज्जा से सज्जित कर शत्रु प्रदेशों पर चढ़ाई करता है तब शत्रु लोग उसके आगमन की सूचना मात्र से ही अपने गढ़-किलों का त्याग कर वन भागों की शरण में भग जाते हैं ।

---

४. चंचळा – चपला, विद्युत । गिरंदां पै – पर्वतों पर । मनोज – कामदेव । पिनाकेस–महादेव । चक्खां – नेत्रों । बन्नीखण्डां – वन खण्डों, खाण्डिव वन । बन्ना–दुलहा, रण-रसिक । पाथ – पार्थ, अर्जुन । बेघ – वेद्य युद्ध, मत्स्यवेद्य । दिनेस – सूर्य । गिरंदां हेम – सुमेरुगिरि । खिवै – चमकती है । मदा री – मदनसिंह की । अरिन्दां – शत्रुओं । माथै – पर, मस्तक । खेघ – विरोध, क्रोध ।

५. मिट्टे – मिट जाती हैं, नष्ट हो जाती है । हेम रत्ता – हेमन्त ऋतु में, सूर्य की प्रचण्डतासूचक लालिमा । बीज – विद्युत । आग जट्टी – शिव के नेत्र की अग्नि । ध्यान – समाधिस्थ होने पर । कराळी – कराल, भयंकरता । जोत घट्टे – ज्योति घट जाती है । सूर की – सूर्य की । बाणास – तलवार । जंगां – युद्धों में । हरा मोहकमेस – मोहकमसिंह के पौत्र, मदनसिंह ।

१. भड़ां – योद्धाओं । मेळियां – मिला कर, एकत्रित कर । थाट – समूह, सेना । भिड़जां – अश्वों । कड़ा भीड़ियां – पाखरों की कड़ियां कसे हुए, कवच धारण कर । खीड़ियां – हांके हुए, तंग किये हुए । खिजायौ – क्रोधित । ओधका पड़ै – चौंकने का भाव, आतंकित होते हैं । अरियां धरा – शत्रु प्रदेशों । लछौ – लक्ष्मणसिंह । फतैपुरनाथ – फतहपुर का स्वामी ।

वाजि धूसा डंकां चकावंध बाजिदां, चढ़े भड़ कजाकां मेळ चाळौ ।
प्रगट पिसणां धरा दीह धाका पड़ै, आवियौ सिंघ नर देव वाळौ ॥२॥

चमक भालां भड़ां दमंग झड़तां चखां, प्रवाड़ा खाग वळ फतै पावै ।
अचीतौ राव सेखो खळां ऊपरां, इसै अध्रियामणे रूप आवै ॥३॥

पाधरा धाव वंकी धरा पजावा, रत सगति धपावा समर रसिया ।
त्राण बाणास री आगै तजि, बास खळ घणा वनवास वसिया ॥४॥

७०. गीत रावत संभूसिंघ गोगावत दूणी रौ

जमी सहावा नागेन्द्र लोक उपावां विरंच जांणै,
धूरजटी तावां ऊंच भावां मेर धींग ।
आवा लोम रिखी राम तम्मी ज्यू दधीच हाड ऊंच,
सामवेद वेदांगां वीरावी संभू सींग ॥१॥

---

७०. गीतसार–प्रोक्त गीत रावत शंभूसिंह गोगावत कछवाहा दूणी के सरदार पर रचित है । गीत में शम्भूसिंह को शेषनाग, ब्रह्मा, शिव, सुमेरुगिरि, लोमश ऋषि, परशुराम, दधीचि और वेदों में सामवेद के समान उच्चतम विशेषताओं के धनी के रूप में चित्रित किया गया है ।

---

२. धूसा – वाद्य का नाम है । डंकां – दण्डकों से । चकावंध – चक्राकार, चक्रव्यूह, सेना । बाजिदां – घोड़े । भड़ – वीर । कजाकां – लुटेरों, हमलावरों । चाळौ – छेड़छाड़, विग्रह । पिसणां धरा – शत्रु देश । दीह – धोले दिन । धाका पड़ै – भय लगता है । आवियौ – आ गया है । देव वाळौ – राव देवीसिंह का पुत्र ।

३. दमंग – अग्निकण, स्फुलिंग । झड़तां – गिरते । चखां – नेत्रों से । प्रवाड़ा – प्रशंसनीय कार्य । खाग बळ – खड्ग की शक्ति से । फतै पावै – विजय प्राप्त करते हैं । अचीतौ – सहसा, अचिंत, निडर । राव सेखो – राव शेखा का वंशधर, गीत-नायक लक्ष्मणसिंह । खळां ऊपरां – वैरियों पर । अध्रियामणे – भयावह, आतंकपूर्ण ।

४. पाधरा – सीधे । धाव – धावे, हमले । वंकी – विकट । पजावा – तंग करने, भयभीत करने । रत – रक्त । सगति – शक्ति, रणदेवी । धपावा – तृप्त करने । समर रसिया – युद्धप्रेमी, योद्धा, रण दुलहा । त्राण – रक्षा, बचाव । बाणास – तलवार । बास – निवास । घणा – बहुत अधिक । वसिया – जा बसे, निवासी बन गए ।

१. जमी सहावा – भूमि का धारक । नागेन्द्र – शेषनाथ । उपावां – उत्पादकों । विरंच – विरंचि, ब्रह्मा । धूरजटी – शिव । तावां – क्रोध में । मेर – सुमेरु-गिरि । लोम रिखी – लोमश ऋषि । राम तम्मी – तमोगुण में परशुराम । दधीच – दधीचि ऋषि । वेदांगां – वेदांगों, वेदों में । वीरावी – वीर पुरुषों में ।

भांण तेजगीरां तीरां विध्या मेधा जै भाखा,
जांण मछन्द्राणी जोग मत्ती रौ बोधाण जो भार ।
जम्मीरा जोखीरां वीरां वीरभद्र जेम,
जोयजो हम्मीरां श्रेम खेम रौ जौधार ।।२।।

पंडवेस सांच मगां फुरम्माण सोहे प्रथी,
धीठ जंगां सुरम्माण द्रोणंगां धूजांण ।
उरम्मांण पै सिधां दुजोण पूर मांण श्रसी,
सोहे कुरम्माण वंसी दूसरौ सूजांण ।।३।।

व्याळ धाता रुद्र पब्बै रिखी राम दात वेद,
रवी पाथ नाथ इन्द्र प्रमाथ श्ररौड़ ।
राड़ धीरां वेळ खीरां मांणगीरां राजै,
महावीरां छाजै यूं हमीरां वेंस मौड़ ।।४।।

—हुकमीचंद खिड़िया रौ कह्यौ

---

२. भांण – भानु, सूर्य । तेजगीरां – तेजस्वियों में । तीरां विध्या – धनुर्विद्या वालों में । मेधा – बुद्धिमानों में । मछंद्राणी – मत्स्येन्द्रनाथ । जोगमत्ती रौ – योगविद्या को, योग बुद्धि को । बोधाण – बोध, ज्ञान । जम्मीरा – भूमि का । जोखीरां – हानि पहुँचाने वालों । जोयजो – देखा जाना चाहिए । हम्मीरां – हम्मीर सिहोत कछवाहों में । श्रेम – इस प्रकार । खेम रौ – क्षेमसिंह का । जोधार – वीर, पुत्र ।

३. पंडवेस – पाण्डव-ईश, युधिष्ठिर । सांच मगां – सत्यमार्गानुयायियों में । फुरम्माण – फरमान, श्रादेश । धीठ – वीर । सुरम्माण – इन्द्र । द्रोणंगां – द्रोणगिरि, पर्वतों । धूजांण – कम्पित करने वाला, संहारकर्ता । उरम्मांण – उर्मियों वालों में, तरंगी । सिधां – समुद्रों में, सिंधु सागर । दुजोण – दुर्योधन । पूर-मांण – पूर्ण मानी, हठी । कुरम्माण – कूर्म, कछवाहों में ।

४. व्याल – शेषनाग । धाता – विधाता, ब्रह्मा । पब्बै – सुमेरु पर्वत । दात – दानी, दधीचि । रवी – रवि, सूर्य । पाथ – श्रर्जुन । नाथ – मत्स्येन्द्रनाथ । प्रमाथ – वीरभद्र । राड़ धीरां – युद्ध में युधिष्ठिर-सा । वेल खीरां – समुद्रों में ।

७१. गीत चतुरा रामावत राठौड़ री

चौरंग खग असुर विहंडिया चतुरै, करी न असी दुजै अचड़ कंहीं।
वासग सेत लाल रंग वणियौ, नागणि तन ओळखै नहीं ॥१॥

रवदां खग वाहतो रामावुत, रेणा पुड़ भदियौ रतंग।
भुजंग सुपेद लाल रंग भदियौ, भूली तिण आंटै भुयंग ॥२॥

वाणासां सानिति वंगाळां, पोहौ वरंगे मेड़ता पति।
अहिपुरि रतन चौळ ओपमियौ, अहतने ओदक अनि रहि अति ॥३॥

सत्र साभत व्यलागौ सारै, तळ छळि घण लाल अताग।
पांव प्यळोय धसि अगि वसियौ, नागणि नै डरि कहै हंस नाग ॥४॥

---

७१. गीतसार—उपरोक्त गीत मेड़तिया शाखा के योद्धा चतुरसिंह राठौड़ का है। गीतकार ने चतुरसिंह द्वारा मुसलमानों की सेना के साथ युद्ध लड़ कर वीरगति प्राप्त करने का इसमें वर्णन किया है। वह कहता है कि चतुरसिंह ने मुसलमानों की सेना का नाश कर ऐसा उच्चकोटि का कार्य किया जो आज तक इस संसार में अन्य कोई न कर सका। उसने ऐसा घमासान युद्ध किया कि रक्ताधिक्य से शेषनाग का श्वेत वर्ण रक्ताभ होगया। फलतः शेष की पत्नी भ्रान्तिवश अपने पति को पहिचान न सकी।

---

१. चौरंग – चतुरंगिणी, सेना। खग – खड्ग। असुर – मुसलमान। विहंडिया – नाश किया, टुकड़े टुकड़े कर दिये। करी – की। अचड़ – श्रेष्ठता का कार्य। वासग – वासुकि नाग। सेत – श्वेत। नागणि – सर्पनी, नागपत्नी। ओळखै – पहिचानती।

२. रवदां – शत्रुओं पर। वाहतो – संघात करता। रामावुत – रामसिंह का पुत्र या वंशधर। रेणा पुड़ा – पाताल लोक, पृथ्वीतल। रतंग – रक्तिम। भुजंग – सर्प। सुपेद – सफेद। तिण – उस। आंटै – बदले, कारण से। भुयंग – सर्प को।

३. वाणासां – तलवारों। वंगाळां – मुसलमानों। पोहौ – राजा, योद्धा। वरंगे – टुकड़े। अहिपुरि – नागलोक। चौळ – लाल रंग। ओपमियौ – शोभित हुआ। अहतने – नाग के शरीर को। ओदक – चौंक कर, झिझक कर।

४. सत्र – शत्रु। साभत – मारते हुए। व्यलागौ – लगा, जुटा। सारै – तलवारों से। तळ – पाताल लोक। घण – अधिक। अताग – अथाह, असीम। प्यळोय – समेट कर। अगि – स्वर्ग। वसियौ – वास किया। हंस – हँस कर।

७२. गीत मोहकमसिंघ राठौड़ रा जुद्ध रौ

तुरंगां पाखरां सिलहां साखतां, राजन्द अेहा बोल रहावै ।
मोहकमियौ मेवासां माथै, ऊग विहांणै चोकस आवै ॥१॥

अळवळतां काथा असवारां, है चढियौ दोयणां घर हेरै ।
धजर सेलां दियण धमोड़ा, फजर ऊगां दौळां फेरै ॥२॥

वैरियां काज पलांणै वाजिद, कांधो धर अेहो मोहोकमौ ।
वित घेरे मेरां बतळावै, संग्रहे रवि ऊगां समौं ॥३॥

ऊछरतां चोपां चै ऊपरि, है परभाते सोहड़ां हुंका ।
बामी-बंध कमंध बजाड़ै, डूंगरड़ां बिच ढोलां डंका ॥४॥

---

७२. गीतसार—उपरोक्त गीत मोहकमसिंह नामक राठौड़ वीर पर कथित है । इसमें अजमेर मेरवाड़ा के दस्यु कर्मजीवी मेरों पर आक्रमण कर उनके पशु धन का अपहरण करने का उल्लेख है । कवि का कथन है कि वीर मोहकमसिंह प्रति दिन अपनी अश्व सेना को सन्नाह सज्जित कर लुटेरे मेवों पर आक्रमण करता है और उनके पशु धन को छीन कर बल-हीन बना देता है ।

---

१. तुरंगां – घोड़ों । पाखरां – कवचों, लोहे की झूलें । सिलहां – सन्नाहों । साखतां– जीनपोश । राजन्द – राजेन्द्र, राजा । अेहा – ऐसे । मेवासां – लुटेरों के स्थानों। माथै – ऊपर । ऊग विहांणै – दिन उगते ही, प्रतिदिन प्रातःकाल में । चोकस – सावधान होकर, निश्चित ही ।

२. अळवळतां – अलबेला, शौकीन । काथा – जल्दबाज, चंचल । है चढ़ियौ – घुड़सवारी किए । दोयणां – दुश्मनों । हेरै – खोजता है, ढूंढ़ता हुआ । धजर – घोड़े, योद्धा, तलवार । सेलां – बलमों के । दियण – देने के लिए । धमोड़ा – चोटें, मार । फजर – प्रातःकाल । दौळां – चारों ओर ।

३. काज – लिए, हेतु । पलांणै – जीन आदि कस कर । बाजिद – अश्वों को । कांधो धर – स्कंध धर, वीर । वित – पशुधन । घेरे – हांक कर ले जाता है, अपहरण कर । मेरां – एक जाति विशेष । समौं – समय ।

४. ऊछरतां – चरने के लिए घर से जंगल के लिए रवाना होते समय । चोपां–चौपायों । चै – के । परभाते – प्रभातकाल में । सोहड़ां – योद्धाओं । हुंका – हाके, प्रस्थान कर, घेर कर । बामी-बंध – बाएँ हाथ की ओर से पगड़ी बाँधने वाला । कमंध – राठौड़ । बजाड़ै – बजाता है । डूंगरड़ां – गिरिमालाओं में, पहाड़ी बस्तियों में । डंका – डंके, डंडे ।

पर चाडां फेरै पासरणां, है मुझै सावळ झाले दीहाड़ैं।
अरि नेसां जोधावत अेहो, पोहो मुळकंतां धाहां पाड़ै ॥५॥

है वुकठीआं कांकण हथौ, केवा काढ़ण काज कड़छै।
भाक समूं भळकंतां भालां, धण लै अरियां खाग घड़छै ॥६॥

सांक न मांनै वाहैर सदो, कबि पोखण कटकां दे कोका।
अरि माथा वोहौ माल ले आवै, झोकायत झौका रे झोका ॥७॥

७३. गीत बीजा राठौड़ रौ

मिळिया सह कोय आदरे मनसब, चूका सामध्रम आचार।
जवनां हूंत अभनवौ जैसो, बीजौ न मिळियौ जूह विडार ॥१॥

---

७३. गीतसार–उपरोक्त गीत राठौड़ वीर विजयसिंह सबलसिंह के पुत्र पर रचित है। गीत में उसके द्वारा मुसलमान बादशाह का मन्सब स्वीकार न करने तथा शाही सेना के विरुद्ध लड़ते रहने का वर्णन है। कवि कहता है कि राव रणमल्ल और जोधा के अन्य वंशजों ने तो स्वामि-धर्म का त्याग कर शाही सेवा स्वीकार करली, किन्तु विजयसिंह ने ऐसा नहीं किया।

---

५. पर चाडां – दूसरों की सहायता के लिए। पासरणां – प्रसरण। सावळ – भाला। दीहाड़ै – प्रतिदिन। अरि नेसां – शत्रुओं के ग्रामों। जोधावत – जोधा का वंशधर। पोहो – प्रातः। मुळकंतां – मुस्कराते, दिन निकलते। धाहां–पुकार, करुण आवाज।

६. वुकड़ीआं – निकाले। केवा काढ़ण – वदला लेने। कड़छै – कटिबद्ध होता है, सनद्ध होता है। भाक समूं – पौ फटते, प्रभात समय में। भळकेतां – चमकते। भालां – सेलों। धण लै – मवेशी धन घेर कर। अरियां – शत्रुओं को। घड़छै– काटता है, मारता है, झपटता है।

७. सांक – शंका, भय। वाहैर – अनुधावक दल। पोखण – पोषित करने। कटकां – सेनाओं को। कोका – निमंत्रण, बुलावा। अरि माथा – वैरियों के सिर। वोहौ– बहुत-सा। माल – द्रव्य। झोकायत – बहादुर। झोको – शाबाशी, धन्यवाद।

१. मिळिया – जा मिले, शामिल हो गए। सह कोय – सब कोई। आदरे – स्वीकार कर लिए। चूका – च्युत हुए, चूक गए। सामध्रम – स्वामिधर्म। जवनां हूंत – यवनों से। अभनवौ – अभिनव। जैसौ – जयसिंह। बीजौ – विजयसिंह। जूह विडार – सेना को छिन्न-भिन्न कर।

जाय जाय रिणमालां जोधां, पटा लिया नम लागा पांय।
सिर नामियौ नह सबळावत, जोधाणै उसरां नह जाय ।।२।।

घर बाहरु चीत ध्रू-धारण, सीख सरदार सूरिमां सींम।
तुरकां तणा करै धड़ तंडळ, तुरका नूं न करै तसलीम ।।३।।

काल्हे घर बळसी नव कोटी, किलम अठै रहसी कै काळ।
मिळिया अनम लियां मंडळीकां, बातां ऊबरसी बिजपाळ ।।४।।

७४. गीत हठीसिंघ जोगावत राठौड़ रौ जुद्ध रौ

हूरां कह तुरक अछर कह हिंदू, बरण काजि दोय वरग बढ़ै।
हठीसिंघ ऊपरि लागौ हठ, चौकस होय न रथां चढ़ै ।।१।।

---

७४. गीतसार–ऊपर लिखा हुआ गीत जोगा के वंशज राठौड़ वीर हठीसिंह का है। हठीसिंह ने यवन-सेना से लड़ते हुए वीरगति प्राप्त की थी। गीत में हठीसिंह का वरण करने के लिए अप्सराओं और हूरों के पारस्परिक झगड़े का वर्णन हुआ है। अन्त में जब शिव ने अपनी माला में गुम्फित उसके शिर को दिखा कर हूरों के सामने उसके हिन्दू होने का प्रमाण दिया तब हूरों का संशय दूर हुआ।

---

२. रिणमालां – राव रणमल्ल के वंशधर। जोधां – राव जोधा की संतति वाले। पटा-जागीर के पट्टे, सनदें। नम – नम्र बन कर, झुक कर। पांय – पैरों। नांमियौ – नमाया। सबळावत – सबलसिंहोत। जोधाणै – जोधपुर। उसरां–असुरों के पास, यवनों की सेवा में।

३. बाहरु – रक्षक। ध्रू-धारण – ध्रुव धारणा। सीख – शिक्षा, शिखर। सींम – सीमा, हद। तुरकां तणा – तुर्कों के। धड़ – शरीर। तंडळ – टुकड़े टुकड़े। नूं-ने। तसलीम – सलाम, अभिवादन।

४. काल्हे – कल, शीघ्र ही। बळसी – लौट आएगी। नव कोटी – मारवाड़ की। किलम – मुसलमान। अठै – यहां पर। रहसी – रहेंगे। कै काळ – कितने समय। अनम – अनम्र। ऊबरसी – शेष रहेगी। बिजपाळ – विजयसिंह की।

१. हूरां – यवन अप्सराएँ। तुरक – तुर्क। अछर – अप्सराएँ। बरण काजि – वरने के लिए। बरग – वर्ग, वर्ण। चौकस – भली भांति निर्णय। रथां – अप्सराओं के रथ, विमान।

लोंठी थकी कोसि नह लेस्यौ, दाखै हूरां अछर दिसी।
माथै सिखा न कानां मोती, कहो कमळ विण खवर किसी ॥२॥

हीया फूट हठ न करौ हूरां, नर हिंदू छै तुरक नहीं।
वांमी कस केसरियै वागे, सूर सुहड़ राठोड़ सही ॥३॥

कमळ यतै आंणियौ कमाळी, पावंडां साठि पचास परां।
हूरां मिळै सोच करि हारी, वारे अपछर लूण उरां ॥४॥

जुध वारंगनां वरै जोगावत, वेधि घड़ा यंद्रपुर वसियौ।
महं चौंडां सलखां रिणमालां, कमधज कुटंब ऊजळौ कियौ ॥५॥

---

२. लोंठी – बलवान, बड़ी। थकी – होने से। कोसि – छीन। लेस्यौ – ले सकती, लेंगी। दाखै – कहती हैं। दिसी – तरफ। माथै – सिर पर। सिखा – शिखा, चोटी। कमळ – सिर। विण – बिना।

३. हीया फूट – निर्बुद्धि। वांमी कस – बांए भाग के कसने, बांयी ओर से पगड़ी आदि बांधने के कारण राठोड़ 'वामी बंध' कहलाते हैं। वागे – वागा वस्त्र। सुहड़ – वीर। सही – निश्चित् रूप से।

४. यतै – इतने में। कमाळी – शिव। आंणियौ – ले आया। पावंडां – कदमों। परां – दूर से। हारी – पराजित हुई। वारे – न्यौछावर करे। लूण–नमक। उरां – इस ओर।

५. वारंगनां – अप्सराएं, वीरांगनाएं। वरै – वरण कर। वेधि – युद्ध, पार कर। घड़ा – सेना। यंद्रपुर – इन्द्रपुरी, इन्द्रलोक। चौंडां – राव चूंडा। सलखां – सलखा के वंशजों। रिणमालां – राव रणमल्ल की संतान वालों। कुटंब – परिवार। ऊजळौ – उज्ज्वल, पवित्र।

७५. गीत करण महेचा राठौड़ री

महासूर दिली विचां बाहियौ महेचा, हाकळे भड़ां आतम सकति हूंत ।
कंवर मोहकम तणै हिये जड़ियौ करण, काळिजो फूटि बूकां परै कूंत ॥१॥

जटा पंख खीजिया जेम उडणौ जिकौ, अणी हंस चुवंत रुधर आलो ।
इंदउत तणै उर बिजावत उगायौ, भळकियौ पापड़ा पार भालो ॥२॥

सळाका बीज मंगळा झळा सारिखौ, कहर जोगणिपुरां पड़ै कूटो ।
बूकड़ा मंजर हंस काळिजा वेहरतौ, फोड़ि कूंवर पंजर सेल फूटो ॥३॥

दोयण महाराज री भांजि दिली दळां, बधे जसवास जुग च्यार बांटो ।
कूंत मांटीपणौ घणौ तीखौ करण, काम रां रावतां तणौ कांटो ॥४॥

---

७५. गीतसार–उपरोक्त गीत कर्णसिंह महेचा राठौड़ का है। कर्णसिंह ने दिल्ली में मोहकमसिंह नामक किसी योद्धा को अपने भाले से मार कर ख्याति अर्जित की थी। गीत में वर्णन है कि कर्णसिंह ने अपनी आत्म-शक्ति के बल पर दिल्ली में अनेक वीरों की उपस्थिति में कुमार मोहकमसिंह पर भाले का प्रहार किया। उस वीर ने इतनी ताकत से वार किया कि मोहकमसिंह के कलेजे और वृक्क को विदीर्ण करता पार निकल गया।

---

१. महासूर – महान् वीर। दिली विचां – दिल्ली में। बाहियौ – प्रहार किया, चलाया। महेचा – राठौड़ों की एक शाखा जिनके मारवाड़ में बाडमेर, जसोल और सिणदरी आदि बड़े ठिकाने थे। हाकळे – ललकार कर। भड़ां – योद्धाओं की। आतम सकति हूंत – आत्मबल से। तणै – के। हिये – हृदय में। जड़ियौ – जड़ा, चुभाया। काळिजो – कलेजा। बूकां परै – वृक्क के उस पार। कूंत–भाला।

२. जटापंख – सर्प, गरुड़। खीजिया – कुपित। उडणौ – उड़ने वाला। जिकौ – जो, वह। अणी – नोंक। हंस – प्राण, कलेजा। चुवत – टपकते। रुधर – रुधिर। आलो – गीला, भीगा हुआ। इंदउत तणै – इन्द्रसिंह के पुत्र के। उर – हृदय। बिजावत – विजयसिंह के पुत्र ने। भळकियौ – चमका। पापड़ा पार – पीठ भाग को छेद कर उस ओर।

३. सळाका बीज – बिजली की चमक। मंगळा झळा – अग्नि की ज्वाला। सारिखौ – समान। कहर – विपत्ति, युद्ध। जोगणिपुरां – योगिनीपुर, दिल्ली। कूटो – मारकाट कर ढेर कर देना। बूकड़ा – वृक्क। हंस – प्राण। वेहरतौ – चीरता हुआ, छेदन करता। पंजर – शरीर का ढांचा।

४. दोयण – शत्रु। भांजि – मार कर। जसवास – कीर्त्ति। जुग च्यार – चारों युग। मांटीपणौ – मर्दानगी। घणौ – बहुत अधिक। तीखौ – पैना, तीक्ष्ण। वढ़कर। तणौ – का। कांटो – कण्टक, दृढ़, हद।

७६. गीत राव जैतसिंघ सेखावत कासली रा धणी रौ

वडौ वाळियौ वैर वैरां तणौ वाहरू, जगत हाव रियो फतै दिस जोय।
जीवतौ नूरदी वाहर जावतौ, कासली ओळमों आवतौ कोय ॥१॥

जगा रा आगि बरजागि घनौ जैतसी, खाग ताहरै खैर छै खंड खुरसाण।
मगज रा कोटि मेछांण मूढ़ै मरै, ऊबरै राजि री पीठि हिंदवाण ॥२॥

जगतसिंघ केसरीसिंघ वाळण जतू, धड़चणां नूरदी धाड़फाड़।
कासली वीरधर बिण राखै कवण, धरम माळा तणौ कथन ढूंढाड़ ॥३॥

कोई जीवौ मरौ अमरनामां किया, रोडाळां डूलिया दोय राह।
अबदुला खांन चौ उवर ऊकाळियौ, सोच साचां तणौ जाळियौ साह ॥४॥

---

७६. गीतसार—उपरोक्त गीत राव जैतसिंह शेखावत कासली के स्वामी का है। इसमें कवि ने राजा केशरीसिंह खण्डेला और राव जगतसिंह कासली के वैर में अब्दुल्ला खांन से युद्ध कर उसे परास्त करने का वर्णन किया है। जैतसिंह ने अब्दुल्ला खांन के सेनानायक नुरुद्दीन को ललकार कर युद्ध में मारा था। गीत में लिखा है कि नुरुद्दीन युद्ध से बच कर जीवित निकल जाता तो जैतसिंह को निश्चित रूप से उपालम्भ मिलता। किन्तु, उस वीर ने उसे मार कर अपने दोनों सरक्तीय वंशजों का वैर शोधन कर प्रशंसा प्राप्त की।

---

१. वाळियौ – लौटाया, लिया। वाहरू – रक्षक, वापस लौटाने वाला। जगत – संसार। हाव रियो – स्तम्भित हो रहा, विस्मित रह गया। फतै – विजय। जोय – देख कर। जीवतौ – जीवित। कासली – सीकर राज्य की प्राचीन राजधानी, एक कस्बे का नाम। ओळमों – उलाहना। कोय – कोई।

२. जगा रा – जगतसिंह के। आगि बरजागि – वज्राग्नि। घनौ – शावास। खाग – तलवार। ताहरै – तेरे, तुम्हारे। खैर – कुशल। खुरसांण – मुसलमान, बादशाह। मगज रा कोटि – मग्जवाले, बुद्धि का गर्व रखने वाले। मेछांण – म्लेच्छ, मुसलमान,। मूढ़ै – मुँह आगे। ऊबरै – बचते हैं, जीवित रह पाते हैं। राजि री – आप श्री की। पीठि – पीठ, पीछे ओट में रह कर। हिंदवांण – हिन्दू समाज, हिन्दुओं के राज्य।

३. वाळण – प्रतिशोध लेने। धड़चणां – मारना, संहार करना। धाड़फाड़ – अपने बल पर, अपार बल के सहारे। विण – विना। कवण – कौन। धरम माळा तणौ – धर्म रूपी माला का। ढूंढाड़ – जयपुर राज्य का प्राचीन नाम।

४. अमरनामां – अमर नाम। रोड़ाळा – बाधक बनने वाले। डूलिया – असहाय होकर भटकना, दोलित। दोय राहा – हिन्दू और यवन दोनों धर्मों वाले। चौ – को। उवर – उर, हृदय। ऊकाळियौ – दग्ध किया, उबालना। जाळियौ – जलाया।

जमी असमान रिव चंद रहसी जितै, बांचसी सुजस नव दूण बरगां ।
जोय थांरां भुजां नूरदी जारणा, कासली वारणां लियै करगां ॥५॥

७७ गीत सहसमल राठौड़ री वेढ़ रौ

महासूर सुरति निळै ऊपटै सहसमल, मारकां तौ जिसां मिळै जुध मेच ।
जडळकां कटै बिचि गळै ठहरै जकै, परी वरमाळ जिम हिंडुळै पेच ॥१॥

खार खाधो थकौ जूटै दळां खाळवां, सार झट झाट तूटै स गोभा ।
तई बेहरार आंटा हीये धार तन, सुरत्रिया हार अणपार सोभा ॥२॥

रिमहरां थाट बाकारतौ रोंस रां, तेग ओंहाट मिळि मौसरां तीख ।
असिमरां तूटि उझटि सिरां औसरां, साळुळै चौसरां रंभ सारीख ॥३॥

---

७७. गीतसार—उपरोक्त गीत राठौड़ वीर सहसमल की रणक्रीड़ा पर रचित है। कवि ने लिखा है कि सहसमल के ललाट पर वीरता और उदारता टपकती है। उसने युद्ध में कोपान्वित होकर शत्रुओं पर आक्रमण किया। तलवार के वार से कटे हुए पेच उसके गले में वरमाला की भांति झूल रहे थे। यह देख कर वराकांक्षिणी अप्सराएँ विस्मित नेत्रों से उसे निहारती हुई अपने लोक को लौट गईं। गले में लटकते पेचों से उन्हें सहसमल के वरे जाने का भ्रम हो गया।

---

५. जमी – जमीन, पृथ्वीलोक। रिवचंद – सूर्य और चंद्र। रहसी जितै – जब तक रहेंगे। बांचसी – पढ़ेंगे। सुजस – सुयश। नव दूण – अठारह। बरगां – वर्ग, वर्ण। जोय – अवलोक कर। थांरां – आपके, तुम्हारे। जारणा – हजम करना, मार देना। वारणां – बलैया लेना। करगां – हाथों से।

१. महासूर – महान् वीर। सुरति – सूरत, शक्ल। निळै – ललाट। ऊपटै-उभरे, उमड़ता है। मारकां – मारने वालों, वीरों। तौ जिसां – तुम जैसा। मेच – में, म्लेच्छ। जडळकां – तलवारों से। बिचि गळै – गले पर। ठहरै – ठहरे हुए। जकै – वे, जो। परी – अप्सरा। हिंडुळै – हिलोरित, झूलते हुए। पेच–आंटे, पेच।

२. खार खाधो थकौ – रोष में क्षुब्ध हुआ। जूटै – भिड़ता है। दळां खाळवां – शत्रु-सेना से। सार झट – तलवार। झाट – झटके से, प्रहार विशेष। तई – आतताई, तब। बेहरार – चीरती, वेधती। आंटा – पेच। धार तन – तन पर धारण किए, शरीर को तलवार से। सुरत्रिया – अप्सरा। हार – कण्ठाभूषण। अणपार – अपार।

३. रिमहरां – शत्रुओं। थाट – समूह, सेना। बाकारतौ – ललकारता हुआ, चुनौती देता हुआ। रोस रा – रोष के। तेग – तलवार। ओंहाट – भ्रकुटी। मौसरां–मूंछें। तीख – तीक्ष्ण, बल खाई हुई। असिमरां – तलवारें। तूटि – टूट कर। उझटि सिरां – शिखा या सिर में उलझ कर, नोक लिपट कर। साळुळै – चलती हुई, हिलती हुई। चौसरां – माला। रंभ – अप्सरा। सारीख – सदृश।

करण तण देखि वरमाळ घाती कमंध, करै छाती कंठण धरै कांटै ।
रुक मुरड़ै खळां घड़ा रस लूधती, अछर मुरड़ै गई देख आंटै ।।४।।

७८. गीत हुंसावलो महाराव हनुमंतसिंघ सेखावत रौ

विध रा जांण गाथ रा वीकम, पारिख बांण हाथ रा पाथ ।
जुध रा भीम खळां रा गंजण, 'नाथ' रा बुध गणनाथ ।।१।।

क्रन रा भोज सुक्रित रा क्यावर, वित व्रवण अछत रा वीर ।
दत रा करण रजत रा दाता, खित रा रूप प्रक्रत रा खीर ।।२।।

गुण रा जांण ग्यान रा गोरख, तप रा भांण माण रा त्याग ।
वित रा पांण 'हणूं' रा वरसै, सत रा ढांण घणौं सौभाग ।।३।।

---

७८. गीतसार—उपरोक्त गीत मनोहरपुर शाहपुरा के शासक महाराव हनुमन्तसिंह शेखावत पर रचित है। गीत रचयिता ने गीतनायक के दान तथा पराक्रम का वर्णन करते हुए लिखा है कि श्रीनाथसिंह का पुत्र महाराव हनुमन्तसिंह कीर्त्ति-गाथाओं में विक्रमादित्य, धनुर्धरों में अर्जुन, युद्धवीरों में भीम और बुद्धिमानों में गणेश के समतुल्य माना जाता है।

---

४. करण तण – कर्णसिंह तनय। घाती – डाली हुई। छाती – वक्षस्थल। कंठण– कंठा, गले का हार। रुक – तलवार। मुरड़ै – मरोड़ती, लौटती। रस लूधती – रसलुब्ध। अछर – अप्सरा। मुरड़ै गई – लौट गई। आंटै – लपेटे, पेच।

१. विध रा – विधि का, विधाता का। जांण – ज्ञान रखने वाला। गाथ – गाथा, कीर्त्ति-कथा। वीकम – राजा विक्रमादित्य। पारिख – परख, परीक्षा। पाथ–अर्जुन। खळां रा – शत्रुओं का। गंजण – संहारक। नाथ रा – श्रीनाथसिंह का पुत्र। बुध – बुद्धि में। गणनाथ – गणपति, गणेश।

२. भोज – प्रसिद्ध राजा भोज पंवार। सुक्रित – सुकार्य। क्यावर – एहसान करने वाला, यशस्वी। वित – वित्त, धन। व्रवण – देने वाला। अछत – इच्छा, अभाव। दत रा – दान का। करण – दानी कर्ण। रजत – स्वर्ण, चांदी। खित – क्षिति, पृथ्वीलोक। प्रक्रत – प्रकृति, स्वभाव। खीर – समुद्र, गंभीर।

३. जांण – जानने वाला। गोरख – गोरक्षनाथ। भांण – भानु, सूर्य। माण – सम्मान, मान। पांण – हाथ, बल। हणूं – हनुमन्तसिंह। वरसै – वर्षा करते हैं। सत रा – सत्यता का। ढांण – समूह, गढ़, चाल। घणौं – अत्यधिक।

लोयण लाज लाज रा लंगर, भारी साज राज रा भाव।
सत रा ओटभ रज रा सारण, रज रा कोट तपो महाराव ॥४॥

—आईदान पाल्हावत रौ कह्यौ

७६. गीत कुंभा खीची री

खुचंती खुरी रुधिर खीची री, घणा असुर हंचे घण घाय।
कूंभड़ां री कुटकै क्रम देती, गऊ-त्रिया ली गोरी राय ॥१॥

ऊभै कुंभ न लीनै असुरां, लागुवां पड़ियां पछै लयी।
गढ़ गागरौणि गउ-त्री ग्रहतां, गांगू का ऊपरै गयी ॥२॥

गारि रुधिर मांची गंग रा, कुंभड़ा कुळणि थयी कुळ भांण।
अणभंग तूंझ तणा घड़ ऊपरि, चंद धेन चालि चहुवांण ॥३॥

खोपर लगैं खुचंती खीची, आप रुहिर पर रुहिर अयार।
गांगांणी पै खुरां परगटतां, कुटकां थयां चली कुळ सार ॥४॥

---

७६. गीतसार—उपरोक्त गीत के नायक कुंभा खीची ने गोधन तथा स्त्री समाज की रक्षा करते हुए प्राण त्याग किया था। गीतकार ने गोरक्षा की ओर संकेत करते हुए गीत में वर्णन किया है कि कुंभा ने अनेक यवन योद्धाओं को युद्ध में मार कर वीरगति प्राप्त की। उसकी मृत्यु के बाद उसके रक्त-रंजित शरीर के टुकड़ों पर अपने पैर धरती हुई गायें वैरियों के हाथ पड़ीं। वह जब तक जीवित रहा यवनों को गो-हरण का साहस नहीं हुआ।

---

४. लोयण – लोचन, नेत्र। लाज रा लंगर – लज्जा का लंगर। ओटभ – आश्रयस्थल। सारण – सिद्ध करने वाला। कोट – दुर्ग, समूह। तपो – तपते रहो, राज्य करते रहो।

१. खुचंती – चुभाती, धंसाती। खुरी – खुर। रुधिर – लोहू। असुर – यवन। हंचे – मारे। कूंभड़ां – कुंभा। कुटकै – टुकड़े, पिण्ड खंड। क्रम देती—चलती। गऊ – गायें। त्रिया – स्त्रियां। गोरी राय – गोरी वंशीय यवनों के मालिक ने।

२. ऊभै – सलामत खड़े रहते। लागुवां – पीछा करने वाले, वैरियों। पछै – फिर, पीछे। गागरौणि – गागरौन स्थान। गउ – गाय। त्री – त्रिया – गउ-त्री – गाय। ग्रहतां – पकड़ते, घेरते। गांगू का – गांगा के पुत्र।

३. गारि – गाल, कीचड़। गंग रा – गांगा के पुत्र। कुळ-भांण – कुल-रवि। अणभंग – बहादुर, जिसका क्रम न टूटे। घड़ – शरीर। धेन – धेनु, गायें। चालि – चली, गमन किया।

४. खोपर – मस्तक, कपाल, कुहनी। अयार – दुश्मन। गांगांणी – गांगा के पुत्र। पै – पर, पैर। कुटकां – टुकड़े टुकड़े। थया – हुए। कुळसार – कुल-धर्म।

८०. गीत ठाकर मुकंदसिंघ सेखावत घींगपुर रा धणी रौ

थटा काळ सी डंकाळ सी तोपां यो सावात धक्की,
मैंगळां है खुरां जम्मी मचक्की प्रमांण ।
वीर छंडां लीधा साथ चंडका किलक्की वक्की,
आंमेरनाथ री सेना यों हक्की आराण ॥१॥

उड़ी कै पंखाळ ग्रीध गूदवाळी आसागीर,
कोहौकार महाकाळी कराळी स काम ।
रंजी आसमाण ढंकी चंद यो छपाळी रहै,
टूट ताळी मुनिन्द्रा व्है अताळी तमाम ॥२॥

पंगी जठै तठै तो विदेसां देसां फतै पाई,
जकां बादसाही में कहाई जीत जीत ।
फेरूं किणी न वुलाई तो न पाई जेण आगे फतै,
रायजादे मुकन्ने वुलाई अेण रीत ॥३॥

---

८०. गीतसार—उपर्युक्त गीत घींगपुर के ठाकुर मुकुन्दसिंह शेखावत का है। मुकुन्दसिंह ने जयपुर द्वारा घींगपुर पर आक्रमण करने पर वीरतापूर्वक सामना कर घमासान युद्ध किया था। गीत में कहा गया है कि यमराज के दण्ड तुल्य अमोघ प्रभावकारी तोपों की गर्जना तथा गजाश्वों के प्रयाण से भूलोक दोलायमान हो उठा। चण्डिका बावन भैरवों सहित रणस्थल में आ उतरी। इस प्रकार जयपुर की विशाल सेना ने प्रस्थान कर घींगपुर पर घेरा डाला।

---

१. घटा काळ सी – श्याम घटा, यमराज की सेना-सी। डंकाळ सी – दण्ड शस्त्र सदृश। सावात – बारूद, सुरंग। धक्की – धधकने का भाव। मैंगळां – हाथियों। है खुरां – घोड़ों की पद टापों। मचक्की – दोलित हुई। वीर छंडां – वीर वैतालों का समूह, वीर चण्डिकाओं का। किलक्की वक्की – किलकने बोलने लगी। हक्की– रवाना हुई। आराण – युद्ध।

२. पंखाळ – पक्षी, पंखों वाली। ग्रीध – गृद्ध। गूद वाळी – सिर का भेजा, मांस विशेष। आसागीर – आशान्वित। कोहौकार – कोलाहल की ध्वनि। कराळी – कराल, भयानक। रंजी – धूलि राशि। ढंकी – आच्छादित। छपाळी – छिपा हुआ-सा। टूट ताळी – समाधि भंग होकर। मुनिन्द्रां – योगियों, मुनीश्वरों। अताळी – जागृत।

३. पंगी – कीर्त्ति। जठै तठै – जहां तहां। जकां – जिन्होंने। फेरूं – फिर। किणी – किसी ने। रायजादे – राजकुमार। मुकन्ने – मुकुन्दसिंह ने। अेण रीत – इस रीति से, इस प्रकार।

निहाव सबद्दां चंडां सौक नीर कूप नद्दां,
मद्दां छाकां दुरद्दां छक्की फरकै समार्थ।
कै भड़ां सधीरां जंग छकावै जरद्दां कीधां,
हदौहद्दां मरद्दां करद्दां झले हाथ ॥४॥

लेण कंत अच्छरां गैणाग माग आबा लागी,
पूरां सूरां बीरां सूं जमाबा लागी प्रीत।
ललक्का उछट्टे भैरूं चंडका रमाबा लागी,
गाबा लागी जोगणी बीरांण मंत्र गीत ॥५॥

जूटियौ ज्यूं राम जोध चाडाणी त्रकूट ज्वाळा,
धकै वज्र गिरां परां बाढ़ाणी सधीठ।
खूटिया माडांणी जांणै सांकळां मयंद खूनी,
ऊठिया लाडाणी प्रळैकाळ री अंगीठ ॥६॥

---

४. निहाव – घोष, तोप। सौक – बाण आदि के चलने से उत्पन्न होने वाली ध्वनि, पंख ध्वनि, शोषने। कूप – कुए। नद्दां – नदियों, सरोवरों का। मद्दां छाकां – मद में प्रमत्त हुए। दुरद्दां – द्विरदों, हाथियों। छक्की – छाकी हुई। फरकै – फहराती, त्वरा से। समाथ – समर्थ। कै – कतिपय। भड़ां – वीरों। सधीरां – धैर्यशीलों। जंग – युद्ध। जरद्दां कीधां – कवचादि धारण किये। हदौहद्दां – हठ ठान कर, वाद मांड कर, अपार। करद्दां – तलवारे। झले हाथ – हाथों में ग्रहण किये।

५. लेण कंत अच्छरां – योद्धाओं का वरण कर ले जाने के लिए। गैणाग माग आबा लागी – आकाश पथ से आने लगी। पूरां सूरां बीरां सूं – पूरे शूरवीरों से। जमाबा लागी प्रीत – प्रीति करने लगी। ललक्के उछट्टे – झुकते तथा उछलने लगे, प्रबल चाह। रमाबा लागी – खिलाने या रमाने लगी। गाबा लागी – गाने लगी। बीरांण मंत्र गीत – वीरताबोधक गीत रूपी मंत्र, वैताल और योगिनी मंत्र गान करने लगी।

६. जूटियौ – जुड़ा, भिड़ गया। राम जोध – हनुमान। चाडाणी – उत्तेजित भाव से। त्रकूट – लंका को। गिरां परां – पर्वतों के पंख। बाढ़ाणी – काटने वाला। सधीठ – सक्रुद्ध दृष्टि, महान्वीर। खूटिया – खुले। माडांणी – जवरन। सांकळां – जंजीरों से। मयंद – सिंह। लाडाणी – लाडखानी शाखा के शेखावत। प्रळैकाळ री – प्रलयकाल की। अंगीठ – अग्नि।

ले भड़ां रटाकां पूर अरिंदा ताड़व्वा लागा,
महाबीर खीज में पाड़व्वा लागा मूंठ ।
वीर वेसताबा जहां दूधारा झाड़व्वा लागा,
रोजगारा खाती ज्यूं फाड़व्वा लागा रूंठ ।।७।।

जेण वेळां उडै वे नाचरा वाळा ख्याल जोवै,
राचरा आचांणी यो जाचरा वाळा रूक ।
उचक्कै उठावै फाचरा वाळा घाट योंही,
टूटै पड़ै गयंदां चाचरां वाळा टूक ।।८।।

लोथबथ्था भिड़े सूर पीठांण राचबा लागो,
वेखे ख्याल हंस भी खाचबा लागो वाज ।
वैणतार झणंका दे मुनिन्द्र नाचबा लागो,
कपाळी जाचबा लागो मुण्डमाळी काज ।।९।।

---

७. भड़ां – योद्धा । रटाकां – टक्करें, मुठभेड़ें । अरिन्दा – वैरियों को । ताड़व्वा लागा – यातना देने लगे, हांकने लगे । खीज – नाराजी । पाड़व्वा – उखाड़ने, गिराने । मूंठ – तलवारें । वेसताबा – अधैर्यशाली । दूधारा – द्विधारे, खड्ग, भाले । झाड़व्वा लागा – चोटें करने लगे, गिराने लगे । रोजगारां – दैनिक मजदूरी पर कार्य करने वाले । खाती – बढ़ई । फाड़व्वा लागा – फाड़ने लगे । रूंठ – लकड़े, लट्ठे ।

८. जेण वेळां – उस समय । वे – दोनों । नाच रा – नृत्य करने वाले, काला और गोरा भैरव । राच रा – अनुरक्त । आचांणी – आचार व्यवहार वाले, हाथों वाले । जाच रा – याचक वाले (?)। रूक – तलवार । उचक्कै – यकायक उछल कर, छलांग भर कर । फाचरा – फाचरे । घाट – तरह, भाँति । गयंदां – हाथियों के । चाचरां वाळा – मस्तकों के । टूक – टुकड़े, खण्ड ।

९. लोथबथ्था – बाहुयुद्ध, मल्ल की भाँति भिड़ कर । पीठांण – युद्ध । राचबा लागो– अनुरक्त होने लगे । वेखे – देख कर । हंस – सूर्य । खाचबा – खींचने । वाज– अपने अश्व को । वैणतार – वीणा वाद्य के तार । झणंका दे – झणकार की ध्वनि । मुनिन्द्र – नारद । नाचबा लागो – नृत्य करने लगा । कपाळी – शिव । जाचबा लागो – याचना करने लगा । मुण्डमाळी काज – मुण्डों की माला पिरोने के लिए ।

बनां जोगणी बजावै पत्र ताळ जेण वेळां,
नाचै मीच रीझ में सचा दे प्राण नेग ।
आवी बनां बोलै बोल अच्छरा रिझावै ऊभी,
तो भी लोभी जंग रा न जावै बावै तेग ।।१०।।

छाके पत्र जोगणी अखूटे रत्र फेर छाका,
नरां काचा फाट बाका मूंह सूखा नीर ।
हारे बीर नाच केई होहोकार करै हाकां,
वेढ़ बांका लाडाणी न थाका बांका बीर ।।११।।

करै कौंण बांतां अे अडंडां डंड डंडै कौंण,
मंडै कौंण काळ सूं सुधारी माथै मीच ।
वांतां अे ऊबारे इसौ लाडाणी घराणां वीच,
दूसरौ न दीसै जम्मी आसमांण बीच ।।१२।।

—सुखदान कविया री कह्यौ

---

१०. बनां – दुलहा । जोगणी – योगिनी । बजावै – बजाती हैं । पत्र ताळ – पात्र को हथेली के ठरके से । मीच – मृत्यु । रीझ – प्रसन्नता से दान देने को रीझ कहा जाता है । प्राण नेग – प्राण रूपी नेग, वृत्ति वाले सेवकों को सेवा के उपलक्ष में दिये जाने वाले द्रव्य को नेग कहा जाता है । अच्छरा – अप्सरा । रिझावै – मोहित करती हैं । ऊभी – खड़ी हुई । जंग रा – युद्ध के । न जावै – नहीं जाते हैं । बावै तेग – तलवारों के प्रहार करते हैं ।

११. छाकि – तृप्त हुई, पूर्ण भरा । अखूटे – अखूट, असमाप्त । रत्र – रक्त । फेर – पुनः । नरां काचा – किम्पुरुषों के । फाटा बाका – भय से मुंह खुले हुए । सूखा नीर – पानी सूख कर, कान्तिविहीन । हाकां – हल्ले । वेढ़ – युद्ध । बांका – विकट वीर । न थाका – थके नहीं ।

१२. करै कौंण बांतां – ऐसी अद्वितीय वातें अन्य कौन कर सकता है । अडंडां – अदण्डितों को । डंडै कौंण – दण्डित कौन करने का साहस करें । मंडै – रचे, करे । काळ सूं – मृत्यु से । माथै – मस्तक, पर । मीच – मौत । ऊबारे – प्रसिद्ध करे । इसौ – ऐसा । घराणां – घराने, कुल । दीसै – दीखता है । जम्मी असमांण बीच – भूलोक और आकाश लोक के मध्य ।

८१. गीत पंचाइण सांगाउत चहुवांण रौ

हितवां स वींटियां अळग न होवै, छाए साख ऊपरि छर छात ।
मणिधर तेथि जेथि मळयातर, पांचौ जेथि तेथि कवि पात ॥१॥

अळगा लोभ न प्रामें अेतौ, लुबधा प्रीत न छाडै लील ।
सुकवि तेथि जेथि सांगाउत, चंदण जेथि तेथि मिणि चील ॥२॥

वास श्रीया विळसंत न विरचैं, सुरतर सुपह विन्है सारीक ।
सोरमतरि अहि वंस सुखी सहि, मांगण सुखी कन्हीं मछरीक ॥३॥

—नांदण वारहट रौ कह्यौ

---

८१. गीतसार–उपरांकित गीत पंचायन सांगावत चहुवान वीर की उदारता से सम्बन्धित है । गीतकार ने इसमें पंचायन को मलयतरु और याचकों को सर्प अंकित कर गीत का सर्जन किया है । वह कहता है कि जैसे सर्प चंदन के पेड़ को नहीं छोड़ते उसी प्रकार याचक गण पंचायन से तनिक भी विलग होना स्वीकार नहीं करते ।

---

१. हितवां – कवियों, हितचिन्तकों, चारणों । वींटियौ – घिरा हुआ, लिपटा हुआ । अळग – दूर, विलग । साख – शाखा । छर – भुजा । छात – छत्र । मणिधर– सर्प । तेथि – तत्र, तहाँ, वहाँ । जेथि – जहाँ । मळयातर – मलयतरु, चन्दन वृक्ष । पांचौ – पंचायन । कविपात – कवि पात्र ।

२. अळगा – अलग, दूर । प्रामें – पाते । अेतौ – इतना, यह तो । लुबधा–लुब्धता, लोभान्वित । प्रीत – प्रीति । सांगाउत – संग्रामसिंह का पुत्र या वंशधर, पंचायन । चील – सर्प ।

३. श्रीया – लक्ष्मी । विळसंत – विलास करते, दान करते । विरचैं – रचना । सुरतर – देववृक्ष, कल्पवृक्ष । विन्है – दोनों । सारीख – सदृश, एक समान । सोरमतरि – सुगंधी वाला वृक्ष, चंदन वृक्ष । अहिवंस – सर्प । मांगण – याचक, कवि । कन्हीं – निकट । मछरीक – चहुवान पंचायन के ।

८२. गीत परबत मदाउत रांदा रौ

पोमाए किसूं बहै सत्र पाछे, भार नमी मचियै भाराथि।
पवौ घणै मिळि नीठ पाड़ियौ, हेकै कहे न चढ़ियौ हाथि ॥१॥

अेकोकौ मुंहडे जो आवत, प्रतरै कळहणि तणी परि।
रहचति कटक सिगळ डोइ रांदो, वात कहत कुंण वैरहरि ॥२॥

पड़ी विहड़ ऊपरी प्रवाड़ै, सत्रहर अंजस बहै सहि।
मुंहियड़ जिणि पाड़ियौ मदाउत, मुंहियौ बोलौ न कोइ महि ॥३॥

—नांदण बारहठ रौ कह्यौ

---

८२. गीतसार-प्रोक्त गीत पर्वतसिंह मदा के पुत्र से सम्बन्धित है। कवि नांदण बारहठ ने इस गीत में गीतनायक पर शत्रुओं के दल का आक्रमण होने पर अेकाकी उनका संहार कर डालने का वर्णन किया है। वह कहता है कि पर्वतसिंह के सम्मुख जो शत्रु चढ़ गए वे अपने वैर की चर्चा करने के लिए रणस्थल से वापिस लौट कर न जा सके।

---

१. पोमाए – प्रोत्साहित किये, गर्व में छके हुए। बहै – जावें, प्रारंभ होने पर। भाराथि – युद्ध। पवौ – पर्वतसिंह। घणै – बहुत से। मिळि – सम्मिलित होकर। नीठ – कठिनता से। पाड़ियौ – गिराया। हेकै – एकाकी। हाथि – हाथ के प्रहार के सामने।

२. अेकोकौ – एकाकी, अकेले। मुंहडे – सम्मुख। प्रतरै – पर्वतसिंह के। कळहणि– लड़ाई। तणी – की। रहचति – ध्वंश करके, नाश करके। कटक – सेना। सिगळ – समस्त। डोइ – मथ कर, कुचल कर। रांदो – रांदा शाखा का योद्धा पर्वतसिंह। कुंण – कौन। वैरहरि – शत्रुता की।

३. विहड़ – विकट (?)। प्रवाड़ै – प्रशस्ति, पर्वत के। सत्रहर – शत्रुता का भाव रखने वाले। अंजस – अभिमान कर, गर्वपूर्वक। बहै – चले। मुंहियड़ – मुंह आगे, सामने। पाड़ियौ – पटका, गिराया। मदाउत – मदा का पुत्र, पर्वतसिंह। मुंहियौ – मुख से। महि – पृथ्वी पर।

८३. गीत कमल महाराव हणूतसिंघ सेखावत रौ

मद मसत हळवळ, हालि मैंगळ, विमळ स्यामळ घटा वद्दळ,
जांणि रद वग पंत उज्जळ, व्याळ माळ विसाळ।
हींस हैंमर कळळ हूंकळ, दुकळ सुकळां सोर दमंगळ,
वोज पळकत सेल वळवळ, प्रबळ दळ भूपाळ ॥१॥

घटा नौबत घौर घरहर, पटा मदझर पसर जळ पर,
दुरद घुघर घरा दादुर, सघण वणि घमसांण।
भेर प्रक करनाळ भरहर, सरग घर जैनगर सुंदर,
भेद इंद नरिंद सरभर, पाट पती परमांण ॥२॥

फरिक नेजां धजां फरहर, इंद धरवट छटा ऊपर,
गंजि अरिहर रूप गिरवर, बीच किरवर वाढ़।
घर स्रवण बरसाळ घरधर, सुकवि मोर दादुर जस सुर,
झुकै द्रव झड़ दान झरहर, सदा नूप आसाढ़ ॥३॥

---

८३. गीतसार—उपर्युक्त गीत मनोहरपुर शाहपुरा के शासक महाराव हनवन्तसिह शेखावत का है। कवि ने इसमें महाराव की सेना को मेघ-घटा के साथ उपमित कर सांग रूपक का सर्जन किया है। कवि ने गजसेना को श्याम घटा, उनके दन्तों को वक पंक्ति, भालों की चमक को विजली की चमक और गज घंटों की ध्वनि को दादुर ध्वनि अंकित किया है।

---

१. हळवळ – हलचल। हालि – चलकर। मैंगळ – हाथी। स्यामळ – श्याम-वर्णीय। घटा वद्दळ – मेघ-घटा। जांणि – मानो। वग पंत – वक पंक्ति। व्याळ – हाथी। हींस हैंमर – घोड़ों की हिनहिनाहट। कळळ हूंकळ – युद्ध में वाद्यों, गजाश्वों आदि का कोलाहल। दुकळ – वस्त्र। सुकळां – श्वेत। सोर – बारूद। दमंगळ – युद्ध। वीज – विद्युत। पळकत – चमकने की क्रिया का भाव। वळवळ – चौतरफ, बारबार।

२. घटा – मेघ घटा। घोर घरहर – भयंकर गर्जना। मदझर – हाथी। पसर – फैलकर। दुरद – द्विरद, हाथी। घुघर – घुंघरू। दादुर – मेंढ़क। भेर – वाद्य विशेष। करनाळ – वाद्य का नाम। भरहर – ध्वनि कर। सरग घर – स्वर्ग घरा। जैनगर – सवाई जयपुर। इंद – इन्द्र। नरिंद – नरेन्द्र, राजा। सरभर – एक समान।

३. फरिक – लहरा कर। नेजां – निशान। फरहर – फहरा कर। धरवट – पृथ्वी-लोक। गंजि – पराजित कर, नाश कर। अरिहर – शत्रुता रखने वालों को। किरवर – तलवार। वाढ़ – काट कर, मार कर। स्रवण – दान देने। जससुर – यश के स्वर, कीर्ति-गान। झरहर – झड़ी, बौछार।

अेक सुरपति हसत अणदत, भिसत हलका अवत मदमत,
बणत घण दुति अस्त बरसत, दांन नृप अवदात।
अव खित रित खंड बरसत, रीभ्क घरपति अवत खटरित,
पाट पति जगतेस घर पति, सुजस दीपां सात ॥४॥

८४. गीत ठाकर सवाईसिंघ चांपावत पोकरण रौ

कह्यौ विजै महाराज सुण सवाई दे करण, मैं कही बात छै याद मांही।
पड़दळी गढ़ मांहे गढ़ केई मावे परा, नरिन्द वा कटारी छै क नांही ॥१॥

पूछियौ नाथ जद सांच कहियौ परो, कटारी जिकण सूं प्रथी कांपी।
सौंप वा कटारी देवसा सबळ नूं, सबळ वा कटारी मनैं सांपी ॥२॥

---

८४. गीतसार—इस गीत में पोकरण के ठाकुर सवाईसिंह चांपावत और जोधपुर के महाराजा विजयसिंह के बीच सामन्तों की शक्ति विषय के वार्त्तालाप का वर्णन है। सवाईसिंह के पितामह देवीसिंह ने महाराजा को सगर्व कहा था कि जोधपुर का राज्य तो मेरी कटारी के म्यान में रहता है। इस पर महाराजा ने देवीसिंह और उनके पुत्र सबलसिंह को छलाघात से मरवा डाला था। सवाईसिंह तब बारह वर्ष का अल्पायु था। महाराजा के यह पूछने पर कि वह कटारी का म्यान कहाँ है जिसमें मारवाड़ समाहित बताई गई थी। तब सवाईसिंह ने जो वीरोचित उत्तर दिया था उसी का इस गीत में वर्णन है।

---

४. सुरपति – इन्द्र। हसत – हाथी। अणदत – जो नहीं दिया जावे। भिसत – स्वर्ग। हलका – एक सौ हाथियों के समूह को एक हलका कहा जाता था। अवत – दान करता है। मदमत – मदमस्त, हाथी। दुति – द्युति। अस्त – अगस्त्य तारा के। अवदात – श्रेष्ठ, उज्ज्वल। खित – पृथ्वी। रित – ऋतु। रीभ्क – आनन्द, मौज में दिया जाने वाला दान, बख्शीशें। खट रित – षट् ऋतु में। जगतेस – महाराव जगतसिंह। सुजस – सुयश। दीपां सात – सप्तद्वीपों में।

१. विजै महाराज – महाराजा विजयसिंह जोधपुर ने। सवाई – ठाकुर सवाईसिंह पोकरण। दे करण – कान देकर, ध्यानपूर्वक। पड़दळी – म्यान, कोश। मावे – समाहित हुवे। छै क नांही – है या नहीं।

२. पूछियौ – पूछा गया। नाथ – स्वामी। जद – जब तो। जिकण सूं – जिससे। प्रथी कांपी – पृथ्वी कंपित हुई, संसार भयभीत हुआ। सौंप – सुपुर्द कर। देव सा– ठाकुर देवीसिंह पोकरण, ठाकुर सवाईसिंह के पितामह। सबळ नूं – ठाकुर सबलसिंह को, सवाईसिंह के पिता। मनैं – मुझे। सांपी – सौंपी, दी।

मूझ री कमर में रहै वा सदामंद, निमख मेलू नहीं घणी नेहा।
पड़दली मांय गढ़ केई मावै परा, जोधपुर अनै जाळौर जेहा ॥३॥

सांच कहियां थकां स्याम रीसावस्यौ, कहे वा बात सांची कहायौ।
पड़दलो मांय जे न हुतो जोधपुर, आपरै कहौ किण रीत आयौ ॥४॥

कटारी जगत में प्रगट चांपौ कहै, नाथ वा पड़दली नहीं नांनी।
सवाई बात री भरौतो दीध सह, महीपत विजै सो सांच मांनी ॥५॥

८५ गीत ठाकुर हणूंतसिंघ सेखावत बिसाऊ रा धणी रौ

तोपां अवाज गाजतौ वजाड़तौ सूंड भाट तेगां,
भुरज्जां पाड़तौ भालां दांतूसळां भाव।
त्रकूट पहाड़ी माथै भाकिया छंछाळ तेम.
राड़िगारे हणूंत हांकिया गाढ़ेराव ॥१॥

---

८५. गीतसार—उपरोक्त गीत शेखावाटी के बिसाऊ संस्थान के अधिपति ठाकुर हनुमन्तसिंह शेखावत पर रचित है। गीतकार का कथन है कि हनुमन्तसिंह रूपी गजराज तोपों का नाद करता हुआ अपनी तलवार रूपी शुण्डदण्ड तथा भाला रूपी दन्तशल्यों से शत्रुओं के गढ़ों को ध्वस्त करता चलता है। इस प्रकार विंध्यवासी मस्त गजराज की भांति वह वीर हनुमन्तसिंह रूपी वाराहराज अपनी सेना सहित अरिदेशों को रौंदता विचरण करता हैं।

---

३. मूझ री – मेरी। सदामंद – सदा से। निमख – निमिष। मेलू नहीं – अलग नहीं रखता हूं। घणौ – अत्यधिक। नेहा – स्नेह। मांय – में, भीतर। केई – कतिपय। मावै परा – समाहित हो जाते हैं। अनै – अन्य, और, दूसरा। जेहा – जैसे।

४. सांच – सत्य। कहियां थकां – कहने से तो। स्याम – स्वामी, आप। रीसावस्यौ – रुष्ट हो जाओगे। कहेवा – कहने के लिए। जेन हुतौ – जो नहीं होता तो। आप रै – आपके। कहौ – कहिये। किण रीत – किस रीति से। आयौ – आया, अधिकार में आया।

५. चांपौ – चांपा का वंशज सवाईसिंह। नांनी – नान्ही, छोटी। भरौतो – साक्षी, पूर्त्ति। दीध सह – सब ने दी। महीपत – महाराजा। विजै – महाराजा विजयसिंह ने। सांच मांनी – सत्य मान कर स्वीकार की।

१. तोपां अवाज गाजतौ – तोपों का गर्जन रूपी घोष करता। वजाड़तौ – बजाता, प्रहार देता। सूंड भाट – अशुण्ड के प्रहार। तेगां – तलवारें। भुरज्जां – किलों को। पाड़तौ – ढहाता, ध्वस्त करता। दांतूसळां – दन्तशूलों से। त्रकूट पहाड़ी – विंध्यगिरि। छाकिया – छके हुए, प्रमत्त। छंछाळ – हाथी। तेम–ज्यों। राड़िगारे– युद्ध-प्रवृत्ति वाला। हांकिया – हांके, रवाना किये। गाढ़राव–महान् योद्धा, बड़ा राजा।

चमू भड़ां भेळिया जैपुरी बिंद वीर चाळे,
चोड़ै तीठ देहरी न भाळे बांध चाक ।
करी डांणां लागा ज्यूं बोळवा जाटा नीर काळे,
बेढ़ाक केहरी वाळे चलाया बैंडाक ॥२॥

रूकां झाट संपे तमासे आपताप रीधो,
ओण पीधो सात्रवां अरोह चंडी सींह ।
क्रोध रूपी मद्दाळां ज्यूं चोड़ैधाड़ै लीधो किलो,
दूसरे सादूळ हलो कीधो घोळे दीह ॥३॥

मैमन्ते हसती आट पाटां लगे सेखां मुदी,
छार मेळे कोट जाटां अवास छुडाय ।
खाग झाटां पोगरां तरां ज्यूं जड़ामूळ खोय,
आठ दोय बाटां दीधी चापड़ै उडाय ॥४॥

---

२. चमू – सेना । भड़ां – योद्धाओं । भेळिया – आक्रमण किया । जैपुरी बिंद – जयपुर की सेना का दुलहा । वीर चाळे – युद्ध, छेड़छाड़ । चोड़ै – खुले रूप में । तीठ – मोह, इच्छा, दया । भाळे – देखता । बांध चाक – निशाना साध कर, निशाना ताक कर । करी – हाथी । डांणां – मस्ती । बोळवा – डुबोने, नष्ट करने । नीर काळे – रुधिर में । बेढ़ाक – योद्धा । केहरी वाळे – केशरीसिंह का पुत्र हनुमन्तसिंह । बैंडाक – घोड़े, अश्व-सेना ।

३. रूक झाट – खड्ग-प्रहार । संपेख – देखकर । आपताप – सूर्य । रीधो – प्रसन्न हुआ । ओण – लोहू । सात्रवां – शत्रुओं का । अरोह – सवारी किए हुए, चढ़ी हुई । चंडी – रणदेवी, चण्डिका । सींह – शेर की । मद्दाळां – गजराज । चोड़ैधाड़ै – खुले मैदान में, प्रकट रूप में । लीधो किलो – किला जीत लिया । सादूळ – शार्दूल सह ने । हलो – हमल्ला । घोळे दीह – दिनदहाड़े ।

४. मैमन्ते हसती – मदमस्त हस्ति । आट पाटां – प्रबल प्रवाह । सेखां मुदी – शेखावतों का मुखिया । छार – खाक में, मिट्टी में । मेळे – मिलाकर । कोट – दुर्ग । अवास – आवास । खाग झाटां – तलवारों की मार से । पोगरां – हाथी की शुण्ड । तरां – तरुग्र ! पेड़ों । जड़ामूळ – जड़मूल सहित । खोय – नाश कर । आठ दोय – दस बाटां – मार्गों, दिशाओं । चापड़ै – युद्ध में, मैदान में ।

८६. गीत महाराव श्रीनाथसिंघ सेखावत मनोहरपुर साहपुरा रौ

दौळां वैंडाकां रावतां जूथ भाराथ अटक्कां दूठ,
भुजा-डंडां गैणाग उतोल पाथ भीम।
वाहरू धरत्ती नाथ तेजि साहे महावीर,
सारी श्रेक साथ लेण छोड़ेति सींम ॥१॥

तेवड़ै भाराथ भाण ऊगां झड़े आग तोड़ां,
घोड़ां भड़ां मेळिया अम्बाटां पड़ै घाव।
तेग झाटां लड़ेतौ जूझ सारां ऊघड़े ताय,
रसा यसा आरखां बाहुड़े गाढ़ेराव ॥२॥

---

८६. गीतसार—ऊपरलिखित गीत मनोहरपुर शाहपुरा के महाराव श्रीनाथसिंह शेखावत के युद्धाभियान का सूचक है। कवि कहता है कि महाराव श्रीनाथसिंह नित्य प्रभातकाल में अश्वारूढ़ योद्धाओं की सेना सजाकर अपने राज्य की रक्षार्थ प्रयाण करता है। ऐसे पराक्रमी शासक ही पराधिकृत भूमि पर पुनः अपना शासन स्थापित कर सकते हैं।

---

१. दौळां — चौतरफ। वैंडाकां — घोड़ों, गजों। रावतां जूथ — रावत पद वाले योद्धाओं का समाज। भाराथ — युद्ध। अटक्कां — प्रतिरोधक। दूठ — वीर। भुजा डंडां — भुजदण्डों। गैणाग — आकाश। उतोल — ऊपर उठाये हुए, तोलते हुए। पाथ भीम — अर्जुन और भीम जैसे शक्तिशाली। वाहरू — रक्षक, पराधिकृत भूमि एवं द्रव्य को वापस लाने वाले। तेजि साहे — तुम जैसे, ताजी जाति के घोड़े लिए हुए। सारी — समस्त। लेण — लेने के लिए।

२. तेवड़ै — आरम्भ करते हैं। भाण ऊगां — सूर्य उदय होते समय। झड़े — गिरे। आग तोड़ां — तोड़ादार बन्दूकों की अग्नि। मेळिया — सम्मिलित किए। अम्बाटां— ताम्बे के पेंदे के नगाड़ों की। घाव — जोर से बजने से होने वाली ध्वनि, घोर नाद। तेग झाटां — तलवारों के प्रबल प्रहार। लड़ेतौ — युद्ध करता, योद्धा। जूझ — युद्ध। ऊघड़े — खुले। ताय — ज्योंही, लिए, तुल्य। रसा — धरती। यसा — ऐसे, इस प्रकार के। आरखां — चिन्हों। वाहुड़े — लौटकर आवे, पुनः कब्जे में हुए। गाढ़ेराव — दृढ़ वीर, राजा।

आंबेर अमरसरा सदा भाई दांई आंट,
सारीसौ सवाई करै दिखाई असंभ ।
राजां दळां भांजतो अछूती फतै पाई राव,
खागां पांण मेदनी दबाई जैतखंभ ॥३॥
थारी धाक सांभळे आंबेर थई मूंग थाळी,
वाळी धरा अंसधारी पांणेची वीजैत ।
सेखा रायामाल ज्यूं मनोर वाळी सारी रीत,
नाथ बळाकारी सो ऊजाळी बांधनैत ॥४॥

८७. गीत ठाकर नौलसिंघ सेखावत नवलगढ़ रा धणी रौ

धरा सेस साहे नको पालटे आखिर विधाता, वहें गंग अपूठी तरंग बहो पूर ।
अड़ीसल नवल पाराथियाँ आज रौ, सुपातां नटै तो ऊग थटै सूर ॥१॥

---

८७. गीतसार—उपरांकित गीत नवलगढ़ के स्वामी ठाकुर नवलसिंह शेखावत की वदान्यता का परिचायक है। कवि ने गीत में कहा है यदि नवलसिंह याचनार्थ कवियों के आने पर उन्हें दान देना स्वीकार न करें तो शेषनाग को धरती का बोझ सहन करना, विधाता के अमिट भाग्यलेख, गंगा का हिमालय की तरफ प्रवाह और सूर्य का नियमित उदय होना आदि कार्य बन्द हो जांय ।

---

३. आंबेर – जयपुर राज्य की प्राचीन राजधानी, एक कस्बा । अमरसरा – शेखावतों की प्राचीन राजधानी, अमरसर नामक कस्बा जो महाराव शेखा ने अमरा नामक जाट के नाम पर आबाद कर अपने राज्य की राजधानी बनाया था । भाई दांई – बराबरी की जोड़ी के भाई । आंट – विरोध, वैर । सारीसौ – एक सदृश । असंभ – असंभव, कठिन । राजां दळां – राजावतों की सेना, जयपुर के शासकों की फौज । भांजतो – विनष्ट करता हुआ । अछूती – नवीन, अस्पर्शित । फतै – फतह, विजय । खांगां पांण – तलवार की शक्ति द्वारा, भुजा और कृपाण बल पर । मेदनी – भूमि । दबाई – अधिकृत की । जैतखंभ – विजयस्तम्भ ।

४. थारी – तेरी, तुम्हारी । धाक – रौबदाब, आतंक । सांभळे – सुनकर । थई – हुई । मूंग थाळी – थाली (स्थाली) पात्र में रखे हुए मूंग धान्य की भांति, कम्पायमान । वाळी धरा – पुनः लौटा लाया । अंसधारी – अशावतार । पांणेची – बलवान् । वीजैत – विजेता । सेखा – महाराव शेखा । रायामाल – रायमल, ये दोनों महाराव श्रीनाथसिंह के पूर्व पुरुष थे । मनोर – महाराव मनोहरसिंह, यह फारसी का विद्वान् और बादशाह अकबर तथा जहाँगीर का दरबारी सेनानायक और मन्सबदार था । बळाकारी – बलवान । ऊजाळी – उज्वल की, कीर्त्तिमान् की । बांधनैत – वीरता का प्रतीक चिन्ह धारण करने वाला ।

१. धरा सेस साहे नको – शेषनाग पृथ्वी को उठाये न रखे । पालटे – पलटे, मिटे, प्रभावहीन हो जावे । आखिर – अक्षर । अपूठी – विपरीत दिशा में । तरंग–लहर । बहो पूर – प्रबल वेग से, पूर्ण शक्ति सहित । अड़ीसल – अरिशल्य । पाराथियाँ – प्रार्थियों, याचकों । नटै – इन्कार करे । ऊग थटै–उदय होना बंद करे । सूर–सूर्य ।

वेद पलटे ब्रह्म कूड़ जुजिठळ बकै, जोग संकर जपे अजप्पा जाप ।
माग उतराध री धाव धखपंख मिटै, ईहगां हूंत नौलो नटे आप ॥२॥

सुधा विणि सोम झळ धोम विणि सजै, ढाहि विणि हाथळां मयंद ढूके ।
अधपती नवल सेखाधरा ऊजळो, चक्रवती मांगिया वचन चूके ॥३॥

सार आचार कुळ भार धरियां सुरिन्द, सुतण सादूळ जगि दीह साजै ।
रहोजी अेतला थोक काइम रिधू, रिधू नौला तणी वचन राजै ॥४॥

—नाथा सांदू री कह्यौ

---

२. ब्रह्म – विधाता, ब्रह्मा । कूड़ – असत्य । जुजिठळ – युधिष्ठिर । बकै – बोले । जोग संकर – योगिराज शिव । अजप्पा जाप – तांत्रिकों का एक मंत्र विशेष जिसका उच्चारण नहीं किया जा सकता । माग – पथ । उतराध – उत्तर दिशा । धाव – गमन-शक्ति, गति । धखपंख – गरुड़ पक्षी । ईहगां हूंत – चारण कवियों से । नौलो – नवलसिंह ।

३. सुधा – अमृत । बिणि – बिना । सोम – चन्द्रमा । झळ – अग्नि, आतप । धोम – धूम्र । ढाहि – गिराने । हाथळां – पञ्जों के । मयंद – सिंह । ढूके – पहुँचे । सेखाधरा – शेखावाटी प्रदेश । ऊजळो – उज्वल । चक्रवती – चक्रवर्ती, बड़ा राजा । मांगिया – याचना करने पर ।

४. सार – तलवार । आचार – आचरण, व्यवहार । कुळ भार – वंश की गौरव-रक्षा का दायित्व । धरियां – धारण किए । सुरिन्द – सुरेन्द्र, राजा । सुतण सादूळ– सार्दूलसिंह का पुत्र । दीह – दिवस । अेतला – इतने । थोक – वस्तुएँ, बातें । रिधू – अटल, स्थिर । राजै – शोभित हो ।

८८. गीत राजा रायसल सेखावत खण्डेला रौ

रीसाणो ज्यांह तणै सिरि रासौ, आउध ग्रहि सूजाउत आगाहि।
माणणि मदन न आवै महले, परमळि घसि नारी त्यां पांहि ॥१॥

किरमरि कर ग्रहियां कछवाहौ, विसरि करै ज्यांसूं बकवादि।
चंदण सुवपि चरचि चंदाणण, सेज न पावें पेम सवादि ॥२॥

सूजावत रै बहतै सुजड़ै, जाय मिळिया मचतै रिणि जंग।
श्रीखंड दाइ न आवै सुंदरि, रमिवा पुरिस पिलंग सूं रंग ॥३॥

---

८८. गीतसार—ऊपरलिखित गीत खण्डेला राज्य के शासक राजा रायसल शेखावत कछवाहा का है। इसमें कवि ने राजा रायसल का आतंक दिखाते हुए कहा है, राव सूर्यमल्ल के पुत्र राजा रायसल ने क्रोधित होकर जिन शत्रुओं पर शस्त्र संघात किया उनकी प्रियतमाएँ शृंगार कर फिर जीवन में अपने पतियों के साथ सुख-केलि करने की इच्छा से उनके पलंग पर नहीं आई।

---

१. रीसाणो – रुष्ट हुआ। ज्यांह – जिन। सिरि – पर, सिर पर। रासौ – राजा रायसल। आउध ग्रहि – शस्त्र धारण कर। सूजाउत – सूर्यमल्ल के पुत्र ने। आगाहि – सावधान कर। माणणि – भोग की कामना से, मानवती। मदन – कामदेव। महले – महलों में, स्त्रियाँ। परमळि घसि – सुगंधित पदार्थों का घर्षण कर, चंदन घस कर। त्यां पांहि – उनके पास।

२. किरमरि – तलवार। कर ग्रहियां – हाथ में उठाकर। कछवाहौ – कछवाहा नरेश रायसल। विसरि – विस्मृत होकर, नाराज होकर। बकवादि – बकवाद, व्यर्थ की चर्चा, युद्ध विवाद। सुवपि – सुन्दर शरीर पर। चरचि – चर्चित कर, लेपित कर। चदाणणि – चन्द्रमुखी, सुंदरी। सेज – शैय्या। पेम – प्रेम का। सवादि – स्वाद, रस।

३. सूजावत रै – राव सूर्यमल्ल के पुत्र के। बहतै – प्रहार करते। सुजड़ै – तलवार। मिळिया – मिले, जूझ पड़े। मचतै – होते, चलते। रिणि – रणभूमि में। जंग–युद्ध। श्रीखंड – चंदन। दाइ न आवै – पसन्द नहीं आता है, रुचिकर नहीं लगता है। रमिवा – रमण करने, क्रीड़ा करने। पुरिस – पुरुष की। पिलंग – शैय्या से। रंग – आनन्द भोग।

८६. गीत राजा रायसल सेखावत खण्डेला रा धणी रौ

रिणि भीड़ि मेल्हि गयौ खगि रासौ, घड़ा कंवारी वरिवा घाइ ।
सुजड़ै वीज सिळाव श्रवंतो, मुहमद मीर तणा दळ मांइ ॥१॥

साथी छाडि गयौ सूजा सुत, तिसियौ लोह तरणि रिणताल ।
दामणि चमकि झमकिते दुजड़ै, वणीयौ गूजर घड़ा विचाल ॥२॥

कूरम गौ परिगह मेल्हि कळहिवां, घडा कहर घूमती घांणि ।
ब्रहमंड उरा खीवंतौ बीजळ, अहमदवाद तणै आराणि ॥३॥

... ... ।
रायमल हरौ वडै प्रवि रवदां, जण जण भुजा ए जिसौ हूवौ ।४॥

—खेतसी गाडण रौ कह्यौ

---

८६. गीतसार—ऊपरलिखित गीत राजा रायसल शेखावत खण्डेला के शासक पर रचित है। इसमें रायसल के अहमदाबाद के रणक्षेत्र में अमीर मुहम्मद को परास्त कर विजय प्राप्त करने का वर्णन है। कवि का कहना है कि रायसल ने अपनी युद्धरत सेना में से आगे बढ़कर तलवारों की झड़ी के बीच मुहम्मद अमीर की सेना पर आक्रमण किया।

---

१. रिणि – रण में। भीड़ि – भिड़कर, साथी। मेल्हि गयो – छोड़कर गया। खगि – तलवार। रासौ – राजा रायसल। घड़ा कंवारी – बिना लड़ी सेना। वरिवा – वरण करने। घाई – प्रहार। सुजड़ै – तलवार। वीज – विद्युत। सिळाव – दीप्ति, चमक। श्रवंतो – बहते। दळ मांइ – सेना में।

२. छाडि – छोड़कर। सूजा सुत – राजा सूर्यमल्ल का पुत्र राजा रायसल। तिसियौ – प्यासा, इच्छुक। लोह – शस्त्र। तरणि – तैर कर पार जाने के लिए, नाव। रिणताळ – रणस्थल, रणस्थल रूपी तालाब को। दामणि – दामिनी, बिजली। दुजड़ै – तलवार। गूजर घड़ा – गूर्जर देश की सेना, गुजरात की फौज।

३. कूरम – कछवाहा रायसल। परिगह – सेना। कळहिवां – योद्धाओं, वैरियों। घड़ा – सेना। कहर – क्रोध, विपत्ती। घांणी – युद्ध। खीवंती – चमकती। बीजळ – बिजली, तलवार। आराणि – युद्ध।

४. प्रवि – पर्व। रवदां – मुसलमानों।

९०. गीत राव सिवसिंघ सेखावत सीकर रा धणी रौ

घाटां रूप में सरूप जिकै बाटां सूंबां सीध घालै,
थाटां घणां बीच सोभा बिरच्ची अथाह ।
दला रौ दुबाह जोध नरां नाह सेवौ दाखां,
पाकेटां पमंगां चंगां मांडियौ प्रवाह ॥१॥

जरीतारां जरीबाफां नीलंकां जड़ाव जांमां,
दांमां पार पावै नकौ देतां चित्त दत्ति ।
कहां खोटी बार बिचै मोटी रीभां सेवौ करै,
सासणां सोव्रन्ना कड़ा समापै हसत्ति ॥२॥

---

९०. गीतसार—उपरांकित गीत सीकर राज्य के स्वामी राव शिवसिंह शेखावत की दान-वीरता की प्रशंसा का द्योतक है। कवि ने शिवसिंह की ओर से चारण कवियों को घोड़े, ऊँट, ग्राम और वस्त्राभूषण दिए जाने का वर्णन किया है। कवि ने विश्वविख्यात दानी राजा कर्ण, भोज, विक्रमादित्य, गहाणी जलाल और लाखा फूलांणी के समतुल्य शिवसिंह को वर्णित किया है।

---

१. घाटां – आकृति, शरीर, विकट मार्ग। बाटां – मार्ग। सूंबां – कृपणों को। सीध घालै – सीधे चलाता है। थाटां घणां – घने समूह में। बिरच्ची – रचना की। अथाह – अपार। दला रौ – दलेलसिंह का। दुबाह जोध – दोनों हाथों से शस्त्र प्रहार करने वाला योद्धा। नरां नाह – नृपति। सेवौ – शिवसिंह। दाखां – बखान करें। पाकेटां – ऊँटों। पमंगां – घोड़ों। चंगां – अच्छे। मांडियौ – मंडित किया। प्रवाह – झड़ी, बौछार।

२. जरीबाफां – कलाबतून। जड़ाव – जटित। जामां – पुरुषों के पहिनने के वस्त्र विशेष। दांमां – रुपयों का, धन का। नकौ – कोई नहीं। दत्ति – दान। खोटी बार – विपत्ति काल। रीझां – दान। सासणां – चारणों को उदक के ग्राम। सोव्रन्ना – स्वर्ण के। कड़ां – हाथ में पहिनने के कड़े। समापै – समर्पित करते हैं, देते हैं। हसत्ति – हाथी।

कवेसरां मुखे बाणी कहांणी रहांणी कीत,
सहेनांणी जेणी सांची वाखाणीजे संवार ।
क्रन्न वीक भोज हुवा गाहाणी जलाल काल्हे,
फूलांणी सरीखौ फाबै दलांणी दातार ॥३॥

मारूधरा भाटी सोढ़ा मेवाड़ां ढूंढ़ाडां मांही,
बूंदी कोटे मोटे थान सारेही वखांण ।
चहूंवाणां हालां झालां खीचियां बुन्देला चावौ,
ऊजळो सिवा सूं आज सारो हिंदवांण ॥४॥

सेखां सूजां राइसालां कुंतिला चढ़ावै सोह,
जोणसींहा सीधणां मळेसी बाला जांणि ।
कील्हणां बीजळां भलां मोकळां सकाज,
अेतला उजाळै सिवौ वोपियो आथांणि ॥५॥

—नाथा बारहठ रो कह्यौ

---

३. कवेसरां – कविराजाओं । कहांणी – कही गई । रहांणी – रहती है । कीत – कीर्त्ति । सहेनांणी – निशानी । जेणि – जिनकी । संवार – प्रातःकाल में । क्रन्न – कर्ण । गाहाणी जलाल – जलाल गाहाणी, एक दानी का नाम है । काल्हे– कल दिन । फूलांणी – फूल का पुत्र लाखा जो एक प्रसिद्ध दानी हो चुका है । सरीखौ – सदृश । फाबै – फबता है, शोभा पाता है । दलांणी – दलेलसिंह का पुत्र राव शिवसिंह ।

४. मारूधरा – मारवाड़ देश । भाटी – जैसलमेर के शासक । सोढ़ा – सिंध में के ऊमरकोट के शासक । मेवाड़ां – उदयपुर के सीसोदिया । ढूंढ़ाड़ां – जयपुर के कछवाहा शासक । बूंदी कोटे – हाडा चौहानों के बूंदी और कोटा राज्यों वाले । मोटे थान – बड़े राज्य, बड़े घराने, बड़े स्थान । चावौ – प्रसिद्ध । ऊजळो – उज्ज्वल, कीर्त्तिमान । सारो – समस्त ।

५. सेखां – महाराव शेखा के वंशजों । सूजां – राव सूर्यमल्ल की संतति वालों । राइसालां – रायसलोत शाखा वालों । कुंतिला – राजा कुंतिल की सन्तान वाले । जोणसींहा········मोकळा – इस द्वाले में आमेर के कछवाहे शासक जूनसिंह, उद्धरण, मलयसिंह, बाला, किल्हणदेव, बीजलदेव और मोकलसिंह की संतानों की ओर संकेत किया गया है । अेतला – इतने । उजाळै – उज्ज्वल करे । वोपियो – सुशोभित हुआ । आथांणि – आर्यस्थान में, जगह, दुर्ग ।

९१. गीत राव देवीसिंघ सेखावत सीकर रा धणी रो

हुवै गाज गजराज धजराज ठड़हड़ हुवै, भिड़े कर साज भड़ जिकै भागे।
विकट अरिराज अहिराज री बरोबरि, उड़ै पंख राजखग डकर आगे ॥१॥

सूरमां थाट संग पतंग तप देवसिंघ, गुमर अंग करै जंग घणां गांजे।
दोखियां भुजंग सम दुरंग ढाहे दुरत, जोस नृप विहंग अस निहंग भांजे ॥२॥

भुजां खत्रीवट प्रगट चंद सुत झळहळै, तुराटां चढ़ै गढ़ बिकट तोड़े।
सतर घट सरप सम हुवै चळचळ सकळ, जनेवां गुरड़ री झपट जोड़े ॥३॥

सींह जिम अडर डर अनमि सिवसाह हर, रिमां विखधर जिहि समर गाहे।
तेज खग-ईस री टकर लागी तिकां, रहे नह वार घर विवर मांहे ॥४॥

९१, गीतसार–उपरोक्त गीत शेखावाटी क्षेत्र के सीकर राज्य के स्वामी राव देवीसिंह पर रचित है। इसमें कवि ने गीतनायक को गरुड़ और शत्रुपक्षीय सेनानायक को सर्प कह कर वर्णन किया है। कवि कहता है कि शेषनाग तुल्य प्रचण्ड शत्रु राजाओं की गजाश्व सेनाओं को गरुड़ तुल्य देवीसिंह अपनी तलवार के आघातों से नष्ट कर देता है।

---

१. गाज – गर्जन। धजराज – अश्वराज। ठड़हड़ – घोड़े की नासिकी ध्वनि विशेष। भिड़े – मुकाबिले चढ़े। साज – सजकर। जिकै – वे, जो। भागे – भाग गए। अरिराज – शत्रुराजा। अहिराज री – शेषनाग की। उड़ै – उड़ गए, नष्ट हो गए। पंख – पक्षों, पंखों को। खगराज – गरुड़। डकर – जोशीली आवाज। आगे–सामने।

२. सूरमां थाट – वीरों का समूह। पतंग – सूर्य के। गुमर – गर्व। जंग – युद्ध। घणां – अधिक। गांजे – नाश किया। दोखियां – वैरियों। भुजंग सम – सर्प तुल्य। दुरंग – दुर्ग। ढाहे – गिराता है। दुरत – दुर्दमनीय, दुरंत। जोस – जोश, उत्साह। नृप विहंग – पक्षीराज गरुड़। अस – ऐसे। निहंग – निशंक. आकाश। भांजे – विनष्ट करे।

३. खत्रीवट – क्षत्रिय पथ। चंद सुत – राव चांदसिंह-तनय। झळहळै – चमकता है, शोभित होता है। तुराटां चढ़ै – घोड़ों की सवारी कर। तोड़े – नष्ट करता है। सतर – शत्रु। घट – सेना, शरीर। सरप – सर्प। चळचळ – चंचल, विचलित, जनेवां – तलवारों से।

४. सींह जिम – सिंह की तरह। अडर डर – निडर हृदय, अभीत। अनमि – अनम्र, न झुकने वाला। सिवसाह हर – राव शिवसिंह का पौत्र देवीसिंह। रिमां विखधर– शत्रु रूपी विषधर। जिही – ज्योंही। समर – युद्ध में। गाहे – रौंदता है। खग-ईस री – गरुड़ की। टकर – आघात, टक्कर। तिकां – जिनके। रहे नह– जीवित न रह सके। वार घर – पाताल लोक, बाहर पृथ्वी पर। विवर – बिल।

६२. गीत राजा सिवा सीसोदिया दिखणी रौ

हणमत सिवौ बरौवरि हूआ, पौरिस बळ दाखवै प्रमांण।
अेक गयौ गढ़ लंक उचीडे, दिली अेक गमणै डांण ॥१॥

दाणवां तणा फाटिगा डाचा, वाचा नह ऊपड़ै विचार।
अणभंग सिवौ खाग ऊपाड़ै, हालियौ लंक लगावण हार ॥२॥

रावण साह तणा दळ रोळै, जोध हिलोळै जुवाजूओ।
हालियौ सिवौ झांपा भरि हणमत, हेक डंगाल वंगाळ हूओ ॥३॥

ठौड़ ठौड़ गजवंध ठेलतौ, बळवंत गौ काम रै वरै।
ओ सिवराज हणूं जिम ऊभौ, कोटां सिर आग्राज करै ॥४॥

—जोगीदास चारण री कह्यौ

---

६२. गीतसार—उपरांकित गीत राजा छत्रपति शिवा सीसोदिया (मरहठा) पर रचित है। गीतकार ने इसमें शिवा सीसोदिया की दिल्ली कारावास से बच निकलने की घटना को हनुमान के लंका में रावण द्वारा वंदी बनाए जाने पर मुक्त हो जाने के साथ तुलना करते हुए वर्णन किया है। कवि कहता है कि बल और पौरुष में हनुमान और शिवा एक सरीखे हुए हैं। वह लंका के गढ़ को भस्म करने को गया था और यह दिल्ली की शाही सल्तनत को नष्ट करने के लिए गया।

---

१. हणमत – हनुमान। सिवौ – राजा शिवा। वरौवरि – बराबर, एक समान। पौरिस – पौरुष। बळ – बल, शक्ति। दाखवै – कहा जाना चाहिए। उचीडे – उछल कर, छलांग मारकर। दिली – दिल्ली। गमणै – गमन किया, गया। डांण – कदम बढ़ाकर।

२. दाणवां तणा – दानवों का। फाटिगा – फट गए, विस्मय या भय से खुल जाने का भाव। डाचा – मुँह। वाचा – वचन। नह – नहीं। ऊपड़ै – उठे, निकले। अणभंग – जबर्दस्त वीर। खाग – खड्ग। ऊपाड़ै – उठाकर, नाश करता है। हालियौ – चला गया। लंक लगावण हार – लंका को जलाने वाला, राजस्थानी में 'लगाना' जलाने के अर्थ में प्रयुक्त होता है।

३. रावण साह तणा – रावण रूपी बादशाह का। दळ – सेना। रोळै – नाश कर। जोध – योद्धा। हिलोळै – दोलित कर। जुवाजूओ – अलग अलग। झांपा भरि – छलांग लेकर, कूदता हुआ। डंगाळ – कदम, डग। वंगाळ – वंगाल, मुसलमान।

४. ठौड़ ठौड़ – स्थान स्थान पर। गजवंध – बड़े योद्धा, वे योद्धा जिनकी सवारी एवं सेना में गज रहते थे। ठेलतौ – पीछे हटाता, धकेलता। काम रै वरै – श्रेष्ठ कार्य के लिए। ऊभौ – खड़ा। कोटां सिर – दुर्गों पर। आग्राज करै – गर्जता है।

६३. गीत राणा कुसालसिंघ स्यामसिंघोत रौ

द्रढ़ जिण रै नींव दान पुन दीधी, चेजारा कवि वचन चुणै ।
कीरत कोट कुसाला कीधो, प्रिथमी ऊपर अमर पुणै ।।१।।

भारी छजे गीतड़ां भुरजां, बिहद कवित कांगुरां बणै ।
ताकव कंठ गिरा बज तोपां, तैं रिप सूंमां सीस तणै ।।२।।

स्याम सुतन अभिनवां सवाई, दिन दिन पढ़ियौ हेक ददै ।
गुण सामान मिळै गढ़वां सूं, किलो भिळै नह हलां कदै ।।३।।

तैं दत दे'र कियौ आतीको, करां लेर कुण फेर करै ।
राणा मेर जेम वण रहियौ, सोभा रौ आसेर सिरै ।।४।।

---

६३. गीतसार—उपर्युक्त गीत राणा खुशालसिंह पर कथित है । कवि ने इसमें दान-पुण्य की नींव, गीतों की बुर्जें, कवित्तों के कंगुरे और कवियों के मुख से उच्चरित यश-काव्य को तोपों की ध्वनि बतला कर सांग रूपक का सर्जन किया है । इस प्रकार यश-प्रासाद का निर्माण कर गीतनायक की वदान्यता की श्लाघा की गई है ।

---

१. द्रढ — दृढ़, मजबूत । जिण रै — जिनके । दान पुन — दान और पुन्य की । दीधी—दी । चेजारा — चुनाई का कार्य करने वाला । कवि वचन — कवि वाणी । चुणै—चुनने, चुनते हैं । कीरत कोट — कीर्त्ति का किला । कीधो — किया । प्रिथमी — पृथ्वी । पुणै — कहते हैं, कहना ।

२. भारी — विशाल, अत्यन्त सुन्दर । छजे — छाजे, छज्जे । गीतड़ां — गीतों के । भुरजां — बुर्जे । बिहद — वेहद, असीम । कांगुरां — कंगुरों । ताकव कंठ — कवि-कण्ठों से । गिरा — वाणी । बज — ध्वनित होकर । रिप — वैरी । सूमां — कृपणों ।

पृ० ४ गीत ४ राव रायसिंह राठौड़—राव रायसिंह राठौड़ जोधपुर के राव मालदेव का पौत्र और राव चंद्रसेन का पुत्र था। वह सं० १६२७ वि० में नागौर में बादशाह अकबर की सेवा में उपस्थित हुआ। राव चंद्रसेन के देहावसान पर सं० १६३७ में बादशाह ने रायसिंह को सोजत का पर्गना जागीर में प्रदान किया। वि० सं० १६४० में महाराना उदयसिंह के छोटे पुत्र जगमाल को जब सिरोही के राव सुरतान देवड़ा को परास्त कर उस पर अधिकार करने के लिए शाही सेना भेजी गई, उसमें वह भी नियुक्त हुआ था। दत्ताणी नामक स्थान पर राव सुरताण और शाही सेना में मुकाबिला हुआ, उसमें शाही सेना की पराजय हुई। सुरताण ने अचानक रात्रि–आक्रमण किया जिसमें राव रायसिंह, और जगमाल सीसोदिया अपने अनेक योद्धाओं सहित मारे गए।

—मारवाड़ का इतिहास प्र० भाग रेउ पृ० १६७–१६६, द्वि० भाग पृ० ६६१

पृ० ५ गीत ५ महाराजा जसवंतसिंघ राठौड़—जोधपुर के महाराजा गजसिंह का द्वितीय राजकुमार और उत्तराधिकारी महाराजा जसवंतसिंह राठौड़ जोधपुर। जसवंतसिंह ने

बादशाह शाहजहाँ के शासन काल में कई युद्धों में वीरता दिखाई तथा वि. सं. १७१५ में धर्मात के पास बादशाह के शाहजादे औरंगजेब और मुराद की सेना से दाराशिकोह के पक्ष में रह कर पराक्रम प्रदर्शित किया किन्तु तोपखाने के कासिम खां आदि अधिकारियों के शाहजादों से सांठ-गांठ होने के कारण युद्ध का परिणाम विपरीत रहा। जब धौलपुर के पास शामूगढ़ के युद्ध में दाराशिकोह के पराजित होकर भाग जाने के बाद जसवंतसिंह औरंगजेब की सेवा में चला गया। राजा शिवा सीसोदिया के विरुद्ध भेजी गई शाही सेना का वह प्रमुख सेना नायक था। अन्त में वह जमरूद के थाने पर नियुक्त हुआ, जहाँ वि० सं० १७३५ में उसका निधन हो गया। उस समय उसका मनसब सात हजारी जात था।

पृ० ६ गीत ६ महाराणा जवानसिंह—मेवाड़ के महाराना भीमसिंह का पुत्र महाराना जवानसिंह उदयपुर। वि. सं. १८८५ में महाराना जवानसिंह मेवाड़ का शासक हुआ। इसका शासन काल भी उस के पिता के शासन काल की भाँति युद्धों—पारस्परिक बखेड़ों और आर्थिक दबाव में व्यतीत हुआ। मरहठों द्वारा आर्थिक रूप में जर्जरित मेवाड़ को महाराना बड़ी कठिनता से सम्हाल पाये। वह ब्रज भाषा का उत्तम कवि, संगीत तथा आखेट-प्रेमी शासक था। इनकी 'ब्रजराज पद्यावली' नामक पद संग्रह की पुस्तक गत वर्ष ही छपी है। सं० १८९५ विक्रमी भाद्रपद सुदि १० को इनका परलोक वास हो गया।

—वीर विनोद द्वि० भाग पृ० १७८५-१८०७

पृ० ७ गीत ७ महाराणा भीमसिंह—उदयपुर के महाराना अरिसिंह के द्वितीय पुत्र महाराना भीमसिंह। वह अपने बड़े भाई महाराना हम्मीरसिंह के देहान्त के बाद वि. सं. १८३४ पौष शुक्ला ६ को गद्दी पर बैठा था। इसके शासन काल में मरहठों की लूट-खसोट, जयपुर और जोधपुर का महाराना की पुत्री कृष्णा कुमारी के विवाह के प्रश्न को लेकर विग्रह तथा मेवाड़ के जागीरदारों के आपसी टण्टे-बखेड़े होते रहे। मेवाड़ का राज्य कोष युद्धों और समझौतों के कारण रिक्त हो गया था। युद्धों में भारी व्यय के अतिरिक्त वह बड़ा दानी भी था। उसने अपने जीवन में कवियों को सहस्रों हाथी, घोड़े तथा अनेक लाख पसाव दिए थे। वि. सं. १८८५ चैत्र शुक्ला १४ को इनका निधन हो गया।

—वीर विनोद द्वि. भा. पृ. १७०३-१७४६

पृ० ६ गीत ८ राव जोधा राठौड़—मारवाड़ के राव रिड़मल के द्वितीय पुत्र और उत्तराधिकारी राव जोधा राठौड़। राव जोधा ने अपने पिता के साथ रहकर बारह वर्ष की अवस्था में मंडोर के युद्ध में भाग लिया था। तदनन्तर उसने रावत चूंडा सलूम्बर द्वारा मंडोरादि पर महाराना कुंभा के अधिकार स्थापित करने के कारण राज्यच्युत होकर पुनः मंडोर हस्तगत करने के प्रयत्नों में लगा रहा। अन्त में सं० १५१५ वि० में मंडोर पर विधिवत राज्याभिषेक हुआ। वि. सं. १५१६ में जोधपुर नगर का निर्माण एवं वहाँ के प्रसिद्ध पहाड़ नागदौल पर दुर्ग का निर्माण किया। सं. १५४५ वि० में ७३ वर्ष की आयु में जोधपुर में उसका देहावसान हो गया। राव जोधा की संतति में राठौड़ों की जोधपुर, बीकानेर, किशनगढ़, रतलाम, ईडर, झाबुआ, सीतामऊ आदि सात रियासतें थीं।

—मारवाड़ का इतिहास रेउ भाग १ पृ० ८३-१०३

पृ० ११ गीत ६ बिक्रमादीत राठौड़—जोधपुर के राव जोधा राठौड़ का पांचवां पुत्र और जांगल प्रदेश पर राठौड़ राज्य का संस्थापक राव बीका अथवा विक्रमादित्य राठौड़। राव बीका ने अपने चाचा कांधल की सहायता से जांगल प्रदेश पर अधिकार कर अपने नाम पर बीकानेर नगर आबाद किया। बीका ने अजमेर की शाही कैद में बंदी मेड़ता के शासक वरसिंह को मुक्त करने के लिए अजमेर के सूबेदार मल्लूखाँ पर चढ़ाई की थी। किन्तु बीका के अजमेर पहुँचने के पहिले ही मल्लूखाँ ने डर कर वरसिंह को मुक्त कर दिया। वि. सं. १५६१ में बीका का देहान्त हो गया।

—बीकानेर राज्य का इतिहास ओझा भा. १ पृ. १०८–१०९

पृ० १२ गीत १० राव कलियाणमल राठौड़—बीकानेर के राव जैतसिंह का जेष्ठ पुत्र तथा उत्तराधिकारी राव कल्याणमल राठौड़। उसका जन्म वि. सं. १५७५ में हुआ था। जोधपुर के राव मालदेव ने जब बीकानेर पर आक्रमण कर अधिकार कर लिया तब राव कल्याणमल सिरसा में रहकर बीकानेर को प्राप्त करने का प्रयत्न करने लगा। जोधपुर पर बादशाह शेरशाह के आक्रमण करने के लिए प्रस्थान करने पर राव मालदेव ने वहाँ नियुक्त अपने सामन्त कूंपा मेहराजोत को वापस बुलवा दिया तब कल्याणमल के पक्षधर रावत किशनसिंह ने बीकानेर पर राव कल्याणसिंह के शासन की घोषणा कर अधिकार स्थापित किया। कल्याणमल ने राव जयमल मेड़तिया और हाजी खां की विपत्तिकाल में सहायता की थी। सं० १६२८ वि० में उसका स्वर्गवास हो गया।

—बीकानेर राज्य का इतिहास ओझा भाग १ पृ. १३६, १४४, १४६, १५२, १५६।

पृ० १३ गीत ११ अनां राठौड़—राव कल्याणमल राठौड़ का पुत्र महाराजा अनूपसिंह बीकानेर। वह अपने पिता के शाही कोप का भाजन होने पर बीकानेर की गद्दी पर बैठा और दक्षिण में नियुक्त हुआ। जब वह औरंगाबाद का अध्यक्ष था तब राजा शिवा सीसोदिया ने औरंगाबाद के आसपास आक्रमण किये। अनूपसिंह ने दक्षिण के राज्यपाल ख़ानेजहाँ बहादुर के साथ उपद्रवियों का सामना कर उनको भगा दिया। तदनन्तर वह दलपत बूंदेला के स्थान पर अदोनी का अध्यक्ष नियुक्त हुआ। सन् १७४४ में इसकी मृत्यु हो गई। वह बड़ा साहित्य-अनुरागी एवं साहित्य-मर्मी कुशल शासक था। उस ने संस्कृत, हिन्दी एवं राजस्थानी भाषा के सहस्रों ग्रंथों का संकलन कर बीकानेर में पोथीखाना स्थापित किया जो अनूप संस्कृत पुस्तकालय के नाम से प्रसिद्ध है। गीत में औरंगाबाद में राजा शिवा से लड़कर पराजित करने का वर्णन है।

—मुगल दरबार भाग १ पृ० ८८–९०

पृ० १४ गीत १२ पाबू धांधळोत राठौड़—खेड़ के स्वामी राव आसथानजी के द्वितीय पुत्र धांधल के छोटे पुत्र प्रसिद्ध लोक-देवता पाबूजी राठौड़। पाबूजी बड़ा वीर और प्रतिज्ञा का धनी क्षत्रिय था। उसकी सेना में थोरी जाति के सेवक थे। एक बार नागौर प्रान्त के जायल राज्य के शाक जिन्दराज खीची ने ऊदा चारण की पत्नी देवलबाई चारणी से कालमी नामक घोड़ी मांगी। किन्तु देवलबाई ने वह घोड़ी जिन्दराव को देने से मना

कर दिया और पाबूजी के मांगने पर इस शर्त पर पाबूजी को देदी कि उसकी गायों का अपहरण होने पर वह उसकी रक्षा करेंगे। इससे पाबूजी और जिन्दराज के आपस में गहरा विरोध उत्पन्न हो गया। पाबूजी का विवाह सम्बन्ध ऊमरकोट (पाकिस्तान के सिंध भू भाग) में निश्चित हुआ था। जिस समय पाबू ऊमरकोट में विवाह करने के लिए गया उस समय पीछे से अवसर पाकर जिन्दराज देवलबाई की गायों को घेर कर ले गया। देवलबाई ने पाबूजी के पास फरियाद कर रक्षा-वचन का स्मरण दिलाया। पाबूजी ने अपनी प्रतिज्ञा का स्मरण कर विवाह मण्डप में ग्रंथी-बंधन छोडकर देवलबाई की गायें वापस लाने के लिए प्रस्थान किया और इसी लड़ाई में अपने बड़े भाई बूडा सहित जूझकर मारे गए। तदनन्तर वयस्क होने पर बूंडा के पुत्र झरड़ा राठौड़ ने जिन्दराज को मार कर अपने पिता तथा चाचा का वैर लिया। पाबूजी की गणना राजस्थान के प्रसिद्ध पाँच लोक-देवताओं में होती है। पाबूजी का स्मारक—देवालय पोकरण फलोदी के समीपस्थ कोलू ग्राम में है। पाबूजी का निधन संवत् १३२३ वि० में माना जाता है। ख्यातों एवं ऐतिहासिक काव्यों में लिखा है—

तेरह सै तेवीसिये, सांवण दसमो श्वेत।
पाल समर पड़ियो प्रसध, हठी वरण रै हेत॥

—मारवाड़ का इतिहास रेउ प्र० भाग पृ० ४५, क्षात्रधर्म मासिक पत्र वर्ष २ अंक १–२ पृ० ९१–९२ सन् १९३८

पृ० १५ गीत १३ कंवर नरपाल देवल लोहियाणा—लोहियाणा (अब जसवंतपुरा के) राव धींगा का पुत्र कुँवर नरपालदेव देवल। लोहियाणा मारवाड़ राज्य के भीनमाल प्रांत में है। पहिले वहां चौहानों की देवल शाखा के क्षत्रियों का राज्य था। कुंवर नरपालदेव ने अपने पिता से रण में धड़ से सिर कटने के पश्चात् अपनी कटारी को अपने अंगरखे के अंदर के छोर से मज्जित कर प्राण त्यागने की प्रतिज्ञा की थी। अपनी प्रतिज्ञा का निर्वाह करने के लिए उसने पच्चीस वर्ष की आयु में सैयद बंधुओं की सेना से लड़ कर वचन निभाया था। यह घटना सम्भवतः बादशाह फर्रुखशियर के शासनकाल की है।

—संघ शक्ति मासिक, जयपुर वर्ष ४ अंक ४।

पृ० १७, गीत १४ बाघसिंह चांदावत राठौड़—राठौड़ों की चांदावत उप शाखा के फतहसिंह का वंशज बाघसिंह चांदावत। बाघसिंह मारवाड़ में किस स्थान का जागीरदार था ख्यात ग्रंथों में कोई वर्णन प्राप्त नहीं हुआ। मारवाड़ में चांदावतों के बळूदा तथा कुड़की दो प्रसिद्ध ठिकाने थे। किन्तु बाघसिंह किस ठिकाने का स्वामी था कोई आधार-श्रोत नहीं मिला।

पृ० १८ गीत १५ कंवर रघुनाथसिंह चांदावत—फतहसिंह चांदावत का पौत्र तथा रतनसिंह का पुत्र कुंवर रघुनाथसिंह चांदावत। रघुनाथसिंह पर इतिहास तथा ख्यातों में कहीं उल्लेख नहीं मिलता। वह मेड़ता के राव वीरमदेव के पुत्र राव चांदा का वंशज था।

पृ० १९ गीत १६ ठाकर रतनसिंघ—ठाकुर रतनसिंह चांदावत उपशाखा का मेड़तिया राठौड़ था। वह फतहसिंह का वंशज और भवानीसिंह का पुत्र था। महाराजा मानसिंह जोधपुर की उस पर महती कृपा थी। उदयपुर की राजकुमारी कृष्णाकुमारी के विवाह के

प्रश्न को लेकर महाराजा मानसिंह जोधपुर और महाराजा सवाई जगतसिंह जयपुर के आपसी युद्ध में वह महाराजा मानसिंह का तरफदार बना रहा। तब उसकी जागीर में कितने ग्राम थे कहीं कोई संकेत उपलब्ध नहीं हुआ।

पृ० २० गीत १७ महाराजा अभैसिंघ राठौड़—जोधपुर के विख्यात महाराजा अजितसिंह का ज्येष्ठ राजकुमार तथा उत्तराधिकारी महाराजा अभयसिंह राठौड़। वि० सं० १७५६ मार्गशीर्ष कृष्णा १४ को उसका जन्म हुआ और महाराजा अजितसिंह के मारे जाने पर सं० १७८१ में जोधपुर के सिंहासन पर आरूढ हुआ। वह बादशाह फर्रुखशियर तथा मुहम्मदशाह द्वारा सम्मानित हुआ था। मुहम्मदशाह ने सं० १७८७ वि० में इसे गुजरात का राज्यपाल नियत किया था। किन्तु गुजरात के विद्रोही सूबेदार नवाब सर बुलंदखां ने अपनी पदमुक्ति की आज्ञा नहीं मानी और महाराजा से युद्ध करने के लिए तत्पर हुआ। तब उक्त संवत् में अहमदाबाद में युद्ध हुआ जिसमें महाराजा की विजय हुई। उसने शाही सेवा में रह कर कई युद्धों में भाग लिया। उसके अहमदाबाद के युद्ध पर कविया करणीदान ने सूरजप्रकास, रतनू वीरभान ने राजरूपक और बख्ता खिड़िया ने 'अहमदाबाद रा जुद्ध रा कवित्त' नामक काव्यग्रंथों में बड़ा ओजस्वी वर्णन किया है। वि० सं० १८०६ में अजमेर में उसका स्वर्गवास हो गया। वह विद्वानों का आश्रयदाता और स्वयं उत्तम कोटि कवि था।

—मारवाड़ का इतिहास रेउ प्र. भाग पृ. ३३१–३५७

पृ० २१ गीत १८ दिखणी पवन रा बिनाण री जसवंत राव री—जसवंतराव होल्कर तुकोराव होल्कर के घराने का प्रमुख व्यक्ति था। वह अंग्रेजों का कट्टर विरोधी था। उसने सन् १८०५ में भरतपुर के किले की शरण लेकर अंग्रेजों को परास्त किया था। उस समय भरतपुर का राजा रणजीतसिंह था। अंग्रेज अफसर लेक को अपने प्राणों की रक्षा की चिन्ता पड़ गई। अन्त में विवश होकर अंग्रेजों को महाराजा रणजीतसिंह जाट से सन् १८०५ में सन्धि करनी पड़ी। तब फिर होल्कर भरतपुर को त्याग कर पजाब की ओर चला गया।

—पूर्व आधुनिक राजस्थान पृ. २३२, गोरा हट जा (परम्परा)
अंक पृ० १३९–१४१

पृ० २२ गीत १९ बहादरसिंघ मेड़तिया—रघुनाथसिंहोत शाखा के ठाकुर जालमसिंह मेड़तिया कुचामन के स्वामी का पौत्र बहादुरसिंह मेड़तिया। बहादुरसिंह के मरहठों के मेवाड़ पर आक्रमण करने पर महाराना के पक्ष में युद्ध में भाग लेकर वीरगति प्राप्त करने का गीत में वर्णन हुआ है। किन्तु कुचामन ठिकाने की ख्यात अथवा मेवाड़ के इतिहास में बहादुरसिंह के विषय में कहीं कोई संकेत उपलब्ध नहीं होता। उसके ठिकाने आदि का परिचय भी अनुपलब्ध है।

पृ० २४ गीत २० दुरगादास करणौत राठौड़—महाराजा जसवन्तसिंह प्रथम जोधपुर के सामन्त आसकरण राठौड़ का पुत्र प्रसिद्ध वीर दुर्गादास राठौड़। महाराजा जसवंतसिंह की जमरूद के थाने पर मृत्यु हो जाने पर उसने चांपावत वीर सोनंग, ठाकुर मोहकमसिंह मेड़तिया तोसीना आदि राठौड़ वीर का संगठन कर महाराजा की रानियों तथा नवजात

राजकुमार अजितसिंह को बादशाह औरंगजेब के कुटिल पाश से बचा कर पोषण किया था। अनवरत पच्चीस वर्षों तक शाही सेनाओं से युद्ध लड़ कर उसने औरंगजेब को तंग कर दिया था। जब औरंगजेब की मृत्यु हो गई और उसके पुत्र बहादुरशाह ने परेशान होकर अजितसिंह को मारवाड़ का महाराजा स्वीकार किया तब अजितसिंह की अदूरदर्शिता से दुर्गादास को मारवाड़ त्याग कर उज्जैन में जाकर रहने को बाध्य होना पड़ा। वह अस्सी वर्ष ३ माह और २८ दिन तक जीवित रहा। मारवाड़ में उसकी जागीर में झांवर, साळवा और मेवाड़ में सादड़ी का ठिकाना था। राजस्थान में दुर्गादास जैसा स्वामि-भक्त, राजनीतिज्ञ और युद्ध-वीर अन्य नहीं हुआ। उसके समस्त जीवनकाल का चित्र इस दोहे में यों समझा जा सकता है।

कंध वसन रण हाथ खग, घोड़ा ऊपर गेह।
घर रखवाळी बिन घरण, गिणै न त्रण सम देह।

—अजीतविलास हस्तलिखित, बांकीदास री ख्यात पृ. ५५-५६

पृ० २५ गीत २१, पृ० २६ गीत २२ पाबू राठौड़ धांधळोत—राव आसनाथजी के छोटे पुत्र धांधल का दूसरा पुत्र पाबूजी राठौड़। पाबूजी की राजस्थान के पांच प्रसिद्ध लोक-देवताओं में सर्व प्रथम गणना होती है। उन पर यह ऐतिहासिक दोहा प्रचलित है—

पाबू हरभू रामदे, गोगाजी जेहाह।
पांचों पीर पधारज्यो, मांगळिया मेहाह।।

विशेष परिचय के लिए देखें टिप्पणी पृ. १४ गीत १२

पृ० ३७ गीत २३ हरपाल गोगादे राठौड़—मारवाड़ के शेरगढ संस्थान का शासक हरपाल राठौड़। राव सलखा के छोटे पुत्र राव वीरम सेतरावा के शासक के पांचवां पुत्र गोगादे हुआ। उसने आसायच राजपूतों का दमन कर २७ गावों सहित सेखाला नाम का ठिकाना स्थापित किया। गोगादे की सन्तति परम्परा में हरपालदे हुआ, जिसने शेरड़ा (शेरगढ) और साई ग्राम की रक्षा करते हुए यवन सेना से लोहा लेकर प्राण त्याग किया। यह घटना सम्भवतया संवत् १६४४ वि० से आसपास की है। ख्यातों में इस संबंध में कोई विवरण नहीं मिलता।

—मारवाड़ का इतिहास रेउ भाग १ पृ० ३६, बांकीदास री ख्यात पृ. ६।

पृ० ३८ गीत २४ मदनसिंघ नै सूरसिंघ गोड़—गौड़ क्षत्रियों की भाखरोत शाखा के राजा शिवराम सरवाड़ के शासक के पुत्र रामसिंह और परशुराम के पुत्र मदनसिंह और सूरसिंह गौड़। संभवतया इन दोनों चचेरे भाइयों ने औरंगजेब के शाहजादों के राज्य प्राप्ति के जाजव स्थान के युद्ध में वीरगति प्राप्त की थी। इन के वतन एवं मनसब आदि का कोई इतिवृत्त प्राप्त नहीं हुआ।

पृ. ३६ गीत २५ रावराजा फतहसिंघ नरूका कछवाहा—जयपुर राज्य के उनियारा संस्थान के शासक रावराजा फतहसिंह नरूका। उसके पिता का नाम चंद्रभान था। उसने

मिर्जा राजा जयसिंह आमेर नरेश की ओर से मेवात के विद्रोही मेवों का दमन किया। कामां पहाड़ी प्रान्त को विजित कर आमेर के अधीन किया। शाहजादे शुजाअ के विरुद्ध उसने जयसिंह की सेना में रहकर पराक्रम दिखाया था। तब उसके अधिकार में काकोड़, बनेठा और उनियारा का राज्य था। मेवातियों का दमन सन् १६४६ के अन्त में किया गया था। मिर्जा राजा जयसिंह तथा राजकुमार कीर्त्तिसिंह की इस पर अत्यधिक कृपा थी।

—लावा रासा भूमिका पृ० ३३, राजपूताने का इतिहास गहलोत भाग ३ पृ० १६८, मुगलदरबार भाग १ पृ० १०२

पृ० ४० गीत २६ राजा रतनसिंघ महेसदासोत राठौड़—महेशदास राठौड़ का पुत्र राजा रतनसिंह राठौड़ रतलाम। पहिले उसके वतन में मारवाड़ का जालोर प्रान्त था फिर बादशाह शाहजहाँ ने मालवा में जागीर प्रदान की। रतनसिंह ने अपने नाम पर रतलाम राज्य की स्थापना की। वह शाही मनसबदार था। शाही सेवा में रहकर उसने बीजापुर, कल्याणी आदि युद्धों में भाग लिया। तदनन्तर दक्षिण से प्रस्थान कर आगरा पहुँचा। शाहजादे औरंगजेब और मुराद के विद्रोह का दमन करने के लिए प्रेषित शाही सेना में महाराजा जसवंतसिंह तथा महाराव मुकुन्दसिंह हाडा के साथ उसकी भी नियुक्ति हुई। १६ अप्रैल १६५८ ई. में उज्जैन के रणक्षेत्र में वह शाहजादों के विरुद्ध जूझता हुआ स्वर्ग गया। गीत में रतनसिंह द्वारा एक उन्मत्त हाथी को वश में करने का उल्लेख है।

—वचनिका पृ० ८३-८६

पृ० ४१ गीत २७ विठलदास चांपावत—मारवाड़ में पाली ठिकाने के स्वामी ठाकुर गोपालदास राठौड़ का पुत्र ठाकुर विट्ठलदास चांपावत राठौड़। वह अपने युग का प्रसिद्ध योद्धा था। महाराजा जसवंतसिंह राठौड़ जोधपुर के प्रमुख सरदारों में से एक था। शाहजादे औरंगजेब मुराद के विद्रोह करने पर उन्हें रोकने के लिए महाराजा जसवंतसिंह के साथ भेजी सेना में वह भी शामिल था। मालवा में उज्जैन के समीप हुए युद्ध में सन् १६५८ ई० में वह भी खेत रहा था। तब बिलाड़ा परगने का रिणसी गाँव उसके पट्टे था। गीत में महाराजा जसवंतसिंह के भागने और उसके मारे जाने का वर्णन है, जो इतिहास-सम्मत है।

—वचनिका पृ० ११६

पृ० ४२ गीत २८ पृ० ४३ गीत २६ सुभराम गौड़ बलिरामोत—लाखेरी के स्वामी राजा गोपालदास गौड़ के जेष्ठ पुत्र कुंवर बलिराम गौड़ का पुत्र शुभराम गौड़। शुभराम शाही सेवा में नियुक्त मेवाड़ की सेना में था। उसने दक्षिण के किसी युद्ध में वीरतापूर्वक जूझते हुए देह त्याग किया था। किन्तु वह युद्ध किस के विरुद्ध, कब और कहाँ लड़ा गया था, कोई इंगित नहीं मिलता। गीत में उसके पितामह राजा गोपालदास और पिता बलिराम के ठट्ठा स्थान के युद्ध तथा दो भाई मुकुंददास और बिहारीदास के धौलपुर के रण-स्थल में मारे जाने का उल्लेख है।

—गोपालदास गौड़ की बात, गौड़ों की वंशावली

पृ० ४४ गीत ३० ठाकर सिवनाथसिंघ कूंपावत—ठाकुर शिवनाथसिंह कूंपावत राठौड़ आसोप। वह ठाकुर बख्तावरसिंह के निःसंतान मर जाने पर हींगोली ग्राम से गोद आकर

वि० सं० १८९३ चैत्र सुदि ९ को आसोपा का पट्टाधिकारी हुआ। वि० सं० १९१४ के अंग्रेजों के विरुद्ध के राष्ट्रव्यापी युद्ध में ठाकुर शिवनाथ सिंह भी गूलर आदि के मेड़तिया एवं आहुवा ठाकुर कुशालसिंह के साथ मिलकर विद्रोही हो गया। महाराजा तख्तसिंह जोधपुर अंग्रेजों के पक्षपाती थे। फलस्वरूप महाराजा ने सेनापति कुशलराज सिंघवी को सेना देकर शिवनाथसिंह पर भेजा। बड़लू स्थान पर कुछ दिनों तोपों की लड़ाई हुई। तत्पश्चात् शिवनाथसिंह को बंदी बनाकर जोधपुर ले आये। किन्तु वि. सं. १९१६ की दीपमालिका के दिन वह जोधपुर के किले से निकल भागा और महाराजा सरदारसिंह बीकानेर की सेवा में जा रहा। अन्त में वि. सं. १९२५ में बीकानेर से आकर इसने आसोप पर पुनः अधिकार कर लिया। वि. सं. १९२९ पौष सुदि १२ को आसोप में उसका निधन हो गया। गीत में शिवनाथसिंह के आहुवा स्थान पर अंग्रेजों के विरुद्ध लड़ने का उल्लेख है।

—आसोप का इतिहास पृ० १५९-१७१

पृ० ४५ गीत ३१ ठाकर सांवतसिंघ उदावत नींमाज—मारवाड़ में उदावत खांप के राठौड़ों के ठिकाने निम्बाज का ठाकुर सांवतसिंह उदावत। सांवतसिंह ने प्रथम भारतीय स्वातंत्र्य संग्राम में ठाकुर बिशनसिंह मेड़तिया गूलर, ठाकुर अजितसिंह मेड़तिया आलनियावास और ठाकुर कुशालसिंह चांपावत आहुवा से मिलकर अंग्रेजों का सशस्त्र विरोध किया था। आहुवा स्थान पर अंग्रेजों के पक्षधर महाराजा तख्तसिंह जोधपुर की सेना से राड़ हुई। जिसमें राजमल और ओनाड़सिंह पंवार मारे गए। गीत में ठाकुर सांवतसिंह का तलवार से एक हाथ कट जाने का भी वर्णन है।

—मारवाड़ का इतिहास रेउ द्वि. भाग पृ० ४४९-४५०

पृ० ४६ गीत ३२ राजा उमेदसिंघ सीसोदिया साहपुरा—शाहपुरा राज्य के राजा भारतसिंह का पुत्र राजा उम्मेदसिंह सीसोदिया। राजा उम्मेदसिंह का जन्म सोमवार कार्त्तिक सुदि ७ सं. १७५५ में हुआ और सन् १७२७ ई० में उसने अपने पिता राजा भारतसिंह को बंदी बनाकर शाहपुरा का शासन तंत्र हस्तगत कर लिया। तदनन्तर राजा भारतसिंह की मृत्यु के बाद ३१ मार्च १७२९ को शाहपुरा की गद्दी पर बैठा। उम्मेदसिंह ने कौमार्यकाल में ही राजा अजितसिंह जोधपुर के विरुद्ध अजमेर पर भेजी गई शाहपुरा की सेना का संचालन किया था। वि. सं. १७९८ के महाराजा सवाई जयसिंह और राजाधिराज बख्तसिंह के गंगवाणा स्थान के युद्ध में जयपुर के पक्ष में शौर्य प्रदर्शित कर सम्मान एवं प्रसिद्धि प्राप्त की। तदनन्तर वह महाराना अरिसिंह मेवाड़ के पक्ष में रहकर मेवाड़ और मरहठों तथा रतनसिंह और अरिसिंह के बखेड़ों में महाराना अरिसिंह का सहायक बना रहा। अन्त में पौष बदि ६ संवत् १८२५ में ग्वालियर के शासकों के पूर्वज महादा सिंधिया के साथ उज्जैन में भयानक युद्ध हुआ। इस युद्ध में प्रारंभ में तो मेवाड़ पक्ष की विजय रही किन्तु अचानक मरहठों की सहायता पर जयपुर से दस हजार नागाओं की सेना आ जाने पर विजय पराजय में परिणित हो गई। और राजा उम्मेदसिंह, रावत पहाड़सिंह सलूम्बर आदि मेवाड़ पक्ष के प्रसिद्ध वीर मारे गए।

उम्मेदसिंह जैसा वीर था वैसा ही उदार और राज्य-कार्य-संचालन में दक्ष था। उसने प्रसिद्ध कवि हुकमीचंद खिड़िया, करणीदान कविया आदि कवियों को एक एक ग्राम और

'लाख पसाव' दिए थे। गीत में प्रसिद्ध और समकालीन कवि कर्णीदान ने उज्जैन के युद्ध में प्रदर्शित राजा उम्मेदसिंह की वीरता का सजीव वर्णन किया है।

—परम्परा चौपासनी अंक २३, शाहपुरा राज्य की ख्यात जिल्द प्रथम, राजा उम्मेदसिंह के नाम महाराना अरिसिंह के पत्र

पृ० ४९ गीत ३४ माधोसिंह कछवाहा—जयपुर के प्रतापी महाराजा सवाई जयसिंह का छोटा पुत्र महाराजा माधवसिंह प्रथम जयपुर। माधोसिंह का जन्म २८ नवम्बर १७२७ में हुआ था। उसका बाल्यकाल अपने ननिहाल मेवाड़ में व्यतीत हुआ। महाराना संग्रामसिंह द्वितीय ने रामपुरा का परगना जागीरस्वरूप माधवसिंह को दिया था। महाराजा ईश्वरीसिंह के विषपान कर मर जाने के बाद सन् १७५१ ई० में वह जयपुर की राजगद्दी पर आसीन हुआ। उसके समय में जय अप्पा सिंधिया मल्हारराव होल्कर और रघुनाथ राव आदि का बड़ा आतंक फैला रहा। माधवसिंह ने जयपुर भटवाड़ा और मावंडा मंडोली स्थानों पर युद्ध लड़े। मावंडा का युद्ध भरतपुर के राजा जवाहरमल्ल के साथ हुआ था। इसमें जवाहरमल्ल की सैनिक क्षति के साथ साथ राज्य शक्ति की भी हानि हुई। यह युद्ध १४ दिसम्बर १७६७ को हुआ था। गीत में माधवसिंह की बाण विद्या का वर्णन किया गया है। वह ६ मार्च १६६८ में संग्रहणी रोग से पीड़ित होकर मर गया।

—राजपूताने का इतिहास, गहलोत तृतीय भाग पृ. १०६-११४

पृ० ५० गीत ३५ महाराजा मानसिंह राठौड़—महाराजा विजयसिंह जोधपुर का पौत्र और गुमानसिंह का पुत्र महाराजा मानसिंह राठौड़ जोधपुर। वह जोधपुर के महाराजा भीमसिंह के मरणोपरान्त जोधपुर की राजगद्दी पर बैठा। उसका जीवन भयानक संघर्षों और बखेड़ों में गुजरा था। प्रारम्भ में महाराजा भीमसिंह से लड़ाई रही और बाद में ठाकुर सवाईसिंह चांपावत पोकरण, अमीरखां टोंक वालों के पूर्वज, महाराजा सवाई जगतसिंह जयपुर प्रभृति सरदारों से प्रबल विरोध रहा। उसके शासन के ४० वर्षों में वह नित्य नए बखेड़ों एवं युद्धों में लगातार उलझा रहा। किन्तु वह बड़ा साहसी, विद्वान एवं स्वतन्त्र प्रकृति का शासक था। उसमें वीरता एवं वदान्यता के उत्तम गुण थे। वह स्वयं भी राजस्थानी का प्रकाण्ड विद्वान, संगीतकार और नीति-निपुण शासक था। उसने चारणों तथा राव याचकों को ६१ ग्राम दान किए थे।

—मारवाड़ का इतिहास रेउ द्वि० भाग पृ० ४०१-४४०

पृ० ५१ गीत ३६ बदनौर रा धणी जैतसिंघ—मेवाड़ में मेड़तिया राठौड़ों के प्रमुख ठिकाने बदनोर का ठाकुर जैतसिंह राठौड़। वह प्रसिद्ध मेड़तिया वीर राव जयमल का आठवां वंशधर और ठाकुर अक्षयसिंह का पुत्र था। महाराना भीमसिंह के समय में मेवाड़ में आंबाजी इंगलिया के नायब गणेश पन्त और लकवा की जो लड़ाइयां हुईं उनमें जैतसिंह ने लकवा का साथ दिया था। वह बड़ा निर्भीक वीर था। गीत में उस की सैनिक सज्जा, अश्वों तथा योद्धाओं के युद्धाभियान का ध्वन्यात्मक वर्णन है।

—राजपूताने का इतिहास ओझा चतुर्थ खण्ड पृ० १२२४

पृ० ५३ गीत ३७ जैपुर नगर री बरणन—राजस्थान की राजधानी जयपुर नगर का

निर्माण महाराजा सवाई जयसिंह ने २५ नवम्बर १७२७ शनिवार के दिन प्रारंभ करवाया था। महाराजा ने देश-विदेश के विभिन्न सुन्दर नगरों के नक्शे मँगवाकर उनका अध्ययन किया। तदनन्तर जयपुर का निर्माण आरंभ करवाया। जयपुर एक समान चौड़ाई लम्बाई एवं एक सदृश भवनों के कारण नगर-निर्माण-कला का अद्वितीय एवं सुन्दर नगर है। इसके निर्माण के बाद फ्रांस, इटली, काबुल पुर्त्तगाल, अरब, ईरान आदि के ज्योतिषियों की सहायता से वेधशालाओं की स्थापना की और ज्योतिष शास्त्र में भी सुधार किया। यह महाराजा सवाई जयसिंह की बुद्धिमानी, कला-प्रेम और स्थापत्य का अद्भुत नमूना है। गीत में बाजार, चौपड़, प्रासाद, झरोखे, देव मंदिर, पूजा पाठ आदि का वर्णन किया गया है। जयपुर की सुन्दरता के लिए लोक में प्रचलित है—

न देख्यो जैपरियो तो कळ में आकर के करयो।

—राजपूताने का इतिहास गहलोत तृतीय भाग १०९८

पृ० ५५ गीत ३८ ठाकर केसरसिंघ ऊदावत रास—उदावतों के रास ठिकाने के ठाकुर बख्तसिंह का पुत्र ठाकुर केशरीसिंह। उसने जयअप्पा के साथ महाराजा विजयसिंह के मेड़ता नगर के पास के गंगारड़े के युद्ध में सं० १८११ वि० में बड़ी बहादुरी से लड़ते हुए वीरता का परिचय दिया था। किन्तु नींबाज ठाकुर के स्वर्गवास हो जाने पर केशरीसिंह ने महाराजा विजयसिंह की बिना स्वीकृति ही नींबाज ठिकाने पर अपने पुत्र दौलतसिंह को गोद बैठा दिया। इससे महाराजा रुष्ट हो गए। और केशरीसिंह, पोकरण के ठाकुर देवीसिंह, आसोप ठाकुर छत्रसिंह और रास ठाकुर दौलतसिंह को विजयसिंह ने अपने गुरु आत्माराम के निधन पर किले में बुलवा कर १८१६ फाल्गुन वदि १ को पकड़वा लिया और कारागार में डाल दिया। केशरीसिंह का महाराज के कारागृह में देहांत हुआ। गीत में महाराजा विजयसिंह की इस कृत्य के लिए भर्त्सना की गई है। मारवाड़ में उपर्युक्त चारों ठाकुरों की गिरफ्तारी के लिए निम्न पंक्तियां प्रचलित हैं—

केहर देवो छत्रसी, दल्लो राजकुमार।
मरते मोडे मारिया, चोटी वाला चार॥

—मारवाड़ का इतिहास द्वि. भाग पृ० ३७२-३७७

पृ० ५७ गीत ३९ करमां अखावत पड़िहार—पड़िहार शाखा कि अखा का वंशधर कर्मसेन। वह महाराजा जसवंतसिंह प्रथम जोधपुर की सेना में साहनी के पद पर था। शाहजादों के उत्तराधिकार के उज्जैन के युद्ध में उसने भी भाग लिया था। उसके साथ साहणी रावो तथा साहणी सदो भींवा का भी काम आया।

—अजीत विलास

पृ० ५८ गीत ४० ठाकर लालसिंघ दूलावत राठौड़—अजमेर मेरवाड़ा के बड़ली ठिकाने का ठाकुर लालसिंह दूलहसिंहोत राठौड़। उसने ग्वालियर के सिंधियों के पूर्वज महादाजी सिंधिया के साथ बड़ली में युद्ध कर जीवन त्याग किया था। ठाकुर लालसिंह के युद्ध पर रचित गई गीत, दोहे और कवित्त कहावतों के रूप में प्रचलित हैं। एक दोहा प्रसिद्ध है—

दळ आगी दिखणाद रा, तोपां पड़सी ताव।
जा बड़ली निकसी जदन, मो सिर पड़सी घाव॥

पृ० ६१ गीत ४१ राव जगन्नाथ जसवंतोत अमभ्करा—जोधपुर के राव मालदेव के ज्येष्ठ राजकुमार रामसिंह थे। रामसिंह ने अपने पिता के विरुद्ध विद्रोह कर दिया था जिससे राव मालदेव ने उसको राज्याधिकार से वंचित कर दिया। तब वह मारवाड़ से मेवाड़ में अपने ससुराल महाराना उदयसिंह के पास, जा रहा। महाराणा ने रामसिंह को केलवा की जागीर दी थी। किन्तु वह उससे सन्तुष्ट नहीं हुआ और मेवाड़ से बादशाह अकबर की सेवा में जा रहा। रामसिंह के पुत्र कल्याणसिंह हुआ। कल्याणसिंह के जसवंतसिंह और जसवंतसिंह के राव जगन्नाथ हुआ। राव जगन्नाथ ने सं० १६६१ वि० में मालवा में अमझरा के स्वतंत्र राज्य की स्थापना की। राव जगन्नाथ ने बादशाह जहाँगीर की सेवा में रह कर शाहजादे शहरयार और शाहजादे खुर्रम के विरुद्ध के युद्धों में भाग लिया था। गीत में जगन्नाथ और महाराजा गजसिंह दोनों द्वारा शाहजादे शहरयार को उत्तार में और खुर्रम को पूर्व में पराजित करने का वर्णन है।

—मारवाड़ का इतिहास, रेउ प्र० भाग पृ० १४४ की पाद टिप्पणी

क्षत्रिय गौरव मासिक जयपुर सन् १९४७
अमझेरा का मामला वर्ष २ अंक ४ पृ० २१

पृ० ६२ गीत ४२ राणी किसनावती कछवाही—कछवाहा नरेश जयसिंह की पुत्री और राव जगन्नाथ राठौड़ अमझरा की पत्नी राणी किसनावती कछवाही। किसनावती के विषय में कछवाहों की ख्यातों में कोई वृत्तांत नहीं मिलता। संभवतया वह आमेर के मिर्जा राजा जयसिंह की राजकुमारी थी। किसनावती ने राजा शिवा मरहठा की सेना के आक्रमण करने पर अपने पुत्र राव केशरीसिंह अमझरा तथा छोटे पुत्र सुजानसिंह व उनकी पत्नियों के साथ शत्रुओं का साहसपूर्वक सामना कर रणभूमि में वीरगति प्राप्त की थी। यह युद्ध संवत् १६३५ वि० में हुआ था।

मरु-भारती त्रैमासिक पत्रिका पिलानी, वर्ष ११, अंक ४, पृ० ३२-३६ जनवरी १९६४, मारवाड़ का इतिहास रेउ भाग २ पृ० ६८५।

पृ० ६३ गीत ४३ राव केसरीसिंघ राठौड़ अमझरा— मालवा में राठौड़ों के अमझरा राज्य का शासक राव केशरीसिंह। वह राव जगन्नाथ का पुत्र था। राजा शिवा सीसोदिया की सेना के मुकाबिले दक्षिण के मोरी गढ़ की रक्षा करते हुए खेत रहा था। केशरीसिंह के साथ उसका भाई सुजानसिंह, राजमाता कछवाही किसनावती और उन दोनों भाइयों की पत्नियों ने भी शत्रुओं का संहार करते हुए रण-भूमि में प्राणोत्सर्ग किया था।

—मरु भारती, त्रैमासिक पत्रिका, पिलानी वर्ष ११ अंक ४ सन् १९६४

पृ० ६४ गीत ४४ राणी किसनावती कछवाही—अमझरा के राव जगन्नाथ की रानी किसनावती कछवाही। पहले पृ० ६२ गीत ४२ की टिप्पणी देखें।

पृ० ६५ गीत ४५ सुजाणसिंघ जगनाथोत राठौड़—मालवा में अमझरा के राव जगन्नाथ का छोटा पुत्र सुजानसिंह राठौड़। वह बादशाह औरंगजेब के पक्ष में दक्षिण के मोरीगढ़

की रक्षा में राजा शिवा सीसोदिया के आक्रमण का सामना करते हुए अपने बड़े भाई, माता, भोजाई और पत्नी सहित खेत रहा था।

—मारवाड़ की ख्यात

पृ० ६६ गीत ४६ राव केसरीसिंघ अमझरा—मालवा में अमझरा रियासत का स्वामी राव केशरीसिंह राठौड़। वह राजा शिवा सीसोदिया के मोरीगढ़ पर आक्रमण करने पर सपरिवार रण क्षेत्र में खेत रहा था। पहले पृ० ६३ गीत ४३ की टिप्पणी देखें।

पृ० ६७ गीत ४७ राव देवीसिंघ सेखावत सीकर—शेखावटी के सीकर राज्य का स्वामी राव देवीसिंह शेखावत। वह राव शिवसिंह का पौत्र और राव चांदसिंह का पुत्र था। वह संवत् १८२० में सीकर की राजगद्दी पर अधिष्ठित हुआ। सं० १८३१ में मित्रसेन अहीर ने शेखावाटी पर आक्रमण किया। राव देवीसिंह ने अपने सरक्तीय शार्दूलसिंहोत को साथ लेकर उसको परास्त किया। तदनन्तर संवत् १८३६ श्रावणी पूर्णिमा के दिन मेवात के सूबेदार मुर्त्तजाअली भड़ेच से खाटू स्थान पर युद्ध लड़ा। इस युद्ध में खूड़ के ठाकुर भक्तसिंह, पालड़ी के ठाकुर उम्मेदसिंह, साँगलिया के ठाकुर चाँदसिंह, डूंगरी के ठाकुर चूहड़सिंह और मंगलदास दादूपंथी आदि योद्धा काम आए। किन्तु राव देवीसिंह की विजय हुई। सं० १८५२ मार्गशीर्ष कृष्णा को इनका देहावसान हो गया। गीत में देवीसिंह की सेना तथा सैनिक अभियान का वर्णन है।

—सीकर का इतिहास पृ० ८८-१०२, रायसल जससरोज हस्तलिखित

पृ० ६९ गीत ४८ ठाकुर महेसदास कूंपावत आसोप—जोधपुर के राव जोधा राठौड़ के अनुज अक्षयराज के वंशधर कुंवर दलपत का पुत्र ठाकुर महेसदास राठौड़। वह मारवाड़ के आसोप ठिकाने का स्वामी था। जोधपुर-नरेश विजयसिंह के शासनकाल में उसने सिन्ध के बीजड़ टालपुरिया के विरुद्ध युद्ध में साहस दिखाया था। संवत् १७८७ ई० में महादाजी सिन्धिया और महाराजा सवाई प्रतापसिंह के मध्य हुए पाटन के युद्ध में उसने जयपुर की सहायतार्थ भेजी गई जोधपुर की सेना में रह कर युद्ध लड़ा। उस युद्ध की हार का प्रतिशोध लेने के लिए महादाजी ने सं० १८४७ में मेड़ता पर चढ़ाई की। मरहठों के पास जनरल डिबोय ने द्वारा प्रशिक्षित विशाल सेना और ८० तोपें थीं। और राठौड़ों के पास केवल अश्व सेना थी। महेशदास ने राठौड़ों की सेना का नेतृत्व करते हुए भयानक आक्रमण किया जिसमें मरहठों के तोपखाने को प्रभावहीन कर दिया और अनेक वीरों के साथ वह रणभूमि में सदा के लिए सो गया।

—जोधा जयप्रकास पृ० १६-१९, आसोप का इतिहास पृ० १०६

पृ० ७१ गीत ४९ ठाकुर नवलसिंघ सेखावत दांता रो—शेखावाटी के दांता रामगढ़ परगने के ठिकाने दांता का ठाकुर नवलसिंह शेखावत। वह ठाकुर अमानीसिंह का पुत्र था। दांता ठिकाना जोधपुर के महाराजा जसवन्तसिंह प्रथम ने संवत् १७०६ वि० में साला कटारी में ठाकुर अमरसिंह बैरीसिंहोत को प्रदान किया था। नवलसिंह महाराजा सवाई जगतसिंह जयपुर का समसामयिक और कृपापात्र सरदार था। जयपुर नरेश जगतसिंह और जोधपुर के महाराजा मानसिंह के आपस में हुए परबतसर के समीप गीगोली स्थान के युद्ध में जयपुर की सेना में रह कर वीरता दिखाई थी। दोनों राजाओं के आपस में मेल-

जोल हो जाने के बाद ठाकुर नवलसिंह ने जोधपुर नरेश मानसिंह की विद्रोहियों के दमन में सहायता की थी। उस सहायता के उपलक्ष में सं० १८८४ वि० में मानसिंह ने नवलसिंह को नागौर प्रांत का चार हजार की रेख का भदाणा ठिकाना प्रदान कर सम्मानित किया था। गीत में उसकी निर्भीकता, वीरता और साहस उल्लेखित है।

—ठिकाना दांता के परवाने व खासा रुक्के रायसल जस सरोज, लावा रासा पृ० ३ अजीतबिलास ख्यात

पृ० ७२ गीत ५० प्रतापसिंघ सत्रसालोत राठौड़—रतलाम (मालवान्तर्गत) के राजा रतनसिंह के छोटे पुत्र शत्रुशाल का पुत्र प्रतापसिंह राठौड़। प्रतापसिंह ने शाही सेवा में रह कर दक्षिण के किस युद्ध में वीरता दिखा कर मृत्यु प्राप्त की थी। गीतकार किशनगढ़ का महाराजा राजसिंह है जो स्वयं शाही मनसबदार और प्रसिद्ध योद्धा था।

पृ० ७४ गीत ५१ हरसहाय गुरसहाय खत्री—जयपुर के महाराजा माधवसिंह प्रथम के फौजबक्षी हरसहाय खत्री और उसका भाई गुरुसहाय खत्री। १४ दिसम्बर १७६७ को भरतपुर के महाराजा जवाहरमल्ल जाट से तोरावाटी के मांवडा मंडोली स्थान पर घमासान युद्ध हुआ जिसमें जयपुर की सेना के सेनापति राव दलेलसिंह गोगावत धूला अपने द्वितीय पुत्र और पौत्र सहित मारे गए। उनके साथ जोबनेर के ठाकुर बंशीसिंह खंगारोत मय अपने तीन पुत्रों तथा पचार के ठाकुर गुमानसिंह शेखावत, घानोता के ठाकुर शिवदास शेखावत, मूंडरू के ठाकुर रघुनाथसिंह शेखावत, कटराथल के ठाकुर बुधसिंह शेखावत और हरसहाय गुरुसहाय दोनों भाई रणखेत रहे। जयपुर राज्य का ऐसा कोई सामन्त परिवार नहीं था कि जिसमें से कोई न कोई इस युद्ध में न मारा गया हो। इस युद्ध में जवाहरमल्ल की भयानक रूप में हार हुई और सदा के लिए उसको अपने राज्य का अलवर और राजगढ़ भूभाग खो देना पड़ा।

—राजपूताने का इतिहास गहलोत तृतीय भाग पृ० ११३-११४, सीकर का इतिहास पाद टिप्पण पृ० २६, रायसल जससरोज

पृ० ७५ गीत ५२ राव चांदसिंघ सेखावत सीकर—राव चांदसिंह सीकर राज्य के अधिपति राव शिवसिंह का चतुर्थ पुत्र था। राव शिवसिंह की संवत् १८०५ वि० में बगरू के युद्ध में घायल होने के कारण मृत्यु हो गई। उनकी गद्दी पर राव समर्थसिंह बैठे और चाँदसिंह को बलारां कटराथल का ठिकाना मिला। राजाधिराज बख्तसिंह नागौर और महाराजा रामसिंह के आपस के मेड़ता के युद्ध में चाँदसिंह ने रामसिंह का साथ दिया था। तदनन्तर फतहपुर की लड़ाई में कायमखानियों को हराया। संवत् १८१३ वि० में वह अपने भतीजे नाहरसिंह से सीकर राज्य छीन कर गद्दी पर बैठा। नागरचाल प्रदेश के ककोड़ स्थान के युद्ध में राव चाँदसिंह ने महाराजा सवाई माधवसिंह जयपुर की ओर से मल्हारराव होलकर को पराजित कर वीरता दिखाई और जयपुर से लौटते हुए रींगस पर अधिकार स्थापित किया। यह युद्ध सं० १८१६ वि० में हुआ था। सीकर के गनेड़ी स्थान पर १८२० में उसका देहावसान हो गया। गीत में उसके योद्धा-जीवन की प्रशंसा की गई है।

—माधववंश प्रकास हस्तलिखित

पृ० ७७ गीत ५३ राव देवीसिंघ सेखावत सीकर—सीकर के राव चाँदसिंह के पुत्र तथा उत्तराधिकारी राव देवीसिंह का वैशाख शुक्ला ३, वि.सं. १८१० में जन्म हुआ और सं. १८२० वि० में अपने पिता का उत्तराधिकारी बना। सं. १८३६ श्रावण शुक्ला १५ के दिन शेखावाटी के खाटू स्थान पर बादशाह अलीगोहर शाहआलम के सेनापति नवाब मुर्तजाअली खाँ तथा राव देवीसिंह के बीच युद्ध हुआ। इस युद्ध में खूड़ के ठाकुर भक्तसिंह, सेवा के दलेलसिंह खंगारोत, दूजोद के सल्हदीसिंह शेखावत, हनुवन्तसिंह बलारां प्रभृति कतिपय योद्धा मारे गए। नजबकुली शेखावत शक्ति का लोहा नहीं सह सका और दूसरे दिन रात्रि में अचानक मैदान छोड़कर भाग गया। तदनन्तर राव देवीसिंह ने पूरणमल खवासवाल से कासली का प्रान्त छीन कर अपने राज्य में मिला लिया। देवीसिंह स्थापत्य और काव्य का मर्मी एवं प्रेमी शासक था। उसके रचित बड़े भावमय वीरगीत मिलते हैं। वह सं० १८५२ मार्गशीर्ष कृष्णा चतुर्दशी को इस संसार से उठ गया।

—रायसल जससरोज, सीकर का इतिहास पृ० ८८–१०२

पृ० ७९ गीत ५४ महाराव रामसिंघ हाडा बूंदी—हाडा चहुवानों के बूंदी राज्य का सासक महाराव रामसिंह हाडा। वह विद्याविलासी और आखेटप्रेमी शासक था। वंशभास्कर, वीरसतसई तथा बलद्विलास आदि काव्यों का रचित महाकवि सूर्यमल्ल मिश्रण इनका आश्रित कवि था।

पृ० ८० गीत ५५ महाराव रामसिंघ हाडा बूंदी—हाडावाटी प्रान्त की बूंदी रियासत का शासक महाराव रामसिंह हाडा। विशेष परिचय के लिए महाकवि सूर्यमल्ल का वंश-भास्कर देखें।

पृ० ८२ गीत ५६ रावत केसरीसिंघ सलूम्बर—उदयपुर के सलूम्बर ठिकाने के रावत पदमसिंह का उत्तराधिकारी रावत केशरीसिंह द्वितीय। वह महाराना स्वरूपसिंह का समकालीन था। महाराना और केशरीसिंह के आपस में अनबन थी। महाराना स्वरूपसिंह ने रावत केशरीसिंह के कई ग्राम जब्त कर लिए थे किन्तु उसने मेवाड़ के सैनिकों को मारकाट कर अपने गाँवों से निकाल दिया था। वह महाराना मेवाड़ और अंग्रेज सरकार से कभी भी दब कर नहीं रहा। गीत में उसके अंग्रेजों के विरोध में रहने का वर्णन है। संवत् १९१९ विक्रमाब्द में उसका देहान्त हो गया।

—राजपूताने का इतिहास ओझा दूसरी जिल्द पृ० ११९६–११ ९७

पृ० ८३ गीत ५७ प्रिथीसिंघ हाडा—हाडौती क्षेत्र के कोटा राज्य के शासक राव माधव-सिंह का वंशज पृथ्वीसिंह हाडा। वह कोटा के महाराव उम्मेदसिंह प्रथम का तृतीय पुत्र था। अपने भाई महाराव किशोरसिंह द्वितीय के शासनकाल में जब महाराव और कोटा के मुसाह-आला महाराणा जालिमसिंह झाला के आपसी सम्बन्ध बिगड़ गए तब हाडौती के रेजिडेन्ट कर्नल जेम्स टाड ने जालिमसिंह झाला का पक्ष लिया। महाराव अपने सामन्त राजसिंह हाडा कोयला, कुं. बलभद्रसिंह, कुंवर सलामतसिंह तथा उनके चाचा दयानाथ गैंता, अमरसिंह चँद्रावत हरीगढ़ तथा महाराव के भाई गीतनायक पृथ्वीसिंह आदि सात-आठ हजार हाडा वीरों को साथ लेकर जालिमसिंह तथा उसके पक्षपाती अंग्रेज एम. मिलन, लेफ्टिनेंट क्लार्क,

लेफ्टिनेन्ट रीड तथा लेफ्टिनेन्ट कर्नल जेरिज की सेना से भिड़ गए। क्लार्क और रीड युद्ध में मारे गए। जेरिज घायल हुआ। पृथ्वीसिंह ने राजगढ़ के जागीरदार देवसिंह आदि वीरों के साथ जालिमसिंह झाला पर आक्रमण किया। उसके साथी मारे गए और देवीसिंह तथा पृथ्वीसिंह घायल होकर रणस्थल में गिर पड़े। कर्नल टाड पृथ्वीसिंह को उठाकर चिकित्सा के लिए ले गया, किन्तु भाले के घातक प्रहार के कारण उसका दूसरे दिन देहान्त हो गया। यह युद्ध सन् १८२१ में हुआ।

—राजपूताने का इतिहास गहलोत दि० भा० पृ० ८५—८८

पृ० २६ गीत ५८, पृ० ८८ गीत ५९ महाराव रामसिंघ हाडा—बूंदी का हाडावंशीय शासक महाराव रामसिंह। वह बूंदी के महाराव विष्णुसिंह का उत्तराधिकारी एक आखेट-प्रिय शासक था। कविराजा सूर्यमल्ल से रामसिंह ने प्रसिद्ध इतिहास-ग्रंथ वंशभास्कर लिखवाया था।

पृ० ८९ गीत ६० कवर दौलतसिंघ हाडा—कुंवर दौलतसिंह हाडा देवीसिंह हाडा का पुत्र था। दौलतसिंह हाडौती के ठिकानों में किस ठिकाने का कुंवर था कोटा तथा बूंदी के प्रकाशित इतिहास ग्रंथों में कोई स्पष्ट वृत्तान्त नहीं मिला। गीत में उसकी आखेटप्रियता का वर्णन है। संभवतः वह राजगढ़ के मोहनसिंहोत हाडा के वंशधर देवीसिंह का पुत्र था। देवीसिंह महाराव किशोरसिंह दूसरे के पक्ष में रह कर जालिमसिंह झाला के विरुद्ध सन् १८२१ ई० में मांगरोल में लड़े गए युद्ध में घायल हुआ था।

पृ० ९१ गीत ६१ अखा हींगोल बाहड़मेरा—अक्षयराज, राठौड़ों की बाड़मेरा शाखा का योद्धा था। बाड़मेर में राठौड़ों की महेचा शाखा का राज्य था। इसलिए महेचा शाखा वाले राठौड़ों को बाड़मेरा भी कहते हैं। यह जातीय सम्बोधन इस शाखा वालों का बाड-मेर भूभाग पर शासन रहने के कारण प्रचलित हुआ। गीतनायक के विषय में अन्य जान-कारी प्राप्त नहीं हुई।

पृ० ९२ गीत ६२ राजा केसरीसिंघ सेखावत खण्डेला—शेखावाटी प्रदेश के खण्डेला राज्य का स्वतंत्र शासक राजा केशरीसिंह शेखावत। वह बादशाह शाहजहाँ के मनसबदार राजा वैरीसिंह का पौत्र और राजा बहादुरसिंह का पुत्र था। राजा केशरीसिंह अपने पिता के निधन पर संवत् १७४० फाल्गुन कृष्णा ८ के दिन खण्डेला की गद्दी पर बैठा था। राजा केशरीसिंह ने शाही मामला (राज्य कर) नहीं दिया और स्वतंत्र भाव से राज्य करने लगा। इससे रुष्ट होकर बादशाह औरंगजेब ने अजमेर के सूबेदार सैयद अब्दुला खां को खण्डेला पर आक्रमण कर केशरीसिंह को पकड़ लाने का आदेश दिया। राजा केशरीसिंह ने अपने सजातीय वीर शेखावतों को युद्ध में सहायतार्थ आमंत्रित किया। फलस्वरूप राव जगतसिंह श्यामरामोत कासली, उदयसिंह बहादुरसिंहोत (केशरीसिंह का अनुज) संग्रामसिंह वैरीसिंहोत, रतनसिंह मोहकमसिंहोत, श्यामसिंह वैरीसिंहोत खूड़ का ठाकुर, रूपसिंह जूझारसिंहोत, पृथ्वीसिंह पुरुषोत्तमसिंह, उदयसिंह भीमसिंहोत भोजराज के वंशज, कान सिंह तथा शक्तिसिंह लाडखानोत, अखमाल बृजभानोत हरीरामोत, अचलदास अमरदासोत मूंडरू का ठाकर, सुखसिंह फतहसिंह राठौड़, सुखसिंह गौड़ मारोठ का, गजसिंह अजमा-लोत गौड़ और मनोहरपुरा शाहपुरा की सेना हरीपुरा के मैदान में आ एकत्रित हुई। दोनों

पक्ष में भयानक युद्ध हुआ। किन्तु मनोहरपुर शाहपुरा और लाडखानोतों के युद्ध से हट जाने के कारण केशरीसिंह और राव जगतसिंह भयानक रूप से शत्रुओं से घिर गए। राव जगतसिंह ने शाही अफसर नूरुद्दीन को साँग से मार डाला। राजा केशरीसिंह जूझते हुए धराशायी हुए। इस युद्ध में शाही पक्ष के दो हजार सैनिक मारे गए थे। इनके साथ ही संग्रामसिंह, रतनसिंह, पृथ्वीसिंह, अचलदास, भोपालसिंह आदि रणखेत रहे। ठाकर श्यामसिंह खूड़ और मोहकमसिंह अलोदा का ठाकुर जो केशरीसिंह का काका था, घायल होकर वच रहा। यह युद्ध सं. १७५४ आसोज सुदि ११ को हुआ था।

—रायसल जससरोज, सीकर का इतिहास पृ० ५५, खण्डेला का इतिहास पृ० ८५–९४, हरीपुरे का युद्ध-लेख कुंवर देवीसिंह मंडावा संघ शक्ति जयपुर जनवरी १९६२ पृ० ३९–४१.

प० ९३ गीत ९३, पृ० ९४ गीत ९४, पृ० ९५ गीत ९५ राजा केशरीसिंघ सेखावत खण्डेला—प्रसिद्ध राजा रायसल दरबारी के पुत्र राजा गिरधरदास का चतुर्थ वंशधर राजा केशरीसिंह खण्डेला। वह संवत् १७४० में अपने पिता राजा बहादुरसिंह का उत्तराधिकारी बना। उसने सं० १७५४ आसोज शुक्ला ११ के दिन हरीपुरा रणक्षेत्र में शाही सेना से लड़ते हुए वीर गति प्राप्त की थी। पृ० ९२ गीत ९२ की टिप्पणी देखें।

पृ० ९६ गीत ९६ सुजानसिंह भोजराजोत सेखावत—राजा रायसल दरबारी के तृतीय पुत्र भोजराज के वंशज ठाकुर श्यामसिंह का पुत्र सुजानसिंह शेखावत। सुजानसिंह ने राजा बहादुरसिंह के समय में सं० १७३६ चैत्र शुक्ला ६ को औरंगजेब ने जब दरावखाँ और बहरेमद खाँ को खण्डेले पर आक्रमण करने के लिए भेजा तब सुजानसिंह मारवाड़ से विवाह कर के लौट रहा था। उसे खण्डेला के युद्ध की मार्ग में आते समय सूचना मिली। वह अपने गांव न जाकर सीधा खण्डेला पहुँचा और अपने साठ आदमियों सहित शाही सेना से लड़ता हुआ धराशायी हुआ। खण्डेला से उदयपुर जाने वाले मार्ग पर उसकी नव-विवाहिता पत्नी, जो सती हुई थी, पर एक स्मारक है। सुजानसिंह छापोली का ठाकुर था।

—खण्डेला का इतिहास पृ० ८२, संघ शक्ति, जयपुर जनवरी १९६२ का अंक

पृ० ९७ गीत ९७ सुजाणसिंघ नै भवानीसिंघ सेखावत—शेखावतों की भोजराजोत शाखा का ठाकुर सुजानसिंह छापोली और राजा रायसल के छोटे पुत्र हरिराम का वंशज भवानीसिंह शेखावत। सुजानसिंह और भवानीसिंह ने चैत्र कृष्णा ६ विक्रमी संवत् १७३६ में खण्डेला के मोहनदेवजी के मन्दिर की रक्षा करते हुए औरंगजेब के सेनानायक दराव खाँ और बहरेमदखाँ से युद्ध कर वीर गति प्राप्त की। पहिले पृ० ९६ गीत ९६ की टिप्पणी देखें।

पृ० ९८ गीत ९८ मदनसिंह सीसोदिया—उदयपुर में शक्तावतों के मुख्य ठिकाने भींडर के महाराज हम्मीरसिंह का पुत्र तथा मोहकमसिंह का प्रपौत्र महाराज मदनसिंह सीसोदिया। गीत में मदनसिंह की तलवार के आतंक का किसी समसामयिक कवि ने वर्णन किया है।

—राजपूताने का इतिहास चतुर्थ खण्ड ओझा पृ० १२२२

पृ० ९९ गीत ९९ रावराजा लछमणसिंघ सेखावत सीकर—शेखावाटी प्रदेश के सीकर

राज्य का शासक राव-राजा लक्ष्मणसिंह शेखावत। वह राव देवीसिंह का पुत्र था। वह अपने पिता के निधन के बाद सं० १८५२ विक्रमाब्द में सीकर की राजगद्दी पर बैठा। लक्ष्मण-सिंह ने जोधपुर के महाराजा मानसिंह और जयपुर के महाराजा सवाई जगतसिंह के मध्य लड़े गए गींगोली के युद्ध में जयपुर की ओर से भाग लिया था। इस युद्ध में राजा अभयसिंह खेतड़ी, ठाकुर श्यामसिंह शेखावत बिसाऊ और शेखावाटी के अन्य ठिकानों के दस हजार योद्धाओं ने युद्ध में भाग लिया था। तदनन्तर लक्ष्मणसिंह ने खण्डेला पर आक्रमण कर अपने अधिकार में कर लिया था। वह स्थापत्य कलाज्ञाता, विद्यानुरागी, दानी और वीर शासक था। उसने अपने राज्यकाल में चारणों को ४५ ग्राम दान किए थे।

—माधव वंश प्रकाश, सीकर का इतिहास, पृ० १०२-११२

पृ० १०० गीत ७० रावत संभूसिंह गोगावत दूणी—जयपुर राज्य के दूणी ठिकाने का स्वामी राव शंभूसिंह गोगावत कछवाहा। वह राव प्रेमसिंह का पुत्र था। शंभूसिंह महा-राजा सवाई माधवसिंह प्रथम का समकालीन था। राव शंभूसिंह का पुत्र राव चांदसिंह जयपुर का दीवान रहा।

—राजपूताने का इतिहास गहलोत तृतीय भाग पृ० २०३

पृ० १०२ गीत ७१ चतरा रामावत राठौड़—रामसिंह राठौड़ का वंशज चतुरसिंह राठौड़। चतुरसिंह के ठिकाने तथा जीवन सम्बन्धी कोई उल्लेख प्राप्त नहीं हुआ और न गौड़ावाटी तथा चौरासी के ठिकानों के वृत्तान्त में चतुरसिंह के विषय में जानकारी मिली। संभवतः वह महाराजा अजितसिंह के शैशवकाल में राठौड़ दुर्गादास, जगरामसिंह उदावत, सोनंग चांपावत और मोहकमसिंह मेड़तिया आदि द्वारा किये गए युद्धों में अजितसिंह के पक्ष में शाही अफसर इनायत खां, नूरअली तथा महमूद अली के साथ के मेड़ता के युद्धों में लड़ा हो।

पृ० १०३ गीत ७२ मोहकमसिंघ राठौड़—मोहकमसिंह राठौड़ को गीत में जोधावत आलेखित किया है। उसके पिता एवं जागीरादि का परिचय अनुपलब्ध है। मोहकमसिंह ने अजमेर मेरवाड़ा के दस्यु-कर्मी गूजरों के पशुधन का हरण कर उनकी डाकेजनी बन्द करवा दी थी।

पृ० १०४ गीत ७३ बीजा राठौड़—सबलसिंह का पुत्र विजयसिंह राठौड़। वह महा-राजा अजितसिंह राठौड़ के बाल्यकाल के समय में राठौड़ों द्वारा किए गए विखें' में सम्मि-लित रहा और शाही मनसब स्वीकार नहीं किया, जब कि मोहकमसिंह और आनन्दसिंह मेड़तिया तथा सुजानसिंह जूनियां (अजमेर मेरवाड़ा) के स्वामियों ने शाही मनसब स्वीकार कर महाराजा का साथ छोड़ दिया था। सबलसिंह की जागीरादि का पता नहीं लगा। उसने सं० १७३० वि० में महाराजा के पक्ष में सोजत, पीपाड़ और बीलाड़ा में लड़ाइयां लड़ीं। वह राठौड़ों की चांपावत शाखा का योद्धा था।

—अजीत विलास पृ० ७९

पृ० १०५ गीत ७४ हठीसिंघ जोगावत राठौड़—जोगीदास राठौड़ का पुत्र हठीसिंह राठौड़। वह महाराजा अभयसिंह जोधपुर और अहमदाबाद के सूबेदार नवाब सरबुलंद खां

के मध्य लड़े गए वि०सं० १७८९ के युद्ध में मारा गया था। वह राठौड़ों की जोधा शाखा के ठिकाने खैरवा के भाइयों में था।   अजीतविलास पृ० २५२

—ऐतिहासिक रुक्के-परवाने (परम्परा त्रैमासिक पत्र) जोधपुर भाग २४
पृ० १६, मारवाड़ का इतिहास रेउ द्वि. भा. पृ. ६७०

पृ० १०७ गीत ७५ करण महेचा राठौड़—मारवाड़ के थोब ठिकाने के ठाकुर विजयसिंह का पुत्र ठाकुर करणसिंह महेचा राठौड़। करणसिंह ने महाराजा अजितसिंह राठौड़ की आज्ञा से दिल्ली जाकर नागौर के राव मोहकमसिंह इन्द्रसिंहोत को चूक कर मस्तक काट कर जोधपुर लौट आया। तब करणसिंह के साथ मोहकमसिंह अमरसिंह घवेचा पादरू तथा भाटी अमरसिंह प्रयागदासोत कीटनोद का ठाकुर भी दिल्ली गया था। मारवाड़ के इतिहास में रेउजी ने मोहकमसिंह को मारने वाला अमरसिंह भाटी को बतलाया है, किन्तु गीत और अजीत विलास में करणसिंह महेचा को माना गया है।

—अजीत विलास हस्तलिखित पृ० १०४

पृ० १०८ गीत ७६ राव जैतसिंघ सेखावत कासली—राव श्यामराम के पौत्र राव जगतसिंह का अनुज जैतसिंह शेखावत। जैतसिंह ने खण्डेला राजा केशरीसिंह और कासली के राव जगतसिंह श्यामरामोत के वैर में अब्दुल्ला खांन के सेनानायक नूरुद्दीन को युद्ध-स्थल में मार कर वैर शोधन किया।

पृ० १०९ गीत ७७ सहसमल राठौड़—करण का पुत्र सहसमल्ल राठौड़। सहसमल्ल ने युद्ध में शत्रुओं का संहार कर वीर गति प्राप्त की थी। किन्तु वह किस स्थान का निवासी था तथा कहां किस से लड़ा कोई आधार प्राप्त नहीं हुआ।

पृ० ११० गीत ७८ महाराव हनमंतसिंह सेखावत—शेखावतों के पट्ट राज्य मनोहरपुर शाहपुरा के शाही मनसबदार राव लूणकरण शेखावत का वंशज राव हनुमन्तसिंह। वह विष्णुसिंह का पुत्र था। वह महाराजा सवाई रामसिंह की नाबालगी में जयपुर की रिजेन्सी कौन्सिल का सदस्य रहा।

—रायसल जस सरोज, राजपूताने का इतिहास गहलोत
तृतीय भाग पृ. १९६

पृ० १११ गीत ७९ कुम्भा खीची—गागरौनगढ़ के गांगा खीची का पुत्र कुंभा खीची। कुंभा ने गागरौन पर मुसलमानों के आक्रमण के समय गौवन की रक्षा करते हुए प्राण विसर्जित किए थे। उसके वृत्तान्त के सम्बन्ध में कोई आधार उपलब्ध नहीं हुआ।

पृ० ११२ गीत ८० ठाकर मुकन्दसिंह सेखावत घींगपुर—शेखावाटी के दांतारामगढ़ परगने के घींगपुर ठिकाने का ठाकुर मुकुन्दसिंह। वह शेखावतों की लाडखानोत शाखा के ठाकुर हम्मीरसिंह का पुत्र था। उसने जयपुर राज्य की सेना के घींगपुर पर आक्रमण करने पर साहसपूर्वक उसका सामना किया था। गीत में उसकी युद्ध-वीरता का समकालीन कवि ने वर्णन किया है। परन्तु वह युद्ध किस संवत् में तथा क्यों हुआ तथा क्या परिणाम रहा आदि इतिवृत्त नहीं मिला।

—रायसल जस सरोज

पृ० ११६ गीत ८१ पंचाइण सांगाउत चहुवांण—चौहान शाखा का पंचायण सांगावत क्षत्रिय योद्धा। पंचायण के विषय में कहीं कोई इतिवृत्त नहीं मिला। वह पन्द्रहवीं शताब्दी के दानी पुरुषों में प्रसिद्ध था। गीतकार नांदण बारहठ ने जो अकबरकालीन कवि लक्खा बारहठ का पिता तथा अवतार चरित्र के लेखक नरहरिदास बारहठ का प्रपितामह था, उसकी दानवीरता का वर्णन किया है।

पृ० ११७ गीत ८२ परबत मदाउत रांदा—मदा का पुत्र पर्वत रांदा राजपूत योद्धा। पर्वत ने किस युद्ध में विजय प्राप्त की, इसका ख्यातों आदि इतिहास स्रोतों में कहीं कोई प्रमाण नहीं मिला।

पृ० ११८ गीत ८३ महाराव हणूतसिंघ सेखावत—कछवाहा वंश की शेखावत शाखा के प्रधान राज्य मनोहरपुर शाहपुरा का शासक महाराव हनुमंतसिंह शेखावत। मनोहरपुर शाहपुरा के शासक राव लूणकर्ण, राव मनोहर, राव तिलकचंद, राव रायचंद और राव शक्तिसिंह शाही मनसबदार थे और शाही सेवा में रह कर युद्धों में भाग लेते रहे थे। राव हनुवंतसिंह राव विशनसिंह का पुत्र था। वह महाराजा सवाई रामसिंह जयपुर का समकालीन था।

पृ० ११९ गीत ८४ ठाकुर सवाईसिंह चांपावत पोकरण—चांपावतों के प्रमुख ठिकाने पोकरण के ठाकुर सबलसिंह का पुत्र ठाकुर सवाईसिंह चांपावत। जोधपुर के महाराजा विजयसिंह राठोड़ ने इसके दादा ठाकुर देवीसिंह और पिता सबलसिंह को छलपूर्वक बंदी बनवा कर मरवा दिया था। सवाईसिंह जब वयस्क हुआ तब उसने जोधपुर के महाराजा भीमसिंह की मृत्युपरांत उत्पन्न पुत्र धौकलसिंह का पक्ष ग्रहण कर महाराजा मानसिंह को राज्यच्युत करने का प्रबल प्रयत्न किया और मारवाड़ के सरदारों, शेखावाटी के राजा अभयसिंह खेतड़ी, रावराजा लक्ष्मणसिंह सीकर, ठाकुर नवलसिंह दांता और महाराजा सवाई जगतसिंह जयपुर को अपने पक्ष में लेकर जोधपुर पर आक्रमण किया। परबतसर के पास गींगोली स्थान पर मानसिंह को पराजित होकर जोधपुर के किले की शरण पकड़ने को बाध्य होना पड़ा। फिर महाराजा मानसिंह ने टोंक वालों के पूर्वज अमीरखां जो उस समय डाकेजनी और छल-युद्धों में प्रसिद्ध था से मित्रता स्थापित कर नागौर के पास मूंडवा स्थान पर सवाईसिंह को सं १८८५ चैत्र सुदि २ को शिविरों में बारूद बिछवा कर मरवा डाला। उसके साथ ठाकुर बख्शीराम चंडावल, ठाकुर ज्ञानसिंह पाली, ठाकुर केशरीसिंह बगड़ी, थे अपने एक हजार सैनिकों सहित मारे गए थे।

वह महान् योद्धा, राजनीतिज्ञ और संगठनकर्त्ता सरदार था। महाराजा मानसिंह जिसने सवाईसिंह को मरवाया था ने सवाईसिंह की मृत्यु पर खिन्न चित्त हो निम्न दोहा कह कर श्रद्धांजलि अर्पित की—

> मुरधर करगो मोड़की, धर पर पड़तां धींग।
> सरगां लेगो सेवरो, सेर सवाई सींग॥

—मारवाड़ का इतिहास रेउ द्वि. भाग पृ. ४१२-४१३
संघ शक्ति मासिक वर्ष ३ अंक १२ पृ. १५-१६ दिसम्बर १९६२ ई.

पृ० १२० गीत ८५ ठाकुर हणूंतसिंघ सेखावत बिसाऊ—शेखावाटी के भोजराजोत प्रशाखा के शेखावतों के ठिकाने बिसाऊ का ठाकुर हनुमन्तसिंह शेखावत। वह ठाकुर केशरी-सिंह का पुत्र था। हनुमन्तसिंह ने महाराजा सवाई माधवसिंह प्रथम जयपुर और भरतपुर के महाराजा जवाहरमल्ल के मध्य तंवरावाटी के मावंडा मंडोली के स्थान पर १४ दिसम्बर १६६७ के युद्ध में वीरता प्रदर्शित की। इस युद्ध में भरतपुर नरेश के छत्र, चंवर आदि राज-चिह्न छीन लिए थे। तदनन्तर महराव प्रतापसिंह नरूका अलवर के विरुद्ध महाराजा सवाई प्रतापसिंह जयपुर के आक्रमण में ठाकुर हनुमन्तसिंह अपने भाई सूरजमल्ल, विजय-सिंह नवलसिंहोत शेखावत, राजा अभयसिंह शेखावत खेतड़ी तथा राव देवीसिंह सीकर सहित सम्मिलित हुआ था। गीत में मावंडा मंडोली स्थान के युद्ध का वर्णन है।

—राजपूताने का इतिहास गहलोत तृतीय भाग पृ. १६६
महाराजा प्रतापसिंघ जयपुर री निसांणी

पृ० १२२ गीत ८६ महाराव श्रीनाथसिंघ सेखावत मनोहरपुर—शेखावतों के मनोहर-पुर शाहपुरा राज्य का शासक महाराव श्री नाथसिंह (नाथूसिंह) शेखावत। वह महाराव जसवंतसिंह का पुत्र था। श्री नाथसिंह के समय में आमेर और शाहपुरा के पारस्परिक युद्ध हुआ, जिसमें शाहपुरा की विजय का गीत में संकेत किया गया है। यह युद्ध किस समय लड़ा गया कोई आधार नहीं मिला।—राजपूताने का इतिहास गहलोत तृतीय भाग पृ. १६६

पृ० १२३ गीत ८७ ठाकर नौलसिंघ सेखावत—शेखावाटी में झुंझनूं का स्वामी ठाकुर नवलसिंह शेखावत। नवलसिंह ठाकुर शार्दूलसिंह का चतुर्थ पुत्र था। उसने सं० १७९४ में रोहली ग्राम को अपने नाम पर नवलगढ़ का स्वरूप देकर लोगों को बसाने के लिए आमं-त्रित किया और झुंझनूं से बदल कर अपनी राजधानी का मुख्यावास बनाया। उसने शेखा-वाटी प्रदेश पर मित्रसेन अहीर के नेतृत्व में मुगलसेना के आक्रमण करने पर मांढण के रणक्षेत्र में अपने सजातीय वारों के साथ उसका सामना किया जिसमें उसका पुत्र लालसिंह मारा गया और बिसाऊ का ठाकुर सूरजमल घायल होकर बच रहा। यह युद्ध सं० १७७५ में हुआ था। ईस्वी सन् १७७८ में बादशाह शाह आलम ने इसे राजा की पदवी प्रदान कर अपना तीन हजारी मनसबदार बनाया था। वह १७८० ई० में अस्वस्थ हो कर स्वर्ग गया।

—खेतड़ी का इतिहास पृ. ४१, राजपूताने का इतिहास, गहलोत
तृतीय भाग पृ० १९१; शेखावाटी प्रकाश एकादशअध्याय
पृ० ७

पृ० १२५ गीत ८८ राजा रायसल सेखावत खण्डेला—शेखावाटी के अमरसर संस्थान के राव सूर्यमल्ल के द्वितीय पुत्र राजा रायसल शेखावत खण्डेला का शासक। राजा रायसल को पैतृक अधिकार में लाम्बा ग्राम मिला था किन्तु उसने बादशाह अकबर के दरबार में पहुँच कर शेखावाटी के रेवासा, खण्डेला आदि परगने प्राप्त किए। वह अकबर के शाही महल का प्रबन्धक रहा। उसने भटनेर के युद्ध, गुजरात की अकबर की चढाइयों और जहांगीर के साथ मेवाड़ के युद्धों में भाग लिया था। जहांगीर को दिल्ली की गद्दी पर बैठाने वालों में यह और राजा मानसिंह का भाई माधवसिंह अजबगढ़ भानगढ़ का शासक प्रमुख

व्यक्ति थे। खण्डेला पर वि० सं० १६३५ में निर्वाण क्षत्रिय शासक राव लखू भोजावत तथा भीमा हेमावत से छीन कर अपना आधिपत्य स्थापित किया। रायसल का दीवान शाह गोत्र का देवीदास नामक नीतिज्ञ व्यक्ति था। जिसने राजनीति के १२० कवित्त व्रज भाषा में रचे हैं। रायसल का सं० १६७५ में दक्षिण में स्वर्गवास हुआ।

—खेतड़ी का इतिहास पृ २८, मुगल दरबार भाग १ पृ० ३५१-३५२, निरवाणां री पीढियां, माधव वंश प्रकाश

पृ० १२६ गीत ८९ राजा रायसल शेखावत खण्डेला—खण्डेला का शासक राजा रायसल शेखावत दरबारी। राजा रायसल ने बादशाह अकबर के गुजरात के सुलतान मुजफ्फरशाह के विरुद्ध लड़े गए अहमदाबाद के युद्ध में बादशाह पर आक्रमण करने वाले अमीर मुहम्मद पर प्रहार कर बादशाह की प्राण-रक्षा की थी। यह युद्ध सं० १६३० विक्रमी में हुआ था। बादशाह अकबर ने रायसल को राजा की पदवी और रेवासा कासली के परगने प्रदान कर सम्मानित किया था। गीत में अमीर मुहम्मद को मारने का वर्णन है।

—केसरीसिंह समर पृ० २०-२४, शोध पत्रिका त्रैमासिक उदयपुर पृ० ३-४ भाग १० अंक १-२ सितम्बर दिसम्बर १९५८

पृ० १२७ गीत ९० राव सिवसिंघ सेखावत सीकर—शेखावत शाखा के राव तिरमल के वंशज राव दौलतसिंह का पुत्र राव शिवसिंह शखावत। राव शिवसिंह सं० १७७८ में सीकर की गद्दी पर आसीन हुआ और सं० १७८१ में सीकर के चारों ओर शहर पनाह बनवा कर नगर का स्वरूप प्रदान किया। तब बादशाह मुहम्मदशाह का सेनापति जानिसारखाँ सीकर को ध्वस्त करने के लिए चढ आया। किन्तु महाराजा सवाई जयसिंह जयपुर के कारण युद्ध टल गया। तदनन्तर राव शिवसिंह ने सं० १७८७ चैत्र कृष्ण १३ को फतहपुर पर आक्रमण कर कायमखानियों से फतहपुर छीन लिया। इस युद्ध में ठाकुर गुमानसिंह खाचरियावास, ठाकुर रूपसिंह खूड़, ठाकुर शार्दूलसिंह झुंझुनूं, ठाकुर सल्हदीसिंह खोरोड़, भावसिंह बीदावत आदि ने बड़ी वीरता दिखाई। उस समय फतहपुर का नबाब कामयाबखां था।

राव शिवसिंह सवाई जयसिंह जयपुर नरेश का विश्वस्त सहयोगी सामन्त था। उसने अभयसिंह के विरुद्ध जोधपुर के घेरे, राजाधिराज बख्तसिंह नागौर के विरुद्ध गगवाना के युद्ध और महाराजा सवाई ईश्वरीसिंह के राजमहल तथा बगरू के युद्धों आदि में सदैव भाग लिया। और सं० १८०५ में बगरू के युद्ध में घायल होकर वीर गति को प्राप्त हुआ।

—सीकर का इतिहास पृ० ५९-७९, माधव वंश प्रकाश, रायसल जस सरोज

पृ० १२९ गीत ९१ राव देवीसिंघ सेखावत सीकर—सीकर के राव चांदसिंह का पुत्र देवीसिंह शेखावत। पहिले पृ० ६७ गीत ४७ का टिप्पण देखो।

पृ० १३० गीत ९२ राजा सिवा सीसोदिया दिखणी—मेवाड़ के सीसोदिया वंश के राणा लाखा के पुत्र सज्जा की संतति परम्परा में पूना सतारा के राजा शाहू का पुत्र छत्रपति शिवा सीसोदिया। शिवा ने बादशाह औरंगजेब की हिन्दू धर्म विरोधी नीति का विरोध

किया था। उसने बीजापुर के सुल्तान आदिलखां के सरदार अफजलखां को मार कर प्रसिद्धि प्राप्त की। तदनन्तर मुगल सूबेदार शायस्ताखां जो शिवा को दण्डित करने के लिए दक्षिण में नियुक्त हुआ था, को भी नैश्य आक्रमण कर, शिवा ने पराजित किया। तब बादशाह औरंगजेब ने उसका दमन करने के लिए जोधपुर के महाराजा जसवंतसिंह राठौड़ को सन् १६६१ ई० में गुजरात का सूबेदार बना कर भेजा। जसवन्तसिंह भी शिवा को दण्ड देने में विफल रहा। तब उसके स्थान पर आमेर के मिर्जा राजा जयसिंह प्रथम को भेजा। जयसिंह ने शिवा के रक्षित पुरन्दर गढ़ आदि औरंगाबाद के दुर्गों पर कब्जा कर शिवा को संधि के लिए विवश कर दिया। तदनन्तर शिवा को समझा कर ससम्मान शाही दरबार में भिजवा दिया। वहाँ औरंगजेब उसको बन्दी बना कर छलपूर्वक मारने का षड्यंत्र रचने लगा, उस समय जयसिंह के राजकुमार रामसिंह ने शिवा को आगरा से निकल भागने का अवसर प्रदान कर अपने पिता द्वारा शिवा को दिए गए रक्षा-वचन का निर्वाह किया।

—मुगल दरबार भाग १, पृ० १६२, १७३, अजीत विलास

पृ० १३१ गीत ६३ राणा कुसालसिंघ स्यामसिंघोत—श्यामसिंह का पुत्र राणा पदवीधारी कुशालसिंह। कुशालसिंह की जागीर एवं वंश-परिचय का कहीं कोई प्रमाण नहीं मिला। गीत में कवि ने उसकी दानवीरता का वर्णन किया है।

पृ० १३२ गीत ६४ राव बखतसिंघ चुवांण वेदला—मेवाड़ में चौहान क्षत्रियों के वेदला ठिकाने का राव पदवीधारी बख्तसिंह प्रथम। वह राव सुलतानसिंह का पुत्र और महाराना संग्रामसिंह द्वितीय मेवाड़ का समसामयिक सामन्त था। वह बड़ा उदार और वीर प्रकृति का योद्धा था। गीत में उसकी वदान्यतादि गुणों का किसी समकालीन कवि ने बखान किया है।

—राजपूताने का इतिहास गहलोत पहला भाग पृ. ३३७ राजपूताने का इतिहास ओझा, चतुर्थ खण्ड पृ. ११८५-११८६

पृ० १३३ गीत ६५ ठाकर रतनसिंघ शेखावत कणवाई—मारवाड़ के नागौर प्रांत के कणवाई ठिकाने का ठाकुर रतनसिंह शेखावत। वह शेखावतों की लाड़खांनोत शाखा के ठाकुर फतहसिंह का पुत्र तथा अजबसिंह का पौत्र था। रतनसिंह जोधपुर के महाराजा मानसिंह राठौड़ का समकालीन था। अमीरखां पिंडारी ने कणवाई पर आक्रमण कर दो दिन तक तोपों की लड़ाई की। किन्तु वह कणवाई के धूलिकोट पर विजय नहीं पा सका। तब घेरा उठा कर चला गया। रतनसिंह जैसा वीर था वैसा ही उदार हृदय भी था। वह कवियों तथा याचकों को मुक्तहस्त से द्रव्य देकर प्रसन्न करता था। गीत में रतनसिंह के दान की प्रशंसा में यह दोहा अति प्रचलित है—

कणवाई कोटां सिरै, रावां सिरै रतन्न।
आयां रा आदर करै, जाभा करै जतन्न॥

पृ० १३४ गीत ६६ कंवर हणूंतसिंघ सेखावत खंडेला—शेखावाटी प्रदेश के रायसलोत शाखा के ठिकाने खण्डेले के राजा इन्द्रसिंह का पुत्र कुंवर हनुमन्तसिंह। खण्डेला ठिकाना में दो हिस्से थे, एक हिस्सा राजा उदयसिंह का जो बड़ा पाना कहलाता है और दूसरा भाग

राजा धीरसिंह का जो बड़ा होते हुए भी छोटा पाना कहलाता है। कुंवर हनुमन्तसिंह छोटे पाने के अधिपति इन्द्रसिंह का पुत्र था। उसने कोट सकराय के पहाड़ी दुर्ग पर सीकर के रावराजा लक्ष्मणसिंह के आक्रमण करने पर चार मास तक डट कर अनवरत तोपों का युद्ध लड़ा और दुर्ग पर शत्रु सेना का अधिकार नहीं होने दिया। अन्त में खाद्य सामग्री तथा युद्ध सामग्री न पहुँचने पर किले के किवाड़ खोल कर वह अपने साथियों सहित लड़ता हुआ मारा गया। यह युद्ध सं० १८६९ में हुआ था।

—सीकर का इतिहास पृ. १११, रायसलजस सरोज

पृ० १३५ गीत ९७ सेरसिंघ कुसलसिंघ राठौड़ रौ भेळौ—मारवाड़ के मेड़ता भूभाग के प्रसिद्ध ठिकाने रियां के ठाकुर सरदारसिंह का पुत्र ठाकुर शेरसिंह और चांपावतों के आऊवा ठिकाने के ठाकुर हरनाथसिंह का पुत्र ठाकुर कुशलसिंह चांपावत। जोधपुर के महाराजा रामसिंह और उनके काका राजाधिराज बख्तसिंह नागौर के पारस्परिक युद्धों में महाराजा रामसिंह के पक्ष का प्रमुख नेता ठाकुर शेरसिंह था और राजाधिराज के दल का नेतृत्व ठाकुर कुशलसिंह करता था। वि० सं० १८०७ में मेड़ता में दोनों पक्षों में युद्ध हुआ जिसमें दोनों पक्ष के कथित दोनों सेनानायक एक दूसरे के प्रहार से मारे गए। ठाकुर शेरसिंह के भाले से कुशलसिंह और कुशलसिंह की सांग से शेरसिंह मारा गया।

—मारवाड़ का इतिहास रेउ प्र. भा. पृ. ३५३,
मारवाड़ रा उमरावां री वारता

पृ० १३६ गीत ९८ कुसलसिंघ चांपावत आऊवा—मारवाड़ के पाली भूभाग के आउवा ठिकाने का ठाकुर कुशलसिंह चांपावत राठौड़। कुशलसिंह महाराजा अभयसिंह के प्रसिद्ध सरदारों में था। उसने अहमदाबाद में नबाब सर बुलंदखां के साथ लड़े गए अभयसिंह के युद्ध में भाग लिया था। उसके पितामह ठाकुर तेजसिंह ने महाराजा अजितसिंह के बाल्यकाल के युद्धों में अनेक स्थानों पर शाही सेना को परास्त कर अजितसिंह की मदद की थी। महाराजा रामसिंह के समय में रामसिंह की दुर्बुद्धि के कारण वह असन्तुष्ट होकर नागौर के राजाधिराज बख्तसिंह के पास चला गया और महाराजा रामसिंह और राजाधिराज बख्तसिंह के मध्य हुए मेड़ता के युद्ध में वह राजाधिराज बख्तसिंह के पक्ष का नेतृत्व करते हुए ठाकुर शेरसिंह के भाले के प्रहार से घायल होकर मारा गया था। वह युद्ध १८०७ वि० में लड़ा गया था।

मारवाड़ का इतिहास रेउ प्र. भा. पृ. ३६३, मारवाड़ रा उमरावां री वारता, अजीतविलास।

पृ० १३७ गीत ९९ हीरा मांगलिया—क्षत्रियों की मांगलिया शाखा के आनंदसिंह का पुत्र हीरासिंह। वह किस ठिकाने अथवा सरदार की सेना में था इसका कोई प्रमाण नहीं मिला। हीरा पर 'जंगलदल' के आक्रमण करने का गीत में वर्णन है। राजस्थान में जंगल अथवा जांगळू बीकानेर भूभाग का प्राचीन नाम है। इसलिए सम्भवतया हीरा ने बीकानेर के शासकों के साथ की किसी लड़ाई में जूझते हुए वीरगति प्राप्त की होगी।

पृ० १३८ गीत १०० राजा फतैसिंघ खीची—चौहान क्षत्रियों की खीची शाखा के

राजा गजसिंह का पुत्र राजा फतहसिंह खीची। वह नृसिंहगढ राज्य का शासक था। फतहसिंह ने मरहठों के नृसिंहगढ पर आक्रमण करने पर उसने युद्ध किया था। खीचियों के इतिहास खीची 'इतिहास संग्रह' (कुंवर माधोसिंह खीची कृत) में इस युद्ध की कोई जानकारी नहीं दी गई है कि यह कब और किस मरहठे सेनानायक से लड़ा गया था।

पृ० १३९ गीत १०१ धीरतसिंघ खीचीं—लालसिंह खीची का पुत्र धीरतसिंह खीची। धीरतसिंह ने शत्रुओं के आक्रमण करने पर अपने साथियों के रण त्याग कर भागने पर भी उनसे लोहा बजाया। वह खीची धारू का वंशधर था। किन्तु खीचियों की ख्यात तथा इतिहास में धीरतसिंह के स्थान, युद्ध स्थान एवं विपक्षियों आदि के सम्बन्ध में कोई संकेत नही मिला।

पृ० १४१ गीत १०१ बखतसिंघ करणोत राठौड़—राठौड़ों की करणोत शाखा का योद्धा बख्तसिंह। वह राठौड़ दुर्गादास के वंशज अभयकरण के वेटे केशरीसिंह का पुत्र था। गीतनायक ने गीत में वर्णित वीरता किस स्थान के युद्ध में दिखाई थी कोई प्रमाण नहीं मिला। संभवतः वह जयपुर के नटवाड़ा तथा स्योड़ा ठिकाना वालों के पूर्वजों में था। गीतकार वीरभान रतनू 'राजरूपक' ऐतिहासिक काव्य का रचयिता है। अतः गीतनायक राजाधिराज बख्तसिंह नागौर का समसामयिक हो सकता है।

पृ० १४२ गीत १०३ चांपावत ठाकुर कुसलसिंघ मेड़तिया सेरसिंघ—आऊवा का ठाकुर कुशलसिंह चांपावत और रियाँ का ठाकुर शेरसिंह मेड़तिया। ये दोनों वीर मेड़ता के युद्ध में एक दूसरे के प्रहार से मारे गए थे। पहले पृ० १३५ गीत ९७ की टिप्पणी देखो।

पृ० १४४ गीत १०४ सेरसिंघ मेड़तिया रियां—रियां ठिकाने का ठाकुर शेरसिंह मेड़तिया। वह मेड़तियों की माधोदासोत उपशाखा में था। शेरसिंह महाराजा रामसिंह जोधपुर की ओर से मेड़ता के युद्ध में राजाधिराज बख्तसिंह नागौर के पक्षधर ठाकुर कुशलसिंह चांपावत को मार कर मारा गया था।

—पहिले पृ० १३५ गीत ९७ का टिप्पण देखो

पृ० १४५ गीत १०५ पृ० १४६ गीत १०६ पातसाह अकबर साह—मुगल सम्राट् जलालुद्दीन अकबर। गीतकार, बादशाह अकबर का समकालीन चारण दुरसा आढा है। दुरसा आढा ने महाराणा प्रतापसिंह मेवाड़, महाराजा मानसिंह आमेर, महाराना अमरसिंह उदयपुर आदि पर गीत लिखे थे। गीत में अकबर की युद्ध-विजयों एवं प्रताप का वर्णन किया है।

पृ० १४७ गीत १०७ मानसिंघ सकतावत—महाराना उदयसिंह मेवाड़ के पुत्र शक्तिसिंह का पोत्र तथा भाणा का पुत्र मानसिंह शक्तावत सीसोदिया। वह महाराना अमरसिंह के पुत्र शाही मनसबदार राजा भीमसिंह सीसोदिया का घनिष्ठ मित्र तथा सजातीय योद्धा था। बादशाह जहांगीर के विरुद्ध उसके पुत्र शाहजादे खुर्रम ने जब बगावत की तो उसको दंड देने के लिए शाहजादे पर्वेज, मिर्जा राजा जयसिंह कछवाहा, राजा गजसिंह राठौड़ प्रभृति सेनानायकों के नेतृत्व में एक सेना भेजी गई थी। उस सेना के साथ हाजीपुर पट्टन में सं० १६७१ में घमासान युद्ध हुआ। उस युद्ध के विरोधी पक्ष का नेतृत्व राजा भीमसिंह ने

सम्हाला था। युद्ध से पूर्व जौनपुर के मुकाम पर राजा भीमसिंह ने अपने सामंतों को युद्धार्थ कवच तथा घोड़े दिए तब एक जिरहबख्तर मानसिंह के लिए रक्खा तब उसके उपस्थित सरदारों ने कहा-वह तो यहां से बहुत दूर मेवाड़ में बैठा है, उसके आने का क्या भरोसा है। तब राजा भीमसिंह ने कहा कि वह मेरा मित्र है और युद्ध का ऐसा शुभ अवसर वह कभी नहीं छोड़ेगा। अन्ततोगत्वा वह मेवाड़ से प्रस्थान कर युद्धस्थल पर उपयुक्त समय पर पहुंचा और उसके लिए रखी हुई जिरह धारण कर भीमसिंह के साथ अपूर्व शौर्य प्रदर्शित कर जूझ मरा।

—वीर विनोद द्वि० भाग पृ० २८५-२८६

पृ० १४८ गीत १०८ राव सिवसिंघ सेखावत सीकर—शेखावाटी में शेखावतों के सीकर राज्य का स्वामी शिवसिंह शेखावत। वह राव दौलतसिंह का पुत्र था। जयपुर-नरेश महाराजा सवाई जयसिंह की ओर से उसने अनेक युद्धों में भाग लेकर वीरता दिखाई। इसने कायमखांनियों से फतहपुर छीन कर अपने राज्य में मिलाया। विशेष देखें पृ० १२७ गीत ९० की टिप्पणी।

पृ० १४९ गीत १०९ अमरसिंघ सलेदीसिंघोत—शेखावाटी में उदयपुर के शासक भोजराज शेखावत के वंशज ठाकुर शार्दूलसिंह का छोटा भाई सल्हदीसिंह था। सल्हदीसिंह के वंशजों में गीतनायक अमरसिंह हुआ। अमरसिंह के अधिकार में हरियाना प्रांत का १२ ग्रामों का बहल नामक ठिकाना था। अमरसिंह ने बादशाही सेनानायक नवाब नजबकुलीखां से युद्ध लड़ा था। यह युद्ध विक्रमी सं० १८३५ के आसपास लड़ा गया था। गीतनायक के संबंध में अन्य वृत्तांत प्राप्त नही होता।

पृ० १५० गीत ११० स्यामसिंघ सेखावत बिसाऊ—शेखावाटी के बिसाऊ ठिकाने का ठाकुर श्यामसिंह शेखावत। वह ठाकुर सूरजमल का पुत्र था। सूरजमल तुंगा के युद्ध में जयपुर की ओर से लड़ते हुए सं० १७८८ ई० में मारा गया था। श्यामसिंह की प्रारम्भ में जयपुर राज्य से काफी समय तक अनबन रही। किन्तु फिर महाराजा सवाई जयसिंह तृतीय के शासनकाल में वह जयपुर का पक्षधर बन गया। उसने अपनी सेना को यूरोपियन ढंग से शिक्षित किया था। वह अंग्रेजों का प्रबल विरोधी रहा।

—राजपूताने का इतिहास गहलोत तृतीय भाग पृ० १९६

पृ० १५१ गीत १११ डूंगरसिंघ जंवारसिंघ सेखावत—शेखावाटी के सीकर राज्य के ठिकाने पाटोदा का ठाकुर जवाहरसिंह शेखावत और उसका काका डूंगरसिंह शेखावत। ठाकुर जवाहरसिंह राव शिवसिंह के पुत्र राजकुमार कीर्तिसिंह के पौत्र दलेलसिंह का पुत्र था। सीकर राज्य से इनकी भूमि के मामले को लेकर अनबन हो गई थी। अंग्रेजी सरकार ने सीकर का पक्ष लिया तब ये विद्रोही बन गए और धनाढ्य सेठों तथा राजकीय कोषों को लूट कर गरीबों को बांट देते थे। इन्होंने सीकर के रामगढ नगर को घेर कर वहाँ के सेठ गुरुसहायमल से बीस हजार की राशि प्राप्त कर घेरा उठाया। तब अंग्रेज सरकार ने मेजर फारेस्टर के अधिनायकत्व में 'शेखावाटी ब्रिगेड' नामक एक सेना का गठन कर शेखावाटी तथा चूरू आदि पड़ोसी इलाकों में नियुक्त की। इस पर ठाकुर जवाहरसिंह,

डूंगरसिंह और ठाकुर भोपालसिंह ने एक जबरदस्त सैनिक संगठन गठित किया। इनकी देखा-देखी खीरोड़, मोहनवाड़ी, खडब तथा देवता ग्रामों के सल्हदीसिंहोत शेखावतों का भी ठाकुर सम्पतसिंह के मार्ग-दर्शन में एक दल तैयार हुआ। डूंगरसिंह जवाहरसिंह ने मेजर फारेस्टर के शिविर पर धावा मार कर उसके ऊंट तथा घोड़े छीन लिए। इससे मेजर फारेस्टर की बड़ी अपकीर्त्ति हुई तब उसकी सहायता के लिए नसीराबाद से कर्नल खां के सेनानायकत्व में सेना भेजी गई। सीकर के सिंहरावट दुर्ग पर जवाहरसिंह ने मुकन्दसिंह, हुक्मसिंह खवास-वालों का सहयोग प्राप्त कर एक माह तक लड़ता रहा। फिर किला खाली कर अंग्रेज शासित अजमेर मेरवाड़ा के ग्रामों पर छापे मार कर लूटने लगे। दैववशात् एक दिन डूंगरसिंह अजमेर के समीपस्थ झड़वासा ग्राम के गौड़ क्षत्रियों के वहाँ ठहरे हुए थे। गौड़ों ने अंग्रेजों से मिल कर छलपूर्वक डूंगरसिंह को शराब पिला कर सं० १८४५ ई० में पकड़वा दिया। अंग्रेज सरकार ने डूंगरसिंह को बंदी बना कर आगरा के किले में भेज दिया। तब ठाकुर जवाहरसिंह ने भोपालसिंह, मानसिंह लाडखानी, बरड़वा चिमनसिंह खवासवाल, लोटिया जाट और करणिया मीणा को साथ लेकर सं० १९०३ वि० के शीतकाल में आगरा दुर्ग पर आक्रमण कर अनेक बंदियों सहित डूंगरसिंह को निकाल कर ले गए। और डूंगरसिंह को गिरफ्तार करने का बदला लेने के लिए नसीराबाद की सैनिक छावनी पर आक्रमण कर वहाँ के कोष से ५२ हजार रुपए तथा युद्ध-सामग्री लूट ली। तब कर्नल खां, मेजर फारेस्टर सीकर की सेना, जोधपुर की सेना और बीकानेर की सेना ने इनका पीछा किया। बीकानेर राज्य के घड़सीसर ग्राम में दोनों पक्षों में भयानक मुकाबला हुआ। तदनन्तर ठाकुर जवाहरसिंह सेना के घेरे को चीर कर निकल गया और बीकानेर महाराजा रतनसिंह के पास चला गया और फिर जीवनपर्यन्त बीकानेर नरेश के पास ही रहा। डूंगरसिंह जैसल-मेर के इलाके में जा घुसा। अंग्रेजों तथा जोधपुर की सेना ने पीछा करते हुए जैसलमेर राज्य के गिरादड़े ग्राम में डूंगरसिंह को घेर लिया। वहां दिन भर बंदूकों की लड़ाई होती रही। अन्त में लेड़ी तथा नीम्बी के ठाकुरों के समझाने पर डूंगरसिंह ने जोधपुर की सेना के सामने सं० १९०४ वि० को ससम्मान आत्मसमर्पण कर दिया। डूंगरसिंह महाराजा तख्तसिंह जोधपुर की निगरानी में जोधपुर में ही मरा।

—सीकर का इतिहास पृ. १२०, रायसल जस सरोज, संयुक्त राजस्थान,
अगस्त १९५७ का अंक पृ० २२-२८, डूंगजी जंवारजी री पड़

पृ० १५३ गीत ११२ डूंगरसिंघ जंवारसिंघ सेखावत—सीकर राज्य के भाइयों के ठिकाने पाटोदा का ठाकुर जवाहरसिंह और उसका काका ठाकुर डूंगरसिंह। इन काका भतीजों ने अंग्रेजों का विरोध कर नसीराबाद की छावनी पर आक्रमण कर सरकारी खजाना तथा सैनिक सामान लूट लिया था। गीतों में जवाहरसिंह, डूंगरसिंह और भोपाल-सिंह के अंग्रेजों से लड़ने का समकालीन कवि शंकरदान सामोर ने वर्णन किया है।

पृ० १५४ गीत ११३ विसनसिंघ राठौड़—मेड़तियों के गूलर ठिकाने का ठाकुर विशन-सिंह मेड़तिया। वह ठाकुर बख्तावरसिंह का पुत्र था। विशनसिंह ने १८५७ के स्वातंत्र्य युद्ध में अंग्रेजों का सशस्त्र विरोध किया था। महाराजा तख्तसिंह ने सं० १९१४ वि० में गूलर पर सेना भेज कर वहाँ पर अपना अधिकार कर लिया। तब ठाकुर विशनसिंह ने नागौर

परगने के रोल ग्राम पर आक्रमण कर लूट लिया। और ठाकुर कुशालसिंह आऊवा के पास जाकर विद्रोह का नेतृत्व किया। जब अंग्रेजों ने पीछा किया तब वह बीकानेर की ओर चला गया।

—मारवाड़ के ठिकानेदारों की वंशावली

पृ० १५५ गीत ११४ ठाकर रूपसिंघ राठौड़—रूपसिंह मारवाड़ के नागौर प्रांत के कर्मसोत राठौड़ के खींवसर ठिकाने के भाई बेटों में था। वह नाहरसिंह का पुत्र और अक्षयसिंह का वंशधर था। गीतनायक ने ढूंढाड़ (जयपुर) के विरुद्ध किस स्थान पर लड़ कर वीरगति प्राप्त की ख्यातों आदि में कोई पुष्ट प्रमाण नहीं मिला।

पृ० १५७ गीत ११५ महाराजा भीमसिंघ राठौड़—जोधपुर के महाराजा विजयसिंह के द्वितीय पुत्र भोमसिंह के पुत्र और महाराजा विजयसिंह के उत्ताराधिकारी महाराजा भीमसिंह जोधपुर। भीमसिंह वि० सं० १८५० की आषाढ सुदि १२ को जोधपुर के सिंहासन पर बैठे। इनके चाचा जालिमसिंह, चचेरे भाई मानसिंह और महाराजा भीमसिंह के राज्य के लिए परस्पर लड़ाइयां होती रहीं। मानसिंह ने जालोर पर अधिकार कर और पाली कस्बे को लूट कर अराजकता फैलाई तब जालोर को घेर कर मानसिंह को तंग किया। महाराजा ने सं० १८५९ में मरहठों से सांभर तथा परबतसर के परगने छुड़वा कर अपना अधिकार स्थापित किया। सं० १८६० कार्तिक सुदि ४ को इनका देहांत हो गया। गीतों में इनके हाथियों की लड़ाई का वर्णन है।

—मारवाड़ का इतिहास रेउ प्र. भा. पृ० ३९६-३९९

पृ० १५८ गीत ११६ ठाकुर सादूळसिंघ सेखावत झुंझुनूं—शेखावाटी के झुंझुनूं राज्य का स्वामी ठाकुर शार्दूलसिंह भोजराजोत शेखावत। वह ठाकुर जगरामसिंह का पुत्र था। उसने वि० सं० १७८७ में कायमखांनी नवाब रुहेलाखां से झुंझनूं छीन लिया। तदनन्तर बड़वासी के नवाब मानुल्लाखां कायमखांनी का दमन कर उससे बड़वासी छीन ली। शार्दूलसिंह ने अपने शेखावत बंधु राव शिवसिंह सीकर, ठाकुर गुमानीसिंह लाडखांनी रामगढ़ (खाचरियावास वालों के पूर्वज) ठाकुर रूपसिंह खूड़ तथा ठा० सल्हदीसिंह खीरोड़ का सहयोग प्राप्त कर नरहड़, सुल्ताना आदि कायमखांनियों के ठिकानों पर भी अधिकार कर लिया। बारवा के अपने चचेरे भाई सुखसिंह के वैर-शोधन में शार्दूलसिंह ने शेखावाटी में कायमखांनियों की सत्ता को सदैव के लिए दबा कर अस्तित्वहीन बना दिया। शार्दूलसिंह ने महाराजा सवाई जयसिंह और राजाधिराज बख्तसिंह नागौर के मध्य अजमेर के गगवाना स्थान के युद्ध में जयपुर का पक्ष लेकर भाग लिया था। फतहपुर पर राव शिवसिंह का अधिकार करवाने में भी उसने पूर्ण सहयोग दिया था।

—खेतड़ी का इतिहास पृ० ३५-४२, शे वाटी प्रकाश
दशम अध्याय पृ० १२

पृ० १५९ गीत ११७ राजाधिराज बखतसिंघ नागौर—मारवाड़ के नागौर प्रांत का स्वतंत्र शासक राजाधिराज बख्तसिंह राठौड़। वह जोधपुर के महाराजा अजितसिंह का द्वितीय पुत्र था। बख्तसिंह बड़ा साहसी, महान् योद्धा, नीतिज्ञ, न्यायप्रिय और विद्वान्

शासक था। उसने अपने ज्येष्ठ बंधु महाराजा अभयसिंह के साथ अहमदाबाद के युद्ध में भाग लिया था। गगवाना (अजमेर के पास का एक ग्राम) के युद्ध में उसने जयपुर के प्रतापी महाराजा सवाई जयसिंह से जबरदस्त मुकाबिला किया था। तब महाराजा सवाई जयसिंह की सेना में महाराजा सांवतसिंह किशनगढ, राजा उम्मेदसिंह शाहपुरा, राजा सूरजमल जाट भरतपुर, राव शिवसिंह सीकर, राजा गोपालसिंह करौली, ठाकुर शार्दूलसिंह झूंझनूं, राजा इन्द्रसिंह गौड़ शिवपुर और रामपुरा का राजा आदि २२ शासक योद्धा मय अपनी अपनी सेना के साथ थे। बख्तसिंह ने अपनी नागौर की पांच हजार सेना से जयपुर की विशाल सेना पर आक्रमण कर महाराजा सवाई जयसिंह को विस्मित कर दिया था। युद्ध में उसके पास केवल ६० सैनिक शेष बचे थे, जिन्हें लेकर वह नागौर चला गया। महाराजा अभयसिंह की मृत्यु के बाद उसने अपने भतीजे महाराजा रामसिंह से अनवरत एक वर्ष युद्ध लड़ कर जोधपुर छीन लिया। वह राजस्थान में मरहठा आक्रांताओं की सैनिक लूट-खसोट को समाप्त करने के लिए राजस्थानी शासकों का एक सैनिक संगठन बनाना चाहता था। किन्तु उसी प्रयत्नकाल में सं० १८०९ वि० में सींघोली स्थान पर कालकवलित हो गया।

—मारवाड़ का इतिहास रेउ प्र. भाग पृ. ३६८
अजीतविलास

पृ० १६० गीत ११८ महाराजा अभैसिंघ राठौड़—जोधपुर के महाराजा अजितसिंह का ज्येष्ठ पुत्र और उत्तराधिकारी महाराजा अभयसिंह राठौड़। वह राजकुमार अवस्था में बादशाह फर्रुखसियर और मुहम्मदशाह से कई बार सम्मानित हुआ। मुहम्मदशाह ने सं० १७८७ में अभयसिंह को गुजरात का राज्यपाल नियत किया। किन्तु तब वहां के राज्यपाल नवाब सर बुलंदखां ने अभयसिंह के पक्ष में वह पद नहीं छोड़ा और लड़ने के लिए उद्यत हो गया। अभयसिंह अपने भाई राजाधिराज बख्तसिंह नागौर और मारवाड़ की राठौड़-वाहिनी को लेकर अहमदाबाद पहुँचा। दोनों पक्षों में दो दिन तक घमासान युद्ध हुआ। अन्त में सरबुलंदखां पस्त हिम्मत होकर गुजरात से निकल कर प्रतापगढ़ के महारावत प्रतापसिंह सीसोदिया के पास कुछ दिन रह कर आगरा चला गया।

महाराजा अभयसिंह के अहमदाबाद के इस युद्ध पर कविया करणीदान ने सूरजप्रकास और बिड़दसिणगार, वीरभान रतनू ने राजरूपक, बखता खिड़िया ने अहमदाबाद रा जुद्ध रा कवित्त आदि काव्य ग्रंथ लिखे हैं। गीत में अहमदाबाद के युद्ध का वर्णन है।

—अजीतविलास मारवाड़ का इतिहास रेउ प्र. भाग पृ० ३३८-३४०

—राजस्थानी वातां भा. ७ पृ.

पृ० १६१ गीत ११९ ठाकुर शिवनाथसिंह मेड़तिया—सूरजमल का पुत्र ठाकुर शिवनाथसिंह मेड़तिया। वह मेड़तियों की रघुनाथसिंहोत शाखा का व्यक्ति था। मारवाड़ में मेड़तियों के अधिकार में मारोठ प्रांत था। शिवनाथसिंह महाराजा सवाई जगतसिंह जयपुर का समकालीन था। किन्तु प्राप्त आधार स्रोतों से शिवनाथसिंह के ठिकाने आदि की जानकारी नहीं मिली। रघुनाथसिंहोत मेड़तियों के मींडा, कुचामन, मीठड़ी, पांचवा, पांचोत

नीमोद आदि प्रमुख ठिकाने थे।

—ठिकाना कुचामन की ख्यात

पृ० १६३ गीत १२० महाराजा अभयसिंघ राठौड़—बादशाह औरंगजेब के प्रबल विरोधी महाराजा जसवंतसिंह राठौड़ का पौत्र और महाराजा अजितसिंह का जेष्ठ पुत्र महाराजा अभयसिंह राठौड़। अभयसिंह को बादशाह मुहम्मदशाह ने सं० १७८७ वि० में गुजरात का राज्यपाल बना कर वहां के विद्रोही राज्यपाल नबाव सरबुलंदखां के विरुद्ध भेजा था। अभयसिंह ने अपने छोटे भाई राजाधिराज बख्तसिंह नागौर और मारवाड़ के जागीरदार सामंतों की प्रबल सेना लेकर सरबुलंदखां पर आक्रमण कर उसे समझौता करने के लिए विवश कर दिया था। तदनुपरांत वह अहमदाबाद छोड़ कर चला गया।

—कूंपावतों का इतिहास पृ. ३८२-३८५

पृ० १६५ गीत १२१ कचरा जसराजोत सलखावत—मारवाड़ के राव तीड़ा के छोटे पुत्र राव सलखा राठौड़ का वंशज कचरा। राव सलखा ने महेवे का कुछ भाग मुसलमानों से छीन कर भिरड़ कोट में अपनी राजधानी स्थापित कर राज्य किया। सलखा के वंश में अखा (अक्षयराज) हुआ। उसका पुत्र जसराज और जसराज का पुत्र गीतनायक कचरा राठौड़ था। कचरा ने मुसलमानों की सेना का संहार कर युद्ध में वीरगति प्राप्त की। किन्तु गीत से यह स्पष्ट नहीं होता कि उसने किस स्थान पर वह युद्ध लड़ा था।

—मारवाड़ का इतिहास रेउ प्र. भा. पृ० ५३

पृ० १६६ गीत १२२ राजा राजसिंघ गौड़—राजगढ (अजमेर मेरवाड़ा) ठिकाने का शासक राजा राजसिंह गौड़। वह राजा विट्ठलदास गौड़ के द्वितीय पुत्र अर्जुन गौड़ का जेष्ठ पुत्र तथा उत्तराधिकारी था। महाराजा जसवंतसिंह के देहावसान पर जब औरंगजेब ने मारवाड़ पर कब्जा कर लिया तब राठौड़ दुर्गादास वगैरह ने औरंगजेब के विरुद्ध जबरदस्त विद्रोह किया था। उस समय दुर्गादास ने राजगढ़ पर आक्रमण कर वहां से द्रव्य लूटा था। गीत में राजसिंह की वीरता का वर्णन हुआ है।

—विन्हैरासो (गौड़ों की वंशावली) पृ० २१८
राजा गोपालदास गौड़ री वारता

पृ० १६७ गीत १२३ जगनाथ कल्याणदासोत राठौड़—कल्याणदास राठौड़ का पुत्र जगन्नाथ राठौड़। जगन्नाथ ने जोधपुर नरेश के पक्ष में रह कर मंडोर में शाही अधिकारी सैयद की सेना से युद्ध लड़ा था। उसने भाटी क्षत्रियों के विरुद्ध भी एक युद्ध में भाग लिया था। वह मोटा राजा उदयसिंह के पुत्र नरहरदास के छोटे पुत्र कल्याणदास का पुत्र था। उसके ठिकाने आदि की जानकारी नहीं मिली।

—बांकीदास पृ० २४-२५

पृ० १६८ गीत १२४ ईसरदास वीरमदेवोत राठौड़—मेड़ता के राव वीरमदेव का छोटा पुत्र और राव जयमल का भाई ईश्वरदास राठौड़। ईश्वरदास ने महाराना उदयसिंह और बादशाह अकबर के सं० १६२४ वि० के चित्तौड़ के युद्ध में अपने बड़े भाई राव जयमल के साथ रह कर महाराना उदयसिंह के पक्ष में चित्तौड़ दुर्ग की रक्षा करते हुए वीरगति प्राप्त की थी। गीत में ईश्वरदास द्वारा चित्तौड़ पर अकबर से लड़ कर मारे जाने का वर्णन है।

पृ० १६६ गीत १२५ राजसिंघ विसनदासोत राठौड़—बिशनदास का पुत्र राजसिंह [illegible] राठौड़। राजसिंह ने सम्भवतः महाराजा अजीतसिंह के बाल्यकाल के 'विखे' में राठौड़ दुर्गादास आदि के साथ दक्षिण के किसी युद्ध में भाग लिया था। वह उस युद्ध में घायल होकर बच गया था। मारवाड़ के इतिहास में उसके विषय में कहीं कोई वृत्तांत नहीं मिला। मारवाड़ में विशनदासोत राठौड़ों का प्रमुख ठिकाना बोरूंदा था। किन्तु वह बोरूंदा वालों में था अथवा कोई भिन्न कहा नहीं जा सकता।

पृ० १७० गीत १२६ भगवानदास उदावत राठौड़—जोधपुर के मोटे राजा उदयसिंह का तृतीय पुत्र भगवानदास राठौड़। भगवानदास बुन्देलों के हाथ से मारा गया था। उसका वैर शोधन करने के लिए राठौड़ गोयंददास, राठौड़ राघोदास तथा नरहरदास आदि ने मिल कर राव दलपत बुंदेला को संवत १६६७ के पौष मास में मारा था।

—बांकीदास पृ० २३, २४, २५

पृ० १७१ गीत १२७ राजा मानसिंघ भगवंतदासोत कछवाहा—आमेर के राजा भगवन्तदास का पुत्र मिर्जा राजा मानसिंह कछवाहा वह सं० १६१६ वि० में अपने पिता के साथ [illegible] बादशाह अकबर के दरबार में आगरा गया तदनुपरान्त सन् १५७२ ई० में बादशाह की ओर से शेरखां फौलादी को दण्डित करने के लिए भेजा गया। सरनाल तथा गुजरात के युद्धों में योग दिया। सन् १५७५ ई० में डूंगरपुर आदि के राजाओं से इन्होंने शाही अधीनता स्वीकार कराई। महाराना प्रतापसिंह के विरुद्ध की मेवाड़ की चढ़ाइयों तथा हल्दीघाट के प्रसिद्ध युद्ध का मानसिंह ने राजा लूणकरण शेखावत, राजा खंगार तथा राजा [illegible] के साथ नेतृत्व ग्रहण कर प्रतापसिंह को पराजित किया। बिहार, बंगाल, काबुल और आसाम प्रान्त को विजित कर शाही अधीनता में लिया। वह बादशाह अकबर के हिन्दू [illegible] में प्रमुख था। बादशाह शाहजहाँ के शासनकाल में उसका ऐसा वैभव था कि जिसकी बराबर कोई समकालीन शासक नहीं कर सकता था। उस के भाट (राव कवि) [illegible] सौ हाथी थे। राजा मानसिंह सात हजारी जात मनसबदार था। यह मनसब उसके पूर्व किसी भी हिन्दू तथा मुसलमान शासक को नहीं मिला था। गीत में राजा मानसिंह द्वारा अकबर के राज्य को बढ़ाने का वर्णन है।

—मुगल दरबार भाग १ पृ० २६१–३०१

पृ० १७२ गीत १२८ वांकीदास करमसिंघोत राठौड़—जोधपुर के राव जोधा के नवें पुत्र [illegible] ठाकुर। वांकीदास करमसिंहोत राठौड़ वह मोहनसिंह का पुत्र था। वांकीदास [illegible] १७७८ वि० में जयपुर के [illegible] नरेश सवाई जयसिंह के विरुद्ध [illegible] स्थान के [illegible] की ओर से भाग लिया था। वह [illegible] के पांच हजार [illegible] में था। [illegible] ठिकाने आदि की [illegible] करमसिंहोतों (करमसोतों) के [illegible] था।

[illegible]

सवाई जयसिंह जयपुर और राजाधिराज बख्तसिंह के मध्य गगवाना स्थान के युद्ध में जैतसिंह राजाधिराज बख्तसिंह की सेना में था। युद्ध की स्थिति बख्तसिंह के विरुद्ध होते देखकर वह भी उसके साथ युद्धस्थल से निकल कर नागौर चला गया। वह युद्ध सं० १७९८ में लड़ा गया था।

पृ० १७४ गीत १३० सिवदानसिंह सबळसिंघोत राठौड़—सबलसिंह का पुत्र तथा भारमल का वंशज शिवदानसिंह राठौड़। वह अजमेर के समीपस्थ गगवाना स्थान के युद्ध में राजाधिराज बख्तसिंह नागौर की सेना में था। वह युद्ध जयपुर के महाराजा सवाई जयसिंह से सं० १७९८ वि० में हुआ था। शिवदानसिंह युद्ध में घायल होकर जीवित बच रहा था।

पृ० १७५ गीत १३१ संगरामसिंघ ऊदावत राठौड़—सबलसिंह का पुत्र संग्रामसिंह राठौड़। वह नागौर के राजाधिराज बख्तसिंह का सामन्त था। राजाधिराज बख्तसिंह और महाराजा सवाई जयसिंह कछवाहा जयपुर के मध्य लड़े गए संवत १७९८ के गगवाना स्थान के युद्ध में नागौर की सेना में रह कर लड़ा था और युद्ध में घावों से पूरित होकर वीरगति को प्राप्त हुआ।

पृ० १७७ गीत १३२ रावत जसवंतसिंह चूंडावत देवगढ़—मेवाड़ के देवगढ़ ठिकाने के रावत संग्रामसिंह का पुत्र तथा उत्तराधिकारी रावत जसवंतसिंह चूंडावत। महाराना संग्रामसिंह द्वितीय ने जयपुर की गद्दी पर अपने भानजे महाराजा माधवसिंह प्रथम को बिठाने के लिए महाराजा ईश्वरीसिंह के विरुद्ध सेना भेजी, उसमें जसवंतसिंह को भी भेजा गया था। महाराना जगतसिंह और महाराजकुमार प्रतापसिंह मेवाड़ के आपसी विग्रह में वह महाराना का पक्षधर रहा। प्रतापसिंह द्वितीय के महाराना बनने पर उसने महाराज नाथसिंह के सहयोग से उसे अपदस्थ करना चाहा। महाराना अरिसिंह के समय में उसके प्रतिद्वन्द्वी रतनसिंह का पक्ष ग्रहण कर अरिसिंह को अधिकारच्युत करने का उद्योग करता रहा। सं० १८२४ वि० के उज्जैन में महादा सिंधिया से लड़े गए महाराना अरिसिंह की सेना के युद्ध में वह महाराना के विपक्ष में रहा और जयपुर से पन्द्रह हजार नगाओं की सेना भेज कर मेवाड़ की विजय को पराजय में परिवर्तित कर दिया।

जसवंतसिंह ने फ्रांसिसी समरू को मेवाड़ पर आक्रमण करने के लिए भेजा। वह आजीवन महाराना अरिसिंह के विपक्ष में रतनसिंह का सहयोगी बना रहा।

—राजपूताने का इतिहास ओझा चतुर्थ खण्ड पृ० १२००–१२०१.

पृ० १७८ गीत १३३ सेरसिंह बीका राठोड़—शिवसिंह (शिवदानसिंह) का पुत्र शेरसिंह। वह राठौड़ों की बीका शाखा का योद्धा था। उसके पितामह का नाम भीमसिंह था। शेरसिंह बीकानेर के बीका राठौड़ों के प्रमुख ठिकाने महाजन का ठाकुर था।

—बीकानेर राज्य का इतिहास ओझा द्वि भा. पृ. ६४५

पृ० १७९ गीत १३४ राजाधिराज बखतसिंघ नागौर—जोधपुर के महाराजा अजितसिंह का छोटा पुत्र और महाराजा अभयसिंह का अनुज राजाधिराज बख्तसिंह। वह नागौर का अधिपति था। महाराजा अभयसिंह के देहावसान के बाद वह अपने भतीजे रामसिंह से सं० १८०८ वि० में जोधपुर का राज्य छीन कर मारवाड़ का राजा बन बैठा। सं०

१८०६ में किशनगढ के सरहदी ग्राम सिंघोली में उसका देहांत हो गया।

—मारवाड़ का इतिहास रेउ प्र. भाग पृ० ३६६-३६६

पृ० १८० गीत १३५, १८१ गीत १३६ राजाधिराज बखतसिंघ नागौर—जोधपुर के महाराजा अजितसिंह का छोटा पुत्र राजाधिराज बख्तसिंह नागौर।

—पहिले पृ० १७६ गीत १३४ की टिप्पणी देखें

पृ० १८३ गीत १३७ ठाकर सेरसिंघ चौहाण संखवास—नागौर प्रांत के चौहानों के ठिकाने संखवास के ठाकुर शंभूदानसिंह का पुत्र शेरसिंह। वह महाराजा विजयसिंह और उनके पौत्र महाराजा भीमसिंह का समकालीन योद्धा था। महाराजा विजयसिंह ने अपने पौत्र भीमसिंह को वि० सं० १८५० वैशाख मास में पकड़वाने के लिए शेख पठान के नेतृत्व में बीस हजार सेना भेजी। उधर भीमसिंह के साथी शेरसिंह, ठा० सवाईसिंह पोकरण, ठा० जगरामसिंह कूंपावत, शिवचंद भंडारी आदि दो हजार सैनिक योद्धाओं ने झंवर स्थान पर सामना किया। दिन भर घमासान युद्ध हुआ। रात्रि को भीमसिंह को लेकर ठाकुर सवाई-सिंह जालौर की तरफ चला गया। तब महाराजा विजयसिंह ने युद्ध बंद करने की आज्ञा दी। महाराजकुमार भीमसिंह के पक्ष के योद्धाओं में सूरजमल मेड़तिया कुचामन, हरिसिंह कूंपावत चंडावल, दानसिंह सेवरिया और रूपसिंह नौखा आदि वीर मारे गए। शेरसिंह अपने भाई धीरसिंह सहित घायल हुआ था।

—कीरत प्रकास सांदू चैनकरण कृत, मारवाड़ का इतिहास
रेउ प्र. भा. ३६१-३६२, द्वि भा. पृ० ६७५

पृ० १८४ गीत १३८ कंवर सेरसिंघ संखवास—चौहानों के संखवास ठिकाने का कुं० शेरसिंह। वह ठाकुर शंभूदानसिंह का पुत्र था। उसने भंवर महाराजकुमार(पहले और बाद में) महाराजा भीमसिंह के पक्ष में सं० १८५० के झंवर स्थान के युद्ध, नागौर के हिलोड़ी स्थान के युद्ध और भीनमाल के युद्धों में वीरता दिखाई थी। शेरसिंह ने सं० १८४८ के मेड़ता के प्रसिद्ध युद्ध में भी महाराजा विजयसिंह की ओर से भाग लिया था। महाराजा भीमसिंह ने शेरसिंह को संखवास के अतिरिक्त बिलाड़े का कापरड़ा ग्राम प्रदान कर सम्मानित किया था।

—कीरतप्रकास

पृ० १८५ गीत १३९ कंवर धीरतसिंघ चौहाण संखवास—नागौर प्रदेश के चौहानों के संखवास ठिकाने के ठाकुर शिवदास का पुत्र कुंवर धीरतसिंह चौहान। इनके संखवास से पूर्व मारवाड़ का सांचोर प्रांत पट्टे में था। धीरतसिंह ने अपने चचेरे बड़े भाई शेरसिंह के साथ सं० १८५० के झंवर के युद्ध में महाराजकुमार भीमसिंह के पक्ष में महाराजा विजयसिंह की सेना से युद्ध लड़ा था। गीत में झंवर स्थान के युद्ध का वर्णन है।

— कीरत प्रकास, मारवाड़ का इतिहास रेउ प्र. भा. पृ० ३६१-३६२

पृ० १८६ गीत १४० ठाकर दूलहसिंघ अजीतसिंघोत—मेवाड़ के आसींद ठिकाने के ठा० अजितसिंह का पुत्र रावत दूलहसिंह चूंडावत। दूलहसिंह ने महाराणा की आज्ञा से मेवाड़ के प्रधान सोमदास गांधी के पुत्र शाह सतीदास को कैद किया। तदनन्तर दूलहसिंह को

महाराजकुमार अमरसिंह ने रावत की उपाधि और आसींद का ठिकाना प्रदान किया। वि० सं० १८७४ में महाराजकुमार अमरसिंह ने नवाब दिलेरखां के मेवाड़ पर आक्रमण करने पर जो युद्ध किया था उसमें दूलहसिंह मेवाड़ के पक्ष में लड़ा था। गीत में रावत दूलहसिंह की सिंह की शिकार का वर्णन है।

—राजपूताने का इतिहास ओझा चतुर्थ खण्ड पृ० १२३४-१२३५

पृ० १८६ गीत १४१ महाराव बुधसिंह हाडा—बूंदी के हाडा नरेश अनिरुद्धसिंह का पुत्र तथा उत्तराधिकारी महारावराजा बुधसिंह हाडा। औरंगजेब की मृत्यु के बाद उसके शाहजादे मुअज्जम और आजम के बीच राजसिंहासन के लिए धौलपुर के पास जाजव के मैदान में वि० सं० १७६४ में युद्ध हुआ। उस युद्ध में महारावराजा बुधसिंह मुअज्जम के पक्ष में लड़ा। आजम अपने पुत्र बेदारबख्श सहित युद्ध में मारा गया और मुअज्जम विजयी हुआ। उसने बुधसिंह का बड़ा सम्मान किया। बुधसिंह का पहला विवाह जयपुर नरेश सवाई जयसिंह की बहिन के साथ और दूसरा मेवाड़ के बेगू ठिकाने के रावत देवीसिंह के वहां हुआ था। बुधसिंह की कछवाही रानी से न बनने के कारण सवाई जयसिंह ने उससे बूंदी छीन कर करवाड़ के कुंवर दलेलसिंह को देदी। तब बुधसिंह विक्षिप्त चित्त हो अपने ससुराल बेगू चला गया। अन्त में बारह वर्ष बेगू में रहने के बाद बुधसिंह का बाघपुरा ग्राम में देहांत हो गया।

—राजपूताने का इतिहास ओझा पृ. १२०४, राजस्थानी वीरगीत संग्रह भाग १
टिप्पणी पृ० २६

पृ० १६० गीत १४१ राजाधिराज बखतसिंघ नागोर—जोधपुर के महाराजा अजितसिंह का छोटा पुत्र राजाधिराज बख्तसिंह नागोर। बख्तसिंह को उसके बड़े भाई महाराजा अभयसिंह ने राजाधिराज की उपाधि और नागौर का राज्य प्रदान किया था। बख्तसिंह वीर और साहसी योद्धा था।

—पहले टिप्पणी पृ० १७६ गीत १३४ देखें

पृ० १६३ गीत १४३ महाराजा राजसिंघ राठौड़—राजस्थान में राठौड़ों के किशनगढ राज्य का स्वामी महाराजा राजसिंह राठौड़। वह महाराजा रूपसिंह का पौत्र और महाराजा मानसिंह का पुत्र था। इसका जन्म सं० १७३१ में हुआ था। औरंगजेब की मृत्यु के पश्चात् दिल्ली की राजगद्दी के लिए जब उसके शाहजादों में युद्ध हुआ तब राजसिंह मुअज्जम के पक्ष में लड़ा था। मुअज्जम की मृत्यु के बाद जब उसके चारों बेटों में युद्ध हुआ वह शाहजादे अजीमुश्शान के पक्ष में लड़ा। किन्तु जब वह रावी नदी में डूब कर मर गया तब वह भी निराश होकर घर लौट गया। राजसिंह विद्वानों का आश्रयदाता और स्वयं उच्च श्रेणी का विद्वान् था। उसने बाहुविलास और रस पाय नामक व्रज भाषा में दो काव्य-ग्रंथ रचे थे। बाहुविलास में श्रीकृष्ण रुक्मणी के विवाह का वर्णन है। व्रज भाषा में जैसा वीर रस का वर्णन राजसिंह ने किया है वह अद्वितीय है। महाकवि वृन्द इनके आश्रित कवि थे। सं० १८०५ में स्वर्गवासी हुआ।

—राजस्थान का पिंगल साहित्य डॉ० मेनारिया पृ० १२७-१२६

पृ० १६४ ठाकर जोधसिंघ नाथावत चौमू—चौमू ठिकाने के ठाकुर मोहनसिंह का पुत्र

ठाकुर जोधसिंह नाथावत कछवाहा। वह महाराजा सवाई ईश्वरीसिंह जयपुर का सामन्त था। जोधसिंह ने मरहठों के विरुद्ध ईश्वरीसिंह की सहायता की थी। राजमहल, के युद्ध में उसने महाराजा ईश्वरीसिंह के पक्ष में भाग लिया था। सन् १ ५८ ई० में महाराजा माधवसिंह जोधसिंह को रणथंभोर के प्रसिद्ध दुर्ग का किलेदार नियत किया था। वह सन् १७५९ में अपने पुत्र रामसिंह सहित रणथंभोर दुर्ग की रक्षा करते हुए काकोड़ की रणभूमि में काम आया।

—राजपूताने का इतिहास गहलोत तृतीय भाग पृ० २०४

पृ० १९७ गीत १४५ महाराणी अतरंगदे कछवाही जोधपुर—जोधपुर के महाराजा जसवंतसिंह राठोड़ प्रथम की महारानी अतरंगदे। वह शेखावाटी के स्वतंत्र राज्य खण्डेला के राजा वैरीसिंह (वरसिंहदेव) की राजकुमारी थी। इनका वि० सं० १६९१ भाद्र पद वदि तृतीया को जन्म हुआ था और सं० १७०६ जेष्ठ शुक्ला ८ को महाराजा जसवंतसिंह के साथ खण्डेला में पाणिग्रहण हुआ था। महाराजा जसवंतसिंह के राजकुमार पृथ्वीसिंह का जन्म इन्हीं महारानी के उदर से हुआ था। पृथ्वीसिंह से छोटी राजकुमारी रतनकुंमारी थी। महारानी अतरंगदेवी का पीहर का नाम जहांनकुमारी था। जहांनकुमारी ने संवत् १७२० वि० में जोधपुर के पूर्व में जानसागर नामक तालाब का निर्माण करवा अपने पुत्र राजकुमार पृथ्वीसिंह सहित तुलादान कर ब्राह्मणों, चारणों, रावों और मंदिरों की भेंट में लाखों रुपये व्यय किये थे। तालाब की प्रतिष्ठा के अवसर पर महाराजा जसवंतसिंह, उनके सरदार और राजमाताओं तथा अन्य महारानियों को भी दावतें पहरावनी तथा भेंट तथा सीखें देकर सम्मानित की थी।

—अजीतविलास, ठिकाना दांता का प्राचीन रिकार्डस्

पृ० १९८ गीत १४६ रांणी अतरंगदे कछवाही—शेखावाटी के खण्डेला राज्य के शाही मनसबदार राजा वैरीसिंह शेखावत की राजकुमारी और महाराजा जसवंतसिंह राठोड़ प्रथम की महारानी अतरगदे कछवाही। पहिले पृ० १९७ गीत १४५ की टिप्पणी देखो।

पृ० १९९ गीत १४७ ठाकर सावंतसिंघ चत्रभुजोत बगरू—जयपुर के चत्रभुजोत शाखा के कछवाहों के बगरू ठिकाने के ठाकुर सूरसिंह द्वितीय का पुत्र तथा उत्तराधिकारी अधिराज सांवतसिंह द्वितीय। सांवतसिंह के पूर्वजों में पदमसिंह आगरा के पास के युद्ध में मारा गया था। [illegible] महाराजा माधवसिंह प्रथम के समय रणथंभोर के युद्ध में काम आया था। गीत में सावंतसिंह के पराक्रम का वर्णन किया गया है।

—राजपूताने का इतिहास गहलोत तृतीय भाग पृ० २०५

पृ० २०० गीत १४८ रघुनाथसिंघ मेड़तिया मारोठ—मारवाड़ के मारोठ परगना का [illegible] मेड़तिया राठोड़। वह मारवाड़ के राव जोधा के नवें पुत्र राव दूदा [illegible] ठाकुर [illegible] ग्राम के ठाकुर का द्वितीय पुत्र था। रघु-[illegible] (जयपुर राज्य) में [illegible] चत्रभुजोत कछवाहों के यहां [illegible] सं० १६८६ में दिल्ली गया और शाहजादा औरंग-[illegible] के युद्ध में [illegible]। उस बादशाह शाहजहां की वृद्धावस्था में

उसके शाहजादों में उत्तराधिकार के लिए सं० १७१५ वि० में उज्जैन (धर्मत) तथा धौलपुर (शामूगढ) के रणक्षेत्र में युद्ध हुए तब वह औरंगजेब के पक्ष में रह कर लड़ा। औरंगजेब ने बादशाह बनने के पश्चात् सं० १७१७ वि० में रघुनाथसिंह को ११२ ग्रामों से मारोठ का परगना बख्शा। रघुनाथसिंह ने अपने ननिहाल और ससुराल (भारीजा के लाडखानियों के वहां उसका एक विवाह हुआ था) वालों की मदद प्राप्त कर मारोठ के गौड़ों से अनवरत दो वर्ष तक लड़ कर सं० १७१९ वि० में मारोठ पर अपना अधिकार स्थापित किया। फलस्वरूप रघुनाथसिंह ने खोरंडी, हुड़ील, भीलाल, घाटवा आदि ग्राम अपने परगने में से लाडखानियों को और कतिपय ग्राम चत्रभुजोत, राजावतों को दिए थे जिनमें राजावतों के अधिकार में केवल चितावा में चतुर्थांश रहा। शेष उनके अधिकार से छिन गए।

वह बादशाह औरंगजेब का आजीवन कृपापात्र रहा और उसके साथ अनवरत युद्धों में लड़ता रहा। उसका जन्म सं० १६६७ तथा मृत्यु १७४० वि० सं० में हुई थी। वह जैसा वीर था वैसा ही उदार भी था। उसने ब्राह्मणों के अतिरिक्त अणदराम चारण को लालावास में तीन हजार बीघा भूमि, प्रयागदास अलुओत को जसराणा तथा कविराजा भैरवदास रतनू को जिलिया की बावनी में चारणदास ग्रामदान किया था।

—ठिकाना कुचामन की ख्यात, रघुनाथसिंह मेड़तिया री झमाल, राजस्थान पुरालेखा विभाग बीकानेर का रेकर्डस्

पृ० २०१ गीत १४९ रांणी जसवंतदे हाडी जोधपुर—जोधपुर के महाराजा जसवंतसिंह राठौड़ प्रथम की पट्टरानी और बूंदी के महाराव शत्रुशाल हाडा की राजकुमारी जसवंतदे हाडी। वह बड़ी वीर प्रकृति की नारी थी। महाराजा जसवंतसिंह के निधन के बाद शिशु महाराजा अजितसिंह की रक्षा के दिल्ली के युद्ध में उसने राठौड़ दुर्गादास आदि के साथ बड़ा शौर्य दिखाया था। उसके उक्त युद्ध की प्रशंसा में राठौड़ दुर्गादास-रचित वीरगीत 'लाडी जसवंत तणी लड़ै' बड़ा प्रसिद्ध है। महारानी जसवंतदे ने जोधपुर में अपने पति की कल्याण-कामना हेतु कल्याण सागर तालाब बनवाया था जिसे आजकल रातानाडा कहते हैं। कल्याण सागर के तैयार होने पर उसने सुवर्ण तुलादान कर याचकों तथा भिक्षुओं को दान देकर यश प्राप्त किया था।

कल्याण सागर के पास ही राईका बाग नामक उद्यान बनाया जो आजकल राईका बाग राजप्रासाद के नाम से प्रसिद्ध है।

—अजीत विलास, मारवाड़ का इतिहास रेउ प्र० भाग पृ० २४४

पृ० २०३ गीत १५० महाराव प्रतापसिंघ अलवर—अलवर राज्य के संस्थापक महाराव प्रतापसिंह। वह कछवाहों की नरूका शाखा के राव मोहब्बतसिंह मांचेड़ी के जागीरदार का पुत्र था। इसका जन्म ई० सन् १७४० की ३ मई को हुआ था। वह मांचेड़ी राजगढ का स्वामी था और जयपुर नरेश महाराजा सवाई माधवसिंह प्रथम की सेवा में रहा। माधवसिंह की आज्ञा से उनियारा पर आक्रमण किया। सन् १७५९ में जब मरहठों ने रणथंभोर के दुर्ग को घेर लिया तब वह जयपुर की सेना के साथ रह कर काकोड़ के युद्ध में लड़ा और

मरहठों को पराजित किया। महाराजा माधवसिंह के पक्ष में इसने मांवंड़ा मंडोली के युद्ध में राजा जवाहरमल्ल भरतपुर को हराने में पूर्ण सहयोग दिया था। तदनन्तर सन् १७८९ ई. में भरतपुर नरेश के विरुद्ध शाही सेनापति नजफखां की सहायता की। तदनन्तर २५ जून १७७५ ई० को अलवर दुर्ग पर अधिकार कर नरूका कछवाहों के नवीन राज्य की स्थापना की। सन् १७७८ ई० में वह नजफखां से लक्ष्मणगढ़ में लड़ा। वह महाराजा सवाई प्रतापसिंह जयपुर से वसवा स्थान पर लड़ा। इस प्रकार वह कभी भरतपुर, कभी नजफखां, कभी मरहठों और कभी जयपुर का पक्ष ग्रहण करता रहा। अन्त में २६ दिसम्बर १७९० में उसका देहांत हो गया। गीत में महाराजा माधवसिंह और महाराजा जवाहरमल्ल के बीच लड़े गए युद्ध का महाराजा माधवसिंह के राजकवि हुकमीचंद खिड़िया ने वर्णन किया है।

—राजपूताने का इतिहास गहलोत तृतीय भाग पृ. २५५-२६२, प्रतापरासो पृ. ७-२७

पृ० २०५ गीत १५१ राणी जसवंतदे हाडी जोधपुर—बूंदी के महाराव शत्रुशाल की राजकुमारी और महाराजा जसवंतसिंह राठौड़ जोधपुर की महारानी जसवंतदे हाडी। पहिले पृ. २०१ गीत १४६ की टिप्पणी देखो।

पृ० २०६ गीत १५२ ठाकर सूरसिघ चत्रभुजोत बगरू—जयपुर राज्य के बगरू ठिकाने का अधिराज ठाकुर शूरसिंह चत्रभुजोत कछवाहा। वह ठाकुर बाघसिंह का पुत्र था। यह महाराजा सवाई रामसिंह द्वितीय के शासनकाल में पंच मुसाहब तथा अपील-कोर्ट का जज रहा। गीत में उसके आतंक और प्रभाव का वर्णन किया गया है।

—राजपूताने का इतिहास गहलोत तृतीय भाग पृ० २०५.

परिशिष्ट २

गीतछंदानुक्रमणिका